www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.02 न्यू | 14.04 अधि |
| धर्मशाला | 8.02 न्यू | 22.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71356.60 |
| निफ्टी | 21517.30 |
| सोना | 63,344 |
| चांदी | 78,400 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | वीरवार, 4 जनवरी 2024 | 20 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 17 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए



शिमरी आउटफिट में किए डांस पर उर्वशी हो रही ट्रोल...पेज 16

## विंटर कार्निवाल मनाली दूसरा दिन

**95** महिला मंडलों ने की शिरकत | **1** हजार महिलाओं ने डाली **महानाटी** | **1** घंटे तक मालरोड पर थिरकीं महिलाएं | सैलानी भी खूब नाचे, हिमाचली संस्कृति के हुए दीवाने



मनाली में चल रहे विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन बुधवार को मालरोड पर वामतट के 95 महिला मंडलों की एक हजार महिलाओं ने सामूहिक रूप से महानाटी डाली। -संबंधित खबर पेज 8

# राम मंदिर परिसर में 13 और मंदिर बनाए जाएंगे

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में 70 एकड़ में बन रहे राम मंदिर परिसर में 13 और मंदिर बनाए जाएंगे। इनमें भगवान सूर्य, भगवान शिव, माता भगवती, गणपति, हनुमान जी के अलावा अन्नपूर्णा देवी के मंदिर होंगे। इन मंदिरों का निर्माण परकोटे का काम पूरा होने के बाद शुरू होगा।




परकोटे के बाहर सात अन्य मंदिर बनने हैं। इसमें ऋषि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, शबरी, निषाद राज और अहिल्या का मंदिर होगा। इन मंदिरों का निर्माण 2024 तक पूरा हो जाएगा। इधर, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए मुख्य यज्ञ मंडप बन कर तैयार हो गया है। मंदिर के महासिंहद्वार से पूरब दिशा में यज्ञमंडप बनाया गया है। श्रीराम जन्मभूमि के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के अनुसार, राम मंदिर परिसर में बन रहे भगवान राम के भव्य मंदिर के अलावा दूसरे चरण में 13 मंदिरों का निर्माण किया जाएगा।

**छह परकोटे के अंदर, सात बाहर होंगे, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए यज्ञ मंडप तैयार**

**6** अन्य भगवानों के मंदिर परकोटे के चारों ओर पंचायतन को परिभाषित करते हुए बनाए जाएंगे। इनका निर्माण अगले चरण में होगा।

**1** घंटे तक परिसर में रुके रहें श्रद्धालु। ऐसे डिजाइन होगा मंदिर, दूसरे फेज में जो मूर्तियां लगेंगी, उसको परिसर में ही बनाया जाएगा। पूर्व दिशा में मंदिर का प्रवेश द्वार और उत्तर दिशा में होगा निकास द्वार





**70** एकड़ के 30 प्रतिशत भाग पर मंदिर का निर्माण हो रहा।

**17** जनवरी को रामलला की नई मूर्ति आएगी सामने

**22** जनवरी को होने जा रहा रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह

**16** जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा के लिए जरूरी अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### ईरान में ब्लास्ट, 103 लोगों की मौत, 170 से अधिक जख्मी

**केरमन।** ईरान के केरमन शहर में दो ब्लास्ट होने से 103 लोगों की मौत हो गई, जबकि 170 घायल से अधिक लोग जख्मी हो गए। ये धमाके देश के पूर्व जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या की चौथी बरसी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनकी कब्र के पास हुए हैं। ईरान के उप गवर्नर ने इसे आतंकवादी हमला करार दिया है।

### अरिंदम संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि बनाए



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची को संयुक्त राष्ट्र में भारत का स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उनकी जगह रणधीर जैसवाल को मंत्रालय का प्रवक्ता बनाया गया है। जैसवाल इंडियन फॉरेन सर्विस के 1998 बैच के अधिकारी हैं।

### गोगामेड़ी हत्याकांडः एनआईए की 31 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रमुख सुखदेव गोगामेड़ी हत्या मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर, राजस्थान और हरियाणा के 31 जगहों पर छापेमारी की। हत्यारोपी रोहित और नितिन सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी की गई। राजस्थान में 10 और हरियाणा में 15 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की।

## टॉप स्टोरीज

काला धंधा गोरे लोगः चिट्टे की गिरफ्त में हिमाचल ...पेज 2

सिराज के आगे साउथ अफ्रीका ने टेके घुटने ...पेज 15

ब्रिटेन में पहली बार 16 साल की लड़की के साथ वर्चुअल गैंगरेप ...पेज 16

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634




ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

### सीपीएस नियुक्ति मामले में भाजपा के 11 विधायक और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई

# हाई कोर्ट का आदेश, मंत्रियों के काम और सुविधाएं छोड़ें सीपीएस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** हाई कोर्ट ने बुधवार को भाजपा विधायकों की सीपीएस नियुक्ति के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश दिए कि मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) न मंत्रियों के काम करेंगे और न ही मंत्रियों जैसी सुविधाएं ले पाएंगे।



भाजपा नेता सतपाल सत्ती समेत 11 विधायकों ने हाई कोर्ट में स्टे एप्लिकेशन डाली थी, जिसमें आग्रह किया था कि सीपीएस को मंत्रियों का काम करने से रोका जाए। इस पर हाई कोर्ट के जस्टिस संदीप शर्मा और जस्टिस विवेक ठाकुर की बैंच ने आदेश पारित किया है।

भाजपा विधायकों की ओर से हाई कोर्ट में केस की पैरवी कर रहे एडवोकेट सत्यपाल जैन ने बताया कि अब कोई भी सीपीएस मंत्रियों के काम नहीं कर पाएंगे। कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट में पिछले मंगलवार और बुधवार दो दिन से सीपीएस की नियुक्ति को असंवैधानिक बताने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। पूर्व एडवोकेट जनरल श्रवण डोगरा ने इस केस में सरकार की ओर से दलीलें दीं। अब 12 मार्च को मामले की सुनवाई होगी।

### इन्होंने दी है चुनौती

हिमाचल में सीपीएस की नियुक्ति को भाजपा के 11 विधायकों के अलावा पीपल फॉर रिस्पांसिबल गवर्नेंस संस्था और कल्पना नाम की एक महिला ने भी चुनौती दी है। इसमें सीपीएस की नियुक्ति को असंवैधानिक बताते हुए खारिज करने की मांग की गई है।

### प्रदेश में छह सीपीएस

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने रोहडू से विधायक मोहन लाल ब्राक्टा, अर्की से संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह ठाकुर, दून से राम कुमार, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल को सीपीएस नियुक्त किया है।

### 15 फीसदी से ज्यादा मंत्रियों की संख्या

**भारतीय** संविधान के अनुच्छेद-164 में किए गए संशोधन के मुताबिक, किसी भी प्रदेश में मंत्रियों की संख्या विधायकों की कुल संख्या का 15 फीसदी से अधिक नहीं हो सकती यानी प्रदेश में अधिकतम 12 मंत्री लगाए जा सकते हैं। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, प्रदेश में मंत्री और सीपीएस की संख्या में 15 फीसदी से अधिक हो गई है। याचिका में आरोप लगाया था कि सभी सीपीएस लाभ के पदों पर तैनात हैं, जिन्हें प्रतिमाह 2,20,000 रुपए बतौर वेतन और भत्ते के रूप में अदा किया जाता है। संस्था ने याचिका में यह आरोप लगाया है कि सीपीएस की नियुक्ति कानून के प्रावधान के विपरीत है। ये लोग मंत्रियों के बराबर वेतन व अन्य सुविधाएं ले रहे हैं।

### भाजपा हाई कोर्ट के फैसले से खुश, उम्मीद है सीएम तुरंत कार्रवाई करेंगे

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सीपीएस को नियमों के विपरीत जाकर नियुक्त करके उन्हें सुविधाएं दी थीं। भाजपा हाई कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि सीपीएस पिछले एक साल से प्रदेश में कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में आर्थिक संकट होने के बाद भी सरकार ने सीपीएस पर करोड़ों रुपए खर्च किए हैं, जो प्रदेश के विकास कार्यों में लगाए जा सकते थे। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री हाई कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए तत्काल कार्रवाई करेंगे। सरकार ने इस मामले को अटकाने, लटकाने और भटकाने का खूब प्रयास किया, लेकिन उनकी एक भी नहीं चल पाई।



# डीजीपी पद से कुंडू को हटाने के आदेश पर सुप्रीम रोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**दो सप्ताह के भीतर रिकॉल आवेदन का किया जाए निपटारा**

**हिमाचल** के पूर्व डीजीपी संजय कुंडू की याचिका पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कुंडू ने हाई कोर्ट की ओर से पद से हटाने के निर्देश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू को डीजीपी पद से नहीं हटाया जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कुंडू को 26 दिसंबर के आदेश को वापस लेने के लिए हाई कोर्ट में जाने की छूट दी। जब तक हाई कोर्ट की ओर से रिकॉल आवेदन का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक राज्य के पुलिस महानिदेशक के पद से कुंडू के स्थानांतरण के निर्देश पर रोक रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोई को दो सप्ताह के भीतर रिकॉल आवेदन का निपटारा करने को कहा।

कुंडू के वकील ने शीर्ष अदालत को बताया था कि मामला असाधारण था, क्योंकि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को उन्हें स्थानांतरित करने का निर्देश देने से पहले अधिकारी को नहीं सुना था। कुंडू को राज्य के आयुष विभाग में प्रमुख सचिव के रूप में स्थानांतरित किया है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को डीजीपी और कांगड़ा के एसपी को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था, ताकि वे व्यवसायी की जान को खतरे की शिकायत की जांच को प्रभावित न करें।

### कोर्ट के संज्ञान लेने के 21 दिन बाद एफआईआर

**कांगड़ा** के कारोबारी निशांत शर्मा ने 28 अक्तूबर को कांगड़ा पुलिस को शिकायत देकर कुछ लोगों पर उन्हें धमकाने के साथ-साथ डीजीपी संजय कुंडू पर गंभीर आरोप लगाए, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। निशांत की ई-मेल पर हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया था। कांगड़ा पुलिस ने 21 दिन बाद निशांत शर्मा की शिकायत पर एक्शन लेते हुए मैक्लोडगंज थाने में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने खाताधारकों को दी बड़ी राहत

# निष्क्रिय खातों पर नहीं लगेगा मिनिमम बैलेंस रखने का चार्ज

एजेंसी, मुंबई

**आरबीआई** ने बैंक खाताधारक को बड़ी राहत दी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंकों को हिदायत देते हुए कहा कि अगर किसी खाताधारक ने अपने खाते से लगातार दो साल तक कोई भी लेन-देन नहीं किया है और खाता निष्क्रिय हो गया है, तो इस पर किसी भी तरह का मिनिमम बैलेंस न रखने का चार्ज बैंक नहीं लगा सकते हैं।




इसके साथ ही बैंक स्कॉलरशिप राशि या फिर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के लिए बनाए गए खातों पर भी किसी तरह का मिनिमम बैलेंस चार्ज नहीं लगा सकते हैं। चाहे भले ही इन खातों का दो साल से ज्यादा समय तक इस्तेमाल नहीं किया गया हो। यह नियम पहली अप्रैल से लागू हो जाएगा।

### ब्याज देते रहना होगा

**बैंकों** को सेविंग अकाउंट पर हमेशा ब्याज देते रहना होगा, चाहे वह फिर निष्क्रिय ही क्यों न हो। सरकारी स्कीम वाले खातों में जीरो बैलेंस है, तो भी उन्हें निष्क्रिय नहीं माना जाएगा। मिनिमम बैलेंस पेनेल्टी भी नहीं लगेगी। इस कदम से बैंकों में लावारिस पड़े खातों और बिना दावे वाली राशि को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। लावारिस जमा राशि को उनके सही मालिकों/दावेदारों को वापस करने में भी मदद मिलेगी।

## यूपी में नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर रोक

**इलाहाबाद।** उत्तर प्रदेश में नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने पर रोक लगा दी है। यदि कोई परिजन अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने के लिए देते हैं, तो उन्हें तीन साल की जेल की सजा और 25 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। यह आदेश उत्तर प्रदेश परिवहन यातायात कार्यालय की तरफ से शिक्षा निदेशक माध्यमिक को जारी है।

**पकड़े गए तो 25 साल की उम्र के बाद ही बन पाएगा लाइसेंस**

आदेश में कहा है कि यदि कोई भी परिजन अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को स्कूटर, बाइक या कार चलाने को देंगे, तो उन्हें दोषी माना जाएगा। ऐसे माता-पिता को तीन साल की सजा और 25 हजार रुपए के जुर्माने का दंड दिया जा सकता है और साथ ही उनके वाहन का लाइसेंस एक साल तक के लिए निरस्त कर दिया जाएगा। नाबालिग के वाहन चलाते हुए पकड़ने पर ड्राइविंग लाइसेंस 25 साल की उम्र के बाद ही बनेगा।

# मुसीबतः प्रदेश के मैदानी इलाकों में छह दिन तक रहेगा घना कोहरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** के मैदानी इलाकों में दोपहर तक घने कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिलासपुर, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी के मैदानी भागों में दोपहर तक सूर्य देव के दर्शन हो रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मैदानी क्षेत्रों में छह जनवरी तक घना कोहरा छाया रहेगा।



**कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल**

प्रदेश में नौ जनवरी तक बारिश व बर्फबारी की कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, लाहौल-स्पीति जिले का कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान -9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। समधो में न्यूनतम तापमान -7.1 डिग्री, किन्नौर के कल्पा में -2.4 डिग्री, रिकांगपिओ में 0.2, भुंतर में 0.5, मंडी में 1.2, सोलन में 1.4, सराहन व सुंदरनगर में 1.5, चंबा में 2.9, कुफरी में 3.1 और धर्मशाला में 8.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है।

### शीतलहर की चपेट में दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पालम में सबसे कम विजिबिलिटी 500 मीटर रही। भारतीय रेलवे के मुताबिक, कोहरे के कारण कम से कम 26 ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं।

### कश्मीर घाटी में जलस्रोत जमे

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शुष्क शीतलहर जारी है। कश्मीर घाटी में अधिकांश जलस्रोत जम चुके हैं। डल, निगीन, वुलर और अन्य सभी झीलें और नदियां कुछ हिस्सों में जम गई हैं।

# प्रदेश में चार आईएएस अधिकारियों की प्रमोशन

**अनुराधा ठाकुर और ओंकार बने अतिरिक्त मुख्य सचिव**

**अमनदीप और पुष्पेंद्र राजपूत को प्रधान सचिव का जिम्मा**









अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** सरकार ने बुधवार को चार आईएएस अधिकारियों को प्रमोट किया है। स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिशों पर कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं।

प्रिंसिपल सेक्रेटरी एवं 1994 बैच की आईएएस अनुराधा ठाकुर और प्रिंसिपल सेक्रेटरी ओंकार चंद शर्मा को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी पद पर तैनाती दी है। इसके अलावा 1999 बैच के आईएएस एवं सेक्रेटरी अमनदीप गर्ग और इसी बैच के पुष्पेंद्र राजपूत को प्रिंसिपल सेक्रेटरी बनाया है। अनुराधा ठाकुर और पुष्पेंद्र राजपूत को परफोर्मा प्रमोशन दी गई है, क्योंकि दोनों अधिकारी अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

ओंकार शर्मा अभी जल शक्ति विभाग, राजस्व और ट्राइबल डेवलपमेंट महकमा देख रहे हैं, जबकि अमनदीप गर्ग के पास वन और कार्मिक विभाग है।

**चेतावनी** वकील की ऊंची आवाज पर सीजेआई की कड़ी फटकार, बोले-23 साल में किसी ने ऐसे नहीं की बात

# चुप, एकदम चुप... धीमे बोलें-वरना बाहर कर दूंगा

एजेंसी, नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट में बुधवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ से एक याचिका की लिस्टिंग को लेकर वकील तेज आवाज में बोल बैठे, जिससे सीजेआई भड़क गए और वकील को फटकार लगाते हुए कहा, 'चुप एक दम चुप... आवाज धीमी करके बात करें, नहीं तो कोर्ट से बाहर करवा दूंगा। मेरे 23 साल के करियर में किसी ने इस तरह से बात नहीं की, तो आगे भी न करें।'



**अपने लहजे के लिए वकील ने मांगी माफी**

सीजेआई आगे बोले कि क्या आप हर जस्टिस पर इसी तरह चिल्लाते हैं। बहस के दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ थोड़े परेशान भी दिखे। उन्होंने वकील के कामकाज पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप पेशे से वकील हैं, आपको पता होता है कि कहां पेश हो रहे हैं। वहीं, चीफ जस्टिस की कड़ी चेतावनी के बाद वकील ने तुरंत माफी मांग ली और मर्यादित तरीके से अपनी बात कोर्ट के सामने रखी।

### जब एक वकील पर चिल्लाए

वरिष्ठ वकील विकास सिंह पर तेजी से चिल्लाए थे, जो सुप्रीम कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के लिए भूमि से संबंधित एक मामले को आगे बढ़ाने की बात कर रहे थे। तब सीजेआई ने सिंह से चिल्लाकर बोला, 'चुप रहो, नहीं तो कोर्ट से बाहर हो जाओ। तुम हमें डरा नहीं सकते।'

**पिछले** साल मार्च में जस्टिस चंद्रचूड़ कथित तौर पर एक

### पहले भी हुआ ऐसा

**ऐसा** पहली बार नहीं है जब जस्टिस चंद्रचूड़ ने कोर्ट रूम की मर्यादा बनाए रखने को कहा है। इससे पहले 16 अक्तूबर, 2023 को एक वकील के फोन पर बात करने से सीजेआई नाराज हो गए थे। सीजेआई ने वकील को टोकते हुए कहा, 'इधर आओ, यह कोई बाजार है?' सीजेआई ने अपने स्टाफ को वकील का मोबाइल लेने को भी कह दिया। बाद में वकील ने माफी मांगी।

### अडाणी-हिंडनबर्ग केस में एसआईटी जांच से इनकार

**नई दिल्ली।** अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सेबी को बचे हुए दो मामलों की जांच के लिए तीन महीने का और समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच को सेबी से लेकर एसआईटी को देने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि सेबी के रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में दखल देने की इस अदालत की शक्ति सीमित है। सेबी ने 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर ली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ओसीसीपी की रिपोर्ट को सेबी की जांच पर संदेह के तौर पर नहीं देखा जा सकता।

### मोइत्रा केस : लोकसभा महासचिव से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कैश-फॉर-क्वेरी मामले में लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा के महासचिव से दो हफ्ते के अंदर मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई मार्च में होगी। महुआ मोइत्रा को पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शीत सत्र के दौरान लोकसभा से निष्कासित कर दिया था।

### मनमाने आदेश देकर सरकारी अधिकारियों को तलब करना संविधान के खिलाफ

**सुप्रीम** कोर्ट ने अदालत की सुनवाई के दौरान सरकारी अधिकारियों को तलब करने के मनमाने आदेश को लेकर अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत की कार्यवाही के दौरान मनमाना आदेश देकर सरकारी अधिकारियों को तलब करना संविधान के खिलाफ है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने अदालतों के लिए मानक संचालन क्रियाओं (एसओपी) पर जोर दिया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालतों से सरकारी अधिकारियों का नजरिया अलग है, इसका यह मतलब नहीं कि अदालत उन्हें मनमाने ढंग से तलब करें।

# काला धंधा गोरे लोग: चिट्टे की गिरफ्त में हिमाचल

## इस वर्ष टूटे पिछले सारे रिकॉर्ड, यही हाल रहा तो पांच साल बाद बेमौत मरने लगेंगे युवा



**तेजपाल नेगी, सोलन**

युवाओं के लिए नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए बुरी खबर है। इंसानी शरीर के लिए सबसे खतरनाक नशों में शुमार चिट्टा यानी हेरोइन की बरामदगी के मामले में हिमाचल प्रदेश ने वर्ष के एक महीना शेष रहते ही पिछले दस वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया है। इससे भी बुरी खबर यह है कि प्रदेश में खपत होने वाले चिट्टे का यह मात्र दो से अढ़ाई प्रतिशत ही है।

इस लिहाज से देखा जाए तो हिमाचल में एक वर्ष में पांच क्विंटल से अधिक चिट्टे की खपत है। अनुमान के मुताबिक, हिमाचल की तकरीबन आधी युवा आबादी जीवन में एक बार चिट्टे का नशा कर चुकी है, जबकि इसमें से पचास फीसदी या तो इसकी आदी हो चुकी है और फिर जल्दी ही इस पंक्ति में आ खड़ी होने वाली है। यह आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेषज्ञों की मानें तो चिट्टे की नियमित डोज लेने से एक स्वस्थ मनुष्य पांच साल के भीतर मौत का शिकार हो जाता है। इस तथ्य पर गौर करें तो आने वाले पांच वर्षों में हिमाचल की गलियों, चौक-चौराहों, बाजारों व चिकित्सालयों में युवाओं की चलते-फिरते मौत होने लगेगी। हिमाचल हाई कोर्ट भी नशे के इस जानलेवा कारोबार पर अपनी चिंता यदा कदा व्यक्त रहता है। दरअसल, पंजाब कुछ समय पहले तक नशे के कारोबारियों के लिए स्वर्ग के समान था। जब पंजाब की युवा पीढ़ी पर नशे का एकछत्र राज होने लगा तो सरकारें गोता खाने लगीं। ऐसे में नशे के तिलिस्म को तोड़ने के लिए पंजाब सरकार और पुलिस ने अपने अभियान चलाने शुरू किए। नशे के सौदागरों को सख्त सजा दी जाने लगी और पुलिस ने उन पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया। अब पंजाब में नशे के कारोबार में कमी आई तो नशे के सौदागर इस जानलेवा कारोबार के लिए दूसरे माफिक इलाकों की तलाश में निकल पड़े। पुलिस सूत्र बताते हैं कि इसके लिए पर्यटन प्रदेश हिमाचल नशे के सौदागरों के लिए सबसे बढ़िया डेस्टिनेशन साबित होने वाला था। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक, नामी-गिरामी यूनिवर्सिटीज और आर्थिक तौर पर मजबूत युवा वर्ग। फिर क्या था नशे के कारोबारियों ने हिमाचल-पंजाब की सीमा से लगते इलाकों में अपना डेरा जमा लिया।

धीरे-धीरे इन नशा कारोबारियों ने पूरे प्रदेश खासकर शैक्षणिक संस्थानों, ढाबों, व पर्यटन स्थलों को निशाने पर लिया और यहीं से अपना कारोबार फैलाने का काम शुरू किया। आज स्थिति यह हो गई है कि कभी चरस, भांग व गांजे को ही हिमाचल में नशे के रूप में उपयोग किया जाता था, लेकिन अब यह सब चीजें बीते समय की बात हो गई हैं। चिट्टा नशे के सभी माध्यमों का सिरमौर बनकर उभरा है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि हिमाचल में लगभग अढ़ाई से तीन लाख युवा नशे की गिरफ्त में हैं, जबकि इससे दोगुने युवा ऐसे हैं जिन्होंने जिंदगी में एक बार नशे के कोई न कोई साधन उपयोग किया है। विशेषज्ञ कहते हैं कि चिट्टे का दो बार नशा करने के बाद युवा इसका आदी हो सकता है और फिर इसके बाद व्यक्ति धीरे-धीरे मौत के मुंह में समाता चला जाता है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि छोटे-छोटे लेवल पर ड्रग्स बेची जा रही है, लेकिन यहां पर सबसे ज्यादा चिट्टे की डिमांड है। युवा वर्ग खासकर इस नशे की चपेट में हैं। यूनिवर्सिटीज के होस्टलों में रहने वाले संपन्न परिवारों के युवक और युवतियां इस नशे की सबसे ज्यादा गिरफ्त में हैं। चिट्टा या अन्य नशे का कारोबार करने वाले लोगों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ के बाद साफ हुआ है कि नशे के अधिकांश कारोबारी किसी भी तरह का नशा नहीं करते। वे मासूम युवाओं को ही नशे का आदी बनाने के काम में जुटे हुए थे। कई लोग ऐसे हैं जो जेल से छूटने के बाद दोबारा से इस कारोबार में लग गए। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

### दिल्ली, पंजाब, असम महाराष्ट्र और नाइजीरियन मूल के सप्लायर

**हिमाचल** के सोलन में ही सोलन पुलिस द्वारा इस वर्ष अभी तक बाहरी राज्यों के 72 सप्लायर पकड़े जा चुके हैं जिनमें चिट्टे के 58 दिल्ली, पंजाब, हरियाणा,चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र आदि राज्यों से हैं। इनमें पांच अफ्रीकी मूल के नाइजीरियन नागरिक भी शामिल हैं। नाइजीरियन चिट्टा तस्कर बिना पासपोर्ट व वीजा के देश की राजधानी में छिपकर यह धंधा करते हैं। इन बाहरी राज्यों के तस्करों ने हिमाचल प्रदेश में चलाए जा रहे चिट्टा तस्करी के नौ बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्कों को ध्वस्त कर दिया है, जिससे हजारों युवाओं को चिट्टे की आपूर्ति बंद हुई है। जिला पुलिस ने इस वर्ष अभी तक नशा तस्करी के 101 मामले दर्ज कर 211 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### क्या होता है चिट्टा

**दरअसल** हेरोइन को ही लोकल भाषा में यहां के लोग चिट्टा बोलते हैं। चिट्टा मतलब सफेद। हेरोइन सफेद रंग की एक ड्रग होती है जिसकी कीमत सोने की कीमत से भी ज्यादा होती है। तस्कर हेरोइन में कुछ अन्य केमिकल मिला कर चिट्टा तैयार करते हैं। यह हेरोइन से कुछ सस्ता, लेकिन शरीर के लिए ज्यादा हानिकारक होता है।

### यहां से आती है हेरोइन

**चिट्टा** या हेरोइन की तस्करी पाकिस्तान और अफगानिस्तान से पंजाब तक हो रही थी। अब यही ड्रग डीलर्स इसे हिमाचल तक भी पहुंचा रहे हैं। हेरोइन में केमिकल मिलाने का काम भारत में भी होता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**किसी** भी नशे के सेवन के नुकसान अलग-अलग तरह के होते हैं, लेकिन चिट्टा का एक ऐसा नशा है जिसका एक या दो बार सेवन करने के बाद कोई भी इसका आदी हो सकता है। इसे छुड़ाने के लिए कई बार मरीज को नशा मुक्ति केंद्र या चिकित्सालय में भर्ती भी करना पड़ता है। सफेद रंग के पाउडर सा दिखने वाला ये नशा एक तरह का सिंथेटिक ड्रग्स है। हेरोइन के साथ कुछ केमिकल्स मिलाकर यह ड्रग्स तैयार किया जाता है।

### सोने से महंगा और जानलेवा है चिट्टा

**हेरोइन** के एक किलो की कीमत करीब पांच करोड़ रुपए होती है। इसका नशा भी बेहद खतरनाक होता है। सारी ड्रग्स में चिट्टे को सबसे ज्यादा स्ट्रांग माना जाता है। इसका नशा सीधा दिमाग पर असर करता है। अगर डोज थोड़ा सा भी ज्यादा हो जाए तो जान भी जा सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, दो बार चिट्टे का नशा करने वाले लोग इसके आदी हो सकते हैं। इसे सफेद रंग का एक प्रकार का जहर ही है।

### चौंकाने वाला है ड्रग्स से जुड़ा डाटा

**एक** डाटा के मुताबिक, पिछले 11 महीनों में सिर्फ हिमाचल में ही लगभग 100 करोड़ रुपए का चिट्टा जब्त किया जा चुका है। एक जनवरी से लेकर 30 नवंबर तक के डाटा के मुताबिक, हिमाचल पुलिस ने 14 किलो से अधिक चिट्टा जब्त किया है। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग्स तस्करी के 1600 मामले दर्ज हुए हैं और 2200 से ज्यादा लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है। 1230 लोगों के खिलाफ ड्रग्स मामले में केस दर्ज किए गए हैं, जबकि कुल 1670 लोग गिरफ्तार भी हुए हैं। इन डाटा से साफ है कि अब हिमाचल भी ड्रग्स की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है।

### जल्दी पड़ जाती है चिट्टे की लत

**दरअसल,** ड्रग डीलर्स के लिए चिट्टा कमाई का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है और ये स्कूल, कॉलेज के बच्चों को टारगेट कर रहे हैं। पहले शौक-शौक में बच्चे एक-दूसरे को देखकर इस ड्रग को यूज करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे कब उन्हें इस ड्रग की लत पड़ जाती है ये उन्हें भी पता नहीं चलता। इसके बाद वो कभी चोरी करके, तो घरवालों से पढ़ाई के नाम पर पैसा मांग कर ड्रग्स खरीदते हैं। हिमाचल के शहरी इलाकों में होने वाले अपराधों में बड़ी संख्या में नशेड़ी शामिल पाए गए हैं।

### डरावने हैं आंकड़े

**हिमाचल** प्रदेश में छह साल में नशाखोरी के मामलों में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। नशाखोरी के मामले में हिमाचल प्रदेश दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। हैरानी की बात है कि लड़कियां भी केमिकल नशा कर रही हैं। पुलिस से मिले आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2014 में प्रदेश भर में 557.440 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इसके अगले वर्ष यह मात्रा घटकर 387.943 ग्राम रह गई। 2016 में हेरोइन या चिट्टे की बरामदगी बढ़कर 634.654 ग्राम हो गई। 2017 में पुलिस ने तीन किलो 417 ग्राम चिट्टा या हेरोइन बरामद की। 2018 में यह मात्रा बढ़कर 7.707 किलोग्राम हो गई। 2019 में 7.960 किलो चिट्टा बरामद हुआ। 2020 में 6.754 किलो चिट्टा बरामद हुआ। यह कोरोना का दौर था। 2021 में 14.907 किलो चिट्टा बरामद किया गया। इसके बाद 2022 में प्रदेश में 11.519 किलो चिट्टा बरामद किया गया और वर्तमान वर्ष के 11 महीनों में 14 किलो से ज्यादा चिट्टा बरामद किया जा चुका है। मतलब साफ है कि हिमाचल में 2023 में सबसे ज्यादा चिट्टे की बरामदगी हुई है। चिट्टे के साथ गिरफ्तार लोगों की संख्या इस वर्ष सभी रिकार्ड तोड़ चुकी है। हिमाचल प्रदेश में इस जानलेवा नशे चिट्टे की एंट्री तकरीबन तीन या चार साल पहले ही हुई है। इससे पहले विशुद्ध हेरोइन बाजार में सप्लाई की जाती थी।

### नशेड़ियों के माध्यम से बढ़ता है कारोबार

**सोलन** में चिट्टे की लत से हाल ही मुक्त हुए एक युवक संजय (काल्पनिक नाम) ने बताया कि तस्कर पैडलरों के माध्यम से ही अपने व्यापार को आगे बढ़ाते हैं। वे अधिकांशतः नशे के शौकीन युवाओं के माध्यम से इस व्यापार को आगे बढ़ाते हैं। नशे के आदी हो चुके युवा अपना खर्चा निकालने के लालच में नए युवाओं को इस जाल में फंसाते चले जाते हैं।



**इतिहास** में अयोध्या सबसे प्राचीन और पवित्र मानी जाती है। अथर्ववेद में अयोध्या को देवताओं की नगरी बताया गया है। ऐसे में प्रभु श्रीराम का अयोध्या नगरी के रघुकुल में जन्म लेना अलौकिक है। प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से यह नगरी राममयी हो जाएगी।

**तीर्थानंद भारद्वाज**
**अध्यक्ष जिला भाजपा किसान मोर्चा सोलन।**



**प्रभु** श्रीराम नगरी अयोध्या में सैकड़ों वर्षों से मंदिर निर्माण का इंतजार आखिरकार समाप्त हो गया। प्रभु राम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाया जा रहा है। इससे सनातन प्रेमियों का मान-सम्मान बढ़ा है।

**तिलकराज नेगी**
**अध्यक्ष, एसटी भाजपा मोर्चा सोलन मंडल**



**मर्यादा** पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सनातन धर्म का प्रतीक हैं। उनकी जन्मस्थली अयोध्या में भव्य मंदिर बनने से सनातन धर्म का खोया गौरव लौट आया। मंदिर में प्रभु राम प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा की सभी सनातन प्रेमियों को हार्दिक बधाई।

**उमेश दत्त**
**प्रदेश प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी ।**

# सेब की खरीद को लेकर धोखाधड़ी, मामला दर्ज

## ठियोगवासी ने बाहरी राज्यों के दो व्यापारियों पर 3605211 रुपए गबन करने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ठियोग**

सेब खरीद-फरोख्त को लेकर ठियोग उपमंडल की खशधर पंचायत निवासी एक व्यक्ति द्वारा बाहरी राज्यों के व्यापारियों पर सेब की बकाया राशि को गबन करने का आरोप लगाया गया है, जिसे लेकर पुलिस थाना के ठियोग में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।




जानकारी के अनुसार सुंदर पुत्र जीत राम निवासी गांव खशधर डाकघर कालिंद तहसील ठियोग जिला शिमला में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 में बदला नागा मुरली पुत्र स्व. मंचिकंती नगर, खम्मम जिला खम्मम तेलंगाना निवासी बड्डाला वेंकटेश्वरलू ने सेब की पेटियां खरीदने का अनुरोध किया। बड्डाला नागा मुरली ने अलग-अलग तारीखों पर अपनी दुकान से अलग-अलग गुणवत्ता के सेब के बक्से खरीदे, जिसकी कुल लागत 34,17,811 रुपए थी और उसमें से उन्होंने केवल 23,95,000 रुपए का भुगतान किया, शेष राशि 10,75,811 रुपए बकाया है। बदला नागा मुरली एक बहुत ही चालाक और शरारती व्यक्ति है और उसने अपने धोखे और झूठे वादों से उसे फंसाया और धोखा दिया और रुपए मूल्य की सेब की पेटियों की डिलीवरी ली और शेष राशि का गबन कर लिया। इसके अलावा अखिलेश पुत्र स्व. विमल, जबलपुर, मप्र, रिकी पुत्र स्व. विमल, जबलपुर, मप्र, सोनू पुत्र स्व. विमल, जबलपुर मप्र एवं लालू खटीक पुत्र स्व. दमोह सांसद पुरुषोत्तम खटीक ने भी उनसे सेब की पेटियां खरीदने का अनुरोध किया। उक्त व्यक्तियों ने अलग-अलग तिथियों पर उसकी दुकान से अलग-अलग गुणवत्ता किस्म के 7559 बक्से सेब खरीदे, जिनकी कुल लागत 1,00,49,400 रुपए थी और इसमें से उन्होंने 75,20,000 रुपए का भुगतान भी किया और इस प्रकार बकाया राशि धोखाधड़ी करने के इरादे से 2529400 उक्त राशि का धोखाधड़ी एवं बेइमानी से गबन कर लिया।

उन्होंने शिकायत में कहा है कि दोनों व्यापारियों के पास कुल बची हुई रकम 3605211 रुपए बनती है, जिसका धोखाधड़ी से गबन किया गया। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस द्वारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### चरस-चिट्टे के साथ दो तस्कर काबू



**शिमला।** राजधानी शिमला में मादक पदार्थ चरस और चिट्टा के साथ पुलिस ने दो तस्करों को काबू किया है। पुलिस को यह कामयाबी ओल्ड बस स्टैंड से सटे कृष्णा नगर इलाके में मिली। मंगलवार देर शाम गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने पूछताछ के लिए रोका और इनके कब्जे से चरस और चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों गौरव सिंह व तुषार चंद्र के कब्जे से 102.43 ग्राम चरस व 5.02 ग्राम चिट्टा पकड़ा गया है। आरोपी कृष्णा नगर के ही रहने वाले हैं। एएसपी सुनील नेगी ने बुधवार को बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध सदर पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### चिट्टे के साथ मंडी के तीन युवक गिरफ्तार

**कुल्लू।** कुल्लू के ज्वाणी रोपा में पुलिस ने तीन युवकों को 12 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना कुल्लू के अंतर्गत पुलिस ने गश्त के दौरान मुकाम ज्वाणी रोपा में एक गाड़ी नंबर (एचपी-28ए1107) में सवार तीन युवकों की तलाशी ली तो उनके पास से 12 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ है, जिसके चलते पोली के ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चिट्टे को अपने कब्जे में लेकर आगे की छानबीन शुरू कर दी है। इसके अलावा पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर दिया है। उधर, एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि चिट्टा तस्करी के आरोप में पुलिस ने अजय ठाकुर पुत्र हंस राज गांव व डाकघर बलद्वाड़ा जिला मंडी (19), रजत पुत्र नरेंद्र पाल निवासी गांव व डाकघर व तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी (23) और नीतिश कुमार पुत्र रणवीर निवासी गांव डाकघर व तहसील जिला मंडी 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। नशा तस्करी में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा।

### मनाली में झारखंड के व्यक्ति की मौत

**मनाली।** जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में झारखंड के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। व्यक्ति को मंगलवार रात को अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। जानकारी के अनुसार मनाली थाना के अंतर्गत मंगलवार रात को बाल कुमार पुत्र रूप राम निवासी गांव हुटु टुआ डाकघर जलड़गेट, मुरुमसोकरा, गुमला, झारखंड (54) साल को मनाली के काली वस्ती वशिष्ठ जिला कुल्लू से अचानक बीमार होने पर मिशन हॉस्पिटल इलाज के लिए लाया गया, जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर धारा 174 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई है। उधर, एसपी कुल्लू ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### डंगार चौक पर अनियंत्रित होकर पलटी कार

**डंगार चौक।** एनएच 103 धर्मशाला-शिमला पर डंगार चौक के समीप एक आल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें कार में बैठे तीन लोगों को चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार हमीरपुर की तरफ से आ रही गाड़ी अचानक अनियंत्रित हो गई और पैरापिट से टकरा गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी की जान को खतरा पैदा नहीं हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ससुराल जा रहे व्यक्ति की ढांक में गिरने से मौत

**तीसा।** चुराह विधनसभा के क्षेत्र में एक व्यक्ति की ढांक से गिरने से मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव कब्जे लेकर मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा दिया गया गया। पुलिस ने मृतक की पहचान तुलसीराम पुत्र तेज सिंह गांव बंगोड़ी डाकघर दियोला तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में की है। मृतक के भाई भूरी सिंह ने बताया कि तुलसीराम अपने ससुराल भनियारीका जा रहा था। उन्होंने जल्द घर लौटकर आने की बात कही थी। तुलसीराम जब देर रात तक वापस नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता होने लगी। इस पर भाई भूरी सिंह और स्थानीय लोगों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। घर से कुछ ही दूर जुआनी ढांक से करीब 300 फुट नीचे खाई में तुलसीराम अचेत अवस्था में मिला। उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो वे बेसुध था। उन्होंने नकरोड़ पुलिस चौकी में इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल तीसा पहुंचाया। पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने खबर की पुष्टि की है।

### भराड़ी में ट्रक में मिली ड्राइवर की लाश

**डंगार चौक।** भराड़ी थाना के तहत भखयूंड़ा पुल के समीप ट्रक चालक ट्रक में मृत अवस्था में मिला, जिस जगह चालक का शव मिला है, वहां से उसके घर की दूरी मात्र 300 मीटर है। ऐसे में चालक की मौत के क्या कारण रहे हैं पुलिस इसकी जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक भखयूंड़ा गांव का 43 वर्षीय हेमराज पेशे से ट्रक चालक था। सोमवार को वह अपना ट्रक लेकर घर आया था। ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर वह घर गया था। मंगलवार दोपहर करीब 11 बजे वह घर से निकल गया था, लेकिन वापस घर नहीं पहुंचा था। बुधवार को पड़ोसियों ने उसको फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इस दौरान पड़ोसियों ने देखा कि उसका ट्रक सड़क के किनारे खड़ा है, लेकिन उसका कोई पता नहीं है, जिसके बाद पड़ोसियों ने ट्रक में झांककर देखा तो हेमराज ट्रक के अंदर अचेत पड़ा था, जिस पर लोगों ने स्थानीय पंचायत प्रधान को सूचित किया। पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो चालक मृत अवस्था में था। भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने खबर की पुष्टि की है।

### टैटू बनाने वाली दुकान में मिला युवक का शव

**पालमपुर ।** थाना पालमपुर के तहत आते मारंडा कस्बे में एक टैटू की दुकान मे 31 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में दहशत फैल गई है। पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर लाश को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुनील कुमार (31) पुत्र ज्ञान चंद निवासी भवारना मंगलवार रात को दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था, लेकिन बुधवार सुबह एक दुकान के अंदर उसका मृत शव पाया जाता है। घटना कैसे हुई इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। पुलिस ने फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए टांडा मेडिकल कालेज भेज दिया है। पुलिस ने जो दोस्त मृतक के साथ थे, उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। बताते है कि मृतक युवक के नाक से खून वह रह रहा था और उसकी टी शर्ट और जेक्ट भी उलटे पहने हुए थे। मृतक के पिता ने पुलिस से गुहार लगाई है की उन्हें अंदेशा है की उनके बेटे को मारा गया है। डीएसपी पालमपुर लोकेंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की है।

# आवारा पशुओं को बचाते पुलिस की जीप पलटी, तीन जवान घायल

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जिला कांगड़ा के पुलिस थाना फतेहपुर के अंतर्गत जसूर-तलवाड़ा मार्ग पर स्थित कस्बा बटाहड़ी में एक सड़क हादसे में पुलिस के तीन जवान घायल हुए हैं। हादसा आवारा पशुओं को बचाते हुए पेश आया। मंगलवार देर रात पुलिस थाना फतेहपुर की गाड़ी बेसहारा पशुओं को बचाते-बचाते पेड़ से टकराकर पलट गई।

गाड़ी में सवार तीन पुलिस जवान घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि गाड़ी में थाना प्रभारी फतेहपुर रजिंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और राजीव कुमार मौजूद थे। थाना प्रभारी के अनुसार, वह सभी कृषि मंत्री चंद्र कुमार को लेने टैरेस गए थे कि वापस लौटते वक्त उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। थोड़ी देर बाद मंत्री चंद्र कुमार की गाड़ी भी वहां आकर रुकी और बड़ी मुश्किल से तीनों पुलिस कर्मचारियों को गाड़ी के शीशे तोड़कर बाहर निकालकर अस्पताल लाया गया। फिलहाल तीनों जवान खतरे से बाहर हैं। वहीं, इस हादसे में पुलिस की जीप को भी काफी नुकसान पहुंचा है।




**गाड़ी के शीशे तोड़ बड़ी मशक्कत से बाहर निकाले जवान**

### दो ऑटो को रौंदकर पोल से टकराया ट्रक

**सोलन।** सोलन के राजगढ़ रोड पर शामती काली माता मंदिर के नजदीक आधीरात के बाद एक तेज रफ्तार ट्रक सड़क के किनारे खड़े दो ऑटो को रौंदते हुए बिजली के पोल से जा टकराया। मंगलवार रात को करीब एक बेज तेज रफ्तार ट्रक ने यहां पर सड़क किनारे पार्क किए गए दो थ्री व्हीलरों से टकराने की आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकले तो सामने बिजली के पोल से टकराने के बाद खड़ा ट्रक दिखाई पड़ा। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने पुलिस के पहुंचने से पहले ही ट्रक के परिचालक को पकड़ लिया था, जबकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग खड़ा हुआ। घटना में दोनों थ्री व्हीलरों को अच्छा खासा नुकसान पहुंचा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# राजगढ़ में पिकअप जीप से देवदार के 22 स्लीपर बरामद

**अनंत ज्ञान,राजगढ़**

राजगढ़ थाना क्षेत्र के तहत पड़ने वाली पुलिस चौकी पझोता के पुलिस दल ने एक पिकअप जीप से देवदार के 22 स्लीपर बरामद करने में सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी राजगढ़ रविंद्र कौशल के अनुसार पुलिस चौकी पझोता का एक दल जिस समय शलैच कैची के पास सामान्य गश्त कर रहा था।

इस दौरान जब एक पिकअप घामला की तरफ से आई और आगे पुलिस देख कर पिकअप चालक ने गाड़ी पिछे ही रोक दी। उसने वापस धामला की तरफ मौड़ कर तेज गति से गाड़ी को भगा दिया। पुलिस दल ने शक होने पर गाड़ी का पीछा किया। बागड़ा के पास गाड़ी चालक गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी पर मौका से फरार हो गया। पुलिस ने जब पिकअप नंबर (एचपी 16 ए 1424) की तलाशी ली तो गाड़ी में घास की बोरियों के नीचे से 22 देवदार के स्लीपर बरामद हुए। पुलिस ने माके पर वनपरिक्षेत्र अधिकारी को बुलाया और पकड़ी गई देवदार की लकड़ी की पैमाइश की गई। बरामद लकड़ियों की कीमत लगभग 1,48,848 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी ।



**रेस्क्यू ऑपरेशन** मंडी में ओवरटेक का मामला, आपसी झगड़े के बाद ब्यास नदी में गिरे थे दो लोग

# ब्यास से निकाला एक शव, दूसरे की तलाश जारी

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सोमवार शाम को पास लेने को लेकर आपस में झगड़ते हुए ब्यास नदी में गिरे दो लोगों में से एक का शव बरामद कर लिया गया है। शव की पहचान अमनदीप सिंह पुत्र सरदार चरण सिंह निवासी जालंधर के रूप में हुई है।

इस शव को माहूंनाग डाइविंग एसोसिएशन सुंदरनगर के डाइवर श्याम लाल, शिव राम, तिलक राज, मनु और लक्ष्मण दास ने कड़ी मशक्कत के बाद पानी के नीचे से ढूंढ निकाला। इस कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, क्यूआरटी और स्थानीय पुलिस ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जोनल हॉस्पिटल मंडी भेज दिया गया है। शव को देखने से पता चल रहा है कि गिरने से पहले इसका सिर किसी पत्थर से जोर से टकराया है और सिर पर गहरी चोट लगने के बाद पानी में गिरने से उसकी मौत हो गई। वहीं, दूसरे व्यक्ति की तलाश भी दिन भर जारी रही, लेकिन उसका कहीं कोई अता-पता नहीं चल सका। इस कारण सर्च ऑपरेशन को बंद कर दिया गया है। वीरवार से सर्च ऑपरेशन को फिर से शुरू किया जाएगा।



मंगलवार को ब्यास नदी में गिरे दो लोगों में से एक के शव को नदी से बाहर निकालते सुंदरनगर के डाइवर।

### विशाल शिला पर उकेरी हैं भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान सहित सुग्रीव, नल-नील की प्रतिमाएं

# शिलाएं भी करती हैं भगवान श्रीराम का गुणगान

**एमएम डैनियल, चंबा**

रियासतकाल में स्थापित हजारों वर्ष पूर्व प्राचीन शहर चंबा में आस्था से जुड़े प्रतीक व साक्ष्य कोने-कोने में विद्यमान हैं। जहां भी नजर दौड़ाई जाए, वहां किसी न किसी देवी-देवाता के मंदिर मौजूद हैं। प्राचीन शहर चंबा मंदिरों के अतिरिक्त पहाड़ों की बड़ी-बड़ी शिलाओं पर भी देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को उकेर उनकी पूजा-अर्चना वैसे ही करते हैं, जैसे कि मंदिरों में की जाती है।

जिला चंबा के सरोथा नामक स्थल पर चंबा-साहो-बाड़ीदेहरा मार्ग पर एक रॉक स्लीपर यानि पहाड़ के एक भाग में एक विशाल शिला पर उकेरी गई भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व पवन पुत्र हनुमान सहित अन्य वानर राज सुग्रीव, नल, नील की प्रतिमाएं है। जो कि आते-जाते हर राहगीरों के लिए एक अहम आस्था का स्थल है। साहित्यकार एवं पद्मश्री विजय शर्मा का कहना है कि यह प्रतिमाएं रियासतकाल की हैं, जबकि प्रतिमाएं भगवान श्रीराम सीता, लक्ष्मण व पवन पुत्र हनुमान सहित वानर राज सुग्रीव, नल व नील की हैं। शोधकर्ता डॉ. राजेश सहगल ने अपने शोध में पाया कि पहाड़ की शिला पर उकेरी गई मूर्तियां भगवान श्रीराम सीता, लक्ष्मण व अन्य की हैं। (अनंत ज्ञान)



चंबा के सरौथा नाले में स्थित भगवान श्रीराम का मंदिर।

## सरौथा नाला मंदिर को लेकर लोगों की हैं अलग-अलग धारणाएं

**जिला** चंबा के सरौथा नामक स्थल पर चंबा-साहो-बाड़ीदेहरा मार्ग पर रॉक स्लीपर या भगवान श्रीराम, हनुमान अथवा पांच पांडवों के नाम से यह आस्था स्थल विख्यात है। इस धार्मिक स्थल को लेकर चंबावासियों या आस्थावादियों की दो अलग-अलग धारणाएं सुनने को मिलती हैं, जिसमें कई लोग पहाड़ की एक शिला पर उत्खनित प्रतिमाओं को पांच पांडवों व हनुमान की मूर्त मानते हैं। तो वहीं, कई इन प्रतिमाओं को भगवान श्रीराम सीता, लक्ष्मण व पवन पुत्र हनुमान सहित सुग्रीव, नल, नील की प्रतिमाओं युक्त मानते हैं।

## शासक प्रताप सिंह ने करवाया था निर्माण

**1559 से 1586 ई.** में गणेश वर्मन की मृत्यु के बाद प्रताप सिंह वर्मन चंबा के शासक बने। अपने परिवारिक पंरपरा के चलते विकास कार्यों व धार्मिक संस्कृति को उभारने एवं संरक्षित करने में शासक प्रताप सिंह वर्मन ने भी खूब योगन दिया। माना जाता है कि अपने शासनकाल में शासक प्रताप सिंह द्वारा बाड़ीदेहरा, ककीयां, सरौथा व आसपास बसने वाली प्रजा के आह्वान पर भगवान श्रीराम सीता, लक्ष्मण व पवन पुत्र हनुमान सहित अन्य वानर राज सुग्रीव, नल, नील की प्रतिमाओं युक्त मंदिर का निर्माण करवाया गया। तत्काल से लेकर वर्तमान समय तक यह स्थल आस्था स्थल के रूप में विकसित है, जो कि वर्तमान में पुरातत्व विभाग चंबा के अधीन है।



भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान सहित सुग्रीव, नल-नील की प्रतिमा।

# आंजभोज में हाटियों ने मनाया जश्न

### एसटी का दर्जा मिलने पर किया धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन



आंजभोज में हाटियों ने धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित जन समूह जश्न मनाता हुआ।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

आंजभोज के राजपुर पंचायत में बुधवार को हाटी धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंजभोज की 11 पंचायतों के हजारों लोग पहुंचे, जहां पर एक जश्न के रूप में इस खास दिन को मनाया गया।

विशेष रूप से विधानसभा पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी और मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। बता दें कि गिरिपार के लाखों हाटियों को एसटी का दर्जा मिल चुका है। क्षेत्रवासी नववर्ष पर यह तोहफा पाकर बेहद प्रसन्न हैं। जगह-जगह गांव-गांव में ढोल-बाजे के साथ इस कबीले के लोग जश्न मना रहे हैं। विधायक सुखराम चौधरी का राजपुर पंचायत में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया और लोगों ने कहा कि पूर्व के भाजपा सरकार ने इस मांग को गर्म जोशी के साथ केंद्र तक उठाया। तमाम औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद केंद्र सरकार ने इस बिल को पास किया। विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि पूर्व की भाजपा सरकार का इसमें अहम योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, केंद्रीय हाटी समिती, बलदेव तोमर, सुरेश कश्यप, वीरेंद्र कश्यप और रीना कश्यप के प्रयासों से यह केंद्र तक पहुंचा। मगर, हिमाचल प्रदेश की सरकार ने इसे लागू करने में पांच माह का समय लगा दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

केंद्र प्रदेश सरकार की ओर से कई भर्तियां खोली गई हैं। एसटी प्रमाण पत्र बनने शुरू हो चुके हैं। उन्होंने युवा से कहा कि अपने प्रमाण पत्र बनवा लें। वहीं, आंजभोज निवासी रमेश तोमर ने क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं व बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### ऐतिहासिक होगा 22 जनवरी का दिन: अनुराग

**धर्मशाला।** केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी का दिन अयोध्या नगरी के साथ-साथ पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन होने वाला है। इस दिन करीब साढ़े चार सौ वर्ष बाद भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर दोबारा विराजमान होने जा रहे हैं। अनुराग ठाकुर अपने एकदिवसीय बिलासपुर दौरे पर निकलने से पूर्व बुधवार को कांगड़ा के गग्गल एयरपोर्ट पर मीडिया से अनौपचारिक वार्ता कर रहे थे।

### राम मंदिर भारत की आध्यात्मिक राजधानी: बिंदल

**शिमला।** 22 जनवरी को राम मंदिर भारत की आध्यात्मिक राजधानी बनने जा रहा है। यह बात शिमला में आयोजित भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कही। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर राम मंदिर की तुलना तक्षशिला और नालंदा से भी की उन्होंने कहा कि भारत का धर्म, संस्कृति और अध्यात्म पुर्नजागृत होने जा रहा है। 2024 नवनिर्माण का वर्ष है और इस नवनिर्माण से देश के प्रधानमंत्री तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जो हवाई अड्डा बना है, उसको महर्षि वाल्मीकि के नाम पर स्थापित किया गया है।

### विधायक के आश्वासन पर भी नहीं माने रेलवे प्रभावित

**बीबीएन।** चंडीगढ़-बद्दी रेलवे लाइन का काम दूसरे दिन भी उचित मुआवजा न मिलने की मांग को लेकर प्रभावित रहा। बुधवार को दून विधायक राम कुमार चौधरी समेत प्रशासन के अधिकारी भी प्रभावितों को आश्वासन देने पहुंचे, लेकिन किसान एक समान मुआवजे की मांग को लेकर अड़े रहे। सीपीएस व प्रशासन ने मुआवजे को लेकर आश्वासन भी दिया। जिसके बाद भी प्रभावित अपनी मांगों को लेकर खड़े रहे और अपने आंदोलन को जारी रखने का फैसला लिया। सीपीएस राम कुमार ने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि रेलवे के अधिकारियों के साथ जल्द बैठक करवाई जाएगी और एक समान मुआवजे को लेकर कोई न कोई हल निकाला जाएगा ताकि किसानों को न्याय दिलाया जा सके। वहीं, बुधवार को बद्दी के हरिपुर संडोली के रेलवे प्रभावित किसानों का एक समान मुआवजे को लेकर हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही।

### प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक पहल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जारी किए पोर्टल

# रिपोर्ट प्रबंधन और बैठक प्रबंधन पोर्टल लांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रशासनिक सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को रिपोर्ट प्रबंधन पोर्टल (आरएमपी) और बैठक प्रबंधन पोर्टल (एमएमपी) लांच किए। डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग द्वारा विकसित किए गए यह पोर्टल संभवत: देश में अपनी तरह के पहले पोर्टल हैं।

इन्हें विकसित करने का मुख्य उद्देश्य प्रशासन में निर्णय लेने, डेटा प्रबंधन और संचार में महत्वपूर्ण परिवर्तन लाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिपोर्ट प्रबंधन पोर्टल को विभागों, बोर्डों और निगमों में विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट भेजने और निगरानी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए तैयार किया गया है। इन पोर्टल में निर्णय लेने के दृष्टिगत वास्तविक समय में डेटा पहुंच की सुविधा उपलब्ध है। इस पोर्टल में एक-क्लिक पर एसएमएस और ईमेल के माध्यम से विभिन्न प्रकार के नोटिस जारी करने की सुविधा के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को स्वचलित रूप से अनुस्मारक और सूचनाएं भेजने की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्रबंधन पोर्टल कार्यालयों को अपने रिपोर्टिंग प्रारूप अपलोड करने की अनुमति प्रदान करता है, जिससे शासन के विभिन्न स्तरों पर पहुंच सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएमपी एक मानकीकृत प्रारूप में स्पष्ट व प्रामाणिक डेटा एकत्र करेगा, जिसका उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाना है। एमएमपी बैठक से संबंधित नोटिस और कार्रवाई जारी करने तथा सचिवालय से क्षेत्रीय कार्यालयों तक संचार को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक समाधान के रूप में कार्य करेगा। यह पोर्टल बैठक की समयसीमा को सावधानीपूर्वक ट्रैक करते हुए बैठकों के निर्धारण, आयोजन एवं समय पर इन्हें संपन्न करने में सहायक होगा तथा बैठक की कार्रवाई व निर्णयों को रिकॉर्ड भी करेगा और बैठक के उपरांत इन तक पहुंच भी आसान होगी।



रिपोर्ट प्रबंधन और बैठक प्रबंधन पोर्टल लांच करते सीएम मुख्यमंत्री सुक्खू।

### कार्यक्रम में इन्होंने भरी हाजिरी

**इस** अवसर पर प्रधान सलाहकार (सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार) गोकुल बुटेल, सचिव डिजिटल प्रौद्योगिकी और गवर्नेंस डॉ. अभिषेक जैन, निदेशक मुकेश रेपस्वाल और निदेशक सूचना एवं जन संपर्क राजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

यह पोर्टल निर्णय कार्यान्वयन पर कुशल ट्रैकिंग और अनुवर्ती कार्रवाई की सुविधा भी प्रदान करता है।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि दोनों प्रणालियां सरकार के भीतर महत्वपूर्ण संचार, निर्णय लेने की क्षमता और डेटा प्रबंधन चुनौतियों का सफलतापूर्वक समन्वय करती हैं, जो कि आधुनिक प्रौद्योगिकी के दृष्टिगत शासन में संवेदनशीलता व समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए एक उल्लेखनीय पहल है। अपने कामकाज में आधुनिक प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने के लिए राज्य सरकार दृढ़ता से कार्य कर रही है, ताकि लोगों को इनके बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें।

## कलाकारों को मंच देने का काम कर रहा राष्ट्रीय कला मंच

**शिमला।** राष्ट्रीय कला मंच अपने स्थापना काल से ही पूरे देश में कलाकारों को निरंतर मंच देने का काम करता आया है और साथ ही साथ कलाकारों को उनके क्षेत्र में दिशा देने का काम कर रहा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद राष्ट्रीय कला मंच की अखिल भारतीय टीम की प्रथम बैठक हिमाचल प्रदेश के शिमला में संपन्न हुई, जिसमे विशेष रूप से अभविप के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री गोविंद नायक उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय प्रमुख प्रदीप मेहता, राष्ट्रीय संयोजक गुंजन ठाकुर, सह संयोजक अभिनवदीप, मणिकंठा, प्रियरंजन और कामोलिका केम और अपांक्षु शेखर राष्ट्रीय कला मंच के पालक के रूप में बैठक में उपस्थित रहे। इस बैठक में पूरे देश में होने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में मुंबई में होने वाले कार्यक्रम अवध में शब्द रंग साहित्य महोत्सव, दिल्ली में होने वाले मदारी कार्यक्रम के बारे में भी चर्चा हुई।

# हेरिटेज टाउन हॉल बिल्डिंग को हाई एंड कैफे में परिवर्तित करने पर फैसला सुरक्षित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश हाई कोर्ट ने शिमला की हेरिटेज टाउन हॉल बिल्डिंग को हाई एंड कैफे में परिवर्तित कर व्यवसायीकरण करने से जुड़े मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने दो दिन चली सुनवाई के पश्चात अपना फैसला सुरक्षित रखा है।



कोर्ट ने अधिवक्ता अभिमन्यु राठौर द्वारा दायर जनहित याचिका की पर सुनवाई की। याचिका में आरोप लगाया गया है कि नगर निगम शिमला ने प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम 1958, टीसीपी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए इस विरासत संपत्ति को हाई-एंड कैफे में बदलने की अनुमति दी है। आरोप है कि एमसी शिमला ने हेरिटेज टाउन हॉल के ग्राउंड फ्लोर पर हाई-एंड रेस्तरां चलाने के लिए लीज पर देने के लिए वर्ष 2020 में टेंडर प्रक्रिया जारी की थी, जब एमसी शिमला को उपयुक्त बोलीदाता नहीं मिल पाए तो निविदा नोटिस जारी करने की जिम्मेदारी हिमाचल प्रदेश इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड (एचपीआईडीबी) को सौंपने का फैसला किया गया था। इसके बाद एचपीआईडीबी ने 26 फरवरी, 2022 को एक निविदा नोटिस जारी किया था।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि निजी संचालक/ठेकेदार हेरिटेज बिल्डिंग में हाई एंड कैफे बना कर हेरिटेज बिल्डिंग मानदंडों का उल्लंघन कर रहा है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से सरकार को विरासत भवन को कानून के अनुसार उसके मूल स्वरूप और आकार में बहाल करने और सबसे उपयुक्त तरीके से इसका उपयोग करने का निर्देश देने का आग्रह किया है। प्रार्थी ने कोर्ट से राज्य सरकार को दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश देने का आग्रह भी किया है, जो अनधिकृत आंतरिक निर्माण और संशोधन की निगरानी और सत्यापन करने में विफल रहे, जिससे विरासत भवन की प्रकृति बदल गई।

# स्पीति से शुरू होगी 'जीवन रक्षक बैंक' पहल

### 26 जनवरी को किया जाएगा लांच, गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की होगी देखभाल

**अरविंद शर्मा, शिमला**

राज्य की भौगोलिक दृष्टि से सुदूर स्पीति घाटी में रहने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, प्रशासन एक जीवन रक्षक बैंक पहल शुरू करने के लिए तैयार है। बैंक जिसे आधिकारिक तौर पर 26 जनवरी को लांच किया जाएगा, एक बड़े अभियान का हिस्सा है, जो क्षेत्र की आबादी के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने का वादा करता है।

यह शुरुआत में गर्भवती माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। साथ ही कैंसर और हृदय की स्थिति जैसी पुरानी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को भी सहायता प्रदान करने की योजना है। जीवन रक्षक बैंक समिति में काजा के विभिन्न सरकारी कार्यालयों के प्रमुख सदस्य सचिव के रूप में शामिल होंगेए जिसमें प्रत्येक सदस्य के लिए एक निर्धारित शुल्क अनिवार्य होगा। इस पहल का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, विशेषकर आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि की महिलाओं पर वित्तीय बोझ को कम करना है, यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें कहीं और सहायता लेने के लिए मजबूर नहीं होना पड़े। काजा के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राहुल जैन ने समुदाय से परियोजना के लिए समर्थन जुटाने की उम्मीद जताई, इस बात पर जोर दिया कि बैंक की राजस्व वृद्धि जीवन.घातक बीमारियों का सामना करने वाले व्यक्तियों को मदद प्रदान करने में सक्षम होगी। स्पीति घाटी, राज्य के आदिवासी लाहौल और स्पीति जिले में समुद्र तल से 14,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित एक ठंडा रेगिस्तान है, जो दुनिया में सबसे ऊंचे निवास स्थानों में से एक है और स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं। इस क्षेत्र में केवल पांच प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र और दो उपकेंद्र हैं, प्रशासनिक मुख्यालय काजा में केवल एक अस्पताल है। (अनंत ज्ञान)

### आवेदक 30 दिन पहले करें आवेदन

**सहायता** चाहने वाले आवेदक कम से कम 30 दिन पहले अपना आवेदन बीएमओ कार्यालय में जमा कर सकते हैं। गंभीर बीमारियों से जुड़े मामलों मेंए अंतिम निर्णय के लिए मामले को जीवन रक्षक बैंक समिति को भेजने से पहले बीएमओ की अध्यक्षता में डॉक्टरों की दो सदस्यीय समिति स्थिति का आकलन करेगी। सभी आवश्यक दस्तावेजों के गहन मूल्यांकन के बाद ही वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। लाइफ सेविंग बैंक को स्पीति में हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### एकत्रित धनराशि को प्रत्येक विभाग के नोटिस बोर्ड पर किया जाएगा प्रदर्शित

**जीवन** रक्षक बैंक का प्राथमिक उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को व्यापक सहायता प्रदान करना है, विशेषकर उन महिलाओं को जो प्रसव से संबंधित खर्च वहन करने के लिए संघर्ष करती हैं। सहायता अनुरोध आने पर यह बैठकें बुलाएगा, जिसके लिए सदस्यों के साथ.साथ समिति अध्यक्ष से 50: की अनिवार्य आवश्यकता होगी। यदि अतिरिक्त उपायुक्त ;एडीसी बैठक में भाग लेने में सक्षम नहीं हैं, तो उप.विभागीय मजिस्ट्रेट ;एसडीएम बैठक की अध्यक्षता करेंगे। दोनों पदाधिकारियों के अनुपलब्ध होने पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी होंगे। सरकारी कर्मचारी नाममात्र शुल्क के साथ योगदान देकर इस पहल को जारी रखेंगे, जिसे चार समूहों में वर्गीकृत किया गया है। कक्षा 1 के लिए 100, कक्षा 2 के लिए 50, कक्षा 3 के लिए 30, और कक्षा 4 के लिए 20 रूपए। सरकार के प्रमुख विभाग प्रत्येक माह की 10 तारीख को फीस एकत्रित कर 15 तारीख तक एडीसी कार्यालय काजा में जमा कराएंगे। एकत्रित धनराशि को प्रत्येक विभाग के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा और एक निर्दिष्ट खाते में जमा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विभागों के पास पहल से संबंधित पत्राचार को संभालने के लिए अपने नोडल अधिकारी नियुक्त करने का विकल्प है।

**सियासत** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बिंदल का गृहक्षेत्र है सोलन, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पांच को करेंगे रोड शो

# हिमाचल में भाजपाई राजनीति की धुरी बनेगा सोलन

**तेजपाल नेगी, सोलन**

देश के 58 फीसदी क्षेत्रफल और 57 फीसदी आबादी पर राज करने वाली भाजपा के हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का आवास में होने के कारण आगामी लोकसभा चुनावों के नजरिए से सोलन राजनीति की धुरी बनेगा। भाजपा के तमाम छोटे बड़े नेताओं का डॉ. बिंदल के यहां रहने के दौरान सोलन में आकर व्यक्तिगत रूप से उनसे भेंट करते हैं और चुनावी रणनीतियों पर चर्चा करते हैं।



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल का आवास सोलन में ही है। वह सोलन के विधायक भी रह चुके हैं। इसके अलावा वह नाहन के विधायक भी रहे हैं, लेकिन इस बार जब वह नाहन से भाग्य आजमाने विधानसभा चुनाव मैदान में उतरे तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उनका राजनीतिक अज्ञातवास लंबे समय नहीं चला पार्टी ने उन्हें प्रदेशाध्यक्ष बना कर पुराना ओहदा प्रदान कर दिया। इसके साथ ही बिंदल का कद प्रदेश के फलक में भाजपा के सबसे बड़े नेताओं में शुमार हो गया। हालांकि डॉ. बिंदल को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनका सोलन में अपने आवास पर ही मेहमानों की तरह आ पाते हैं, लेकिन रणनीतिक नजरिए से उनका सोलन आना अति महत्वपूर्ण हो जाता है। इसका ताजा उदाहरण सोलन नगर निगम के मेयर व डिप्टी मेयर चुनाव में कांग्रेस के विद्रोही खेमे की मेयर भाजपा को डिप्टी मेयर का पद मिलना माना जाता है। डॉ. बिंदल इस चुनाव से दो दिन पहले सोलन में डेरा डाल कर बैठ गए थे और भाजपा को राजनीतिक सफलता दिलाने में उनकी भूमिका पर्दे के पीछे सबसे महत्वपूर्ण रही। चुनाव के नतीजे आने के बाद तुरंत बिंदल दल बल सहित भाजपा खेमे से विजेता उपमहापौर को बधाई देने रोड पर उतर गए थे।

अब चूंकि लोकसभा चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दलों में सक्रियता दिखाई पड़ने लगी है। ऐसे में भाजपा की ओर से टिकट के चाहवान भी अपनी गोटियां फिट करने की जुगत में लग गए हैं। वे भाजपा के प्रदेश के सभी बड़े पदाधिकारियों से संपर्क कर अपने-अपने दावे रखने के प्रयास कर रहे हैं। भाजपा की गुप्त चुनावी रणनीति को भी अकेले में ही तय किया जाना है और ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष को विश्ववास में लेना होगा। यह डॉ. बिंदल का ही प्रयास था कि पांच जनवरी को सोलन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का रोड शो होने जा रहा है। आने वाले समय में भाजपा के और भी बड़े नेता सोलन में आएंगे।



### रणनीति बनाने को सोलन बेहतर विकल्प

**आने** वाले समय में यहां होने वाली राजनीतिक गतिविधियां तेज होंगी साथ ही रणनीतिक फैसलों और उन पर चर्चा के लिए भी सोलन से बेहतर माहौल भाजपा को कहीं नहीं मिलने वाला। चंडीगढ़ से नजदीक होने के कारण बड़े नेताओं को यहां पहुंचना भी सुलभ है और नेशनल मीडिया की नजरों से दूर यहां तय होने वाली रणनीति के लीक होने की संभावना भी काफी कम है।



दरअसल इसकी एक बड़ी वजह यह है कि सोलन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का गृह क्षेत्र है और इस विधानसभा क्षेत्र ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में भाजपा के पास एक भी विधायक नहीं है।

ऐसे में आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा सोलन जिले को गंभीरता से लेगी। यही कारण है कि बिंदल सोलन यानी अपने गृह जनपद में भाजपा के बड़े नेताओं को आमंत्रित कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश स्कूल प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ ने शिक्षा मंत्री को बताई मांगें



हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर में मुलाकात करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से सचिवालय में मुलाकात की।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा ने बताया कि उन्होंने शिक्षा मंत्री के सम्मुख 2017 के बाद नियुक्त प्रधानाचार्य को नियमित करने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि सचिवालय में इस मुलाकात के दौरान शिक्षा सचिव राकेश कवर भी उपस्थित थे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रधानाचार्य के नियमतिकरण के संबंध में उनकी बात माननीय मुख्यमंत्री से मंगलवार को ही हुई है और शीघ्र ही इस प्रक्रिया को प्रारंभ किया जाएगा। शिक्षा सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया की नियमतिकरण की प्रक्रिया को वार्षिक आधार पर शीघ्र पूरा किया जाएगा।

उपनिदेशक के चार्ज को लेकर शिक्षा सचिव ने कहा कि जिला का वरिष्ठ प्रधानाचार्य इस संबंध में शिक्षा निदेशक के सामने अपना दवा प्रस्तुत करे और दवा प्रस्तुत करने पर वरिष्ठ प्रधानाचार्य को उपनिदेशक का कार्यभार दे दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में एमएल टेकटा, जिला शिमला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा आदि शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राधा कृष्ण मंदिर में किया शांति हवन

**डरोह।** पूर्व विद्यार्थी संघ के प्रधान रमेश मिश्रा, उपप्रधान ओम प्रकाश धीमान, सचिव देश राज शर्मा और सदस्यों द्वारा केदारा महादेव के नजदीक राधा कृष्ण मंदिर में नए साल के उपलक्ष्य में शांति हवन का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरा-पूरा सहयोग दिया। इस दौरान शांति हवन में आहुति डालकर परे विश्व के लिए सुख शांति की कामना की गई और आहुति डाल कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### राधा-कृष्ण मंदिर डाडासीबा में भंडारा छह को

**डाडासीबा।** प्राचीन जीणोद्वार कमेटी डाडासीबा द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर डाडासीबा में छह जनवरी को 12वें वार्षिक भंडारे का व जागरण का आयोजन प्राचीन जीणोद्वार कमेटी द्वारा किया जा रहा है। भंडारे का समय दोपहर 12 से तीन बजे तक रखा गया है। स्थानीय निवासियों से निवेदन है कि भंडारे व जागरण में आकर भंडारे की शोभा बढ़ाएं।

### डाडासीबा स्कूल के छात्रों ने जाने ट्रैफिक नियम



डाडासीबा स्कूल में छात्रों ने रैली निकालर बताए ट्रैफिक नियम।

**डाडासीबा।** बाबा काशीराम उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाडासीबा में बुधवार को प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने के लिए स्थानीय डाडासीबा चौकी के प्रभारी किशोर चंद तथा पूर्व प्रधान धर्मचंद डाडासीबा उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों को विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर एसएमसी प्रधान नीलम कुमारी, सेवानिवृत्त अध्यापक अनूप वर्मा उपस्थित रहे। इसके इलावा बच्चों ने सड़क सुरक्षा नियमों पर डाडासीबा बाजार रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

### 45वां स्थापना दिवस समारोह दस को

**पालमपुर।** पूर्व सैनिक लीग पालमपुर का 45वां स्थापना दिवस समारोह दस जनवरी 2024 को लीग भवन पालमपुर में मनाया जाएगा। बुधवार को लीग अध्यक्ष सीडी सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में पूर्व सैनिक लीग कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दस जनवरी को पूर्व सैनिक लीग पालमपुर का 45वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। साथ ही लीग के 45 वर्ष के कार्यों और उपलब्धियों से सभी सदस्यों को अवगत करवाया जाएगा। गुलेरिया ने बताया कि इसके अलावा पालमपुर लीग से जुड़ी अन्य सैनिक इकाइयों में भी ऐसे कार्यक्रम क्रमवार आयोजित होंगे।

### बिजली बोर्ड के कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**गरली।** पेंशन व समय पर वेतन न मिलने के विरोध में बुधवार को हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड इम्प्लॉइज यूनियन के आहवान पर उपमंडल देहरा भर के कर्मचारियों ने लंच ब्रेक के समय एक घंटे तक विद्युत बोर्ड कार्यालय के बाहर बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर धरना-प्रदर्शन किया गया। वहीं, इस दौरान वहां मौजूद कर्माचारियों ने कहा कि राज्य विद्युत बोर्ड प्रबंधन व सरकार की गलत नीतियों के कारण बोर्ड के कर्मचारियों को 52 साल में पहली बार समय पर वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड के कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में जान जोखिम में डाल कार्य करते हैं, कई कर्मचारियों ने जान भी गवाईं है। बावजूद कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक बोर्ड अपने कर्मचारियों का वेतन खाते में नहीं डालती है। तब तक हर दिन दोपहर एक से दो बजे तक बोर्ड सर्किल कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन जारी रखेगी।

## समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने दी जानकारी, जल्द चलाया जाएगा अभियान

# दस वर्ष में एक बार आधार अपडेट करवाना जरूरी

**38** हजार बच्चों के अभी तक आधार कार्ड नहीं बने हैं, जिसके चलते कार्ड बनाने को चलेगा विशेष अभियान।

**14** मार्च 2024 से पहले अपना आधार कार्ड अपग्रेडेशन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में शून्य से पांच वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान आरंभ किया जाएगा इस के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए हैं कि शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने हैं उसका डाटा बेस तैयार किया जाए तथा उनके अभिभावकों को बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए प्रेरित भी किया जाए।

यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने उपायुक्त कार्यालय परिसर में आधार को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला में शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के 38 हजार बच्चों के अभी तक आधार कार्ड नहीं बने हैं जिसके चलते ही अब बच्चों के आधार कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान भी आरंभ किया जाएगा, ताकि सभी बच्चों के आधार कार्ड बनाए जा सकें। वहीं, सबसे पहले, आपको नजदीकी आधार केंद्र या नजदीकी पोस्ट ऑफिस में आधार बनाने या अपग्रेड करवाने के लिए संपर्क कर सकते हैं। आधार कार्ड बनवाने के लिए आपको एक पहचान प्रमाण पत्र (जैसे कि पैन कार्ड, पासपोर्ट, वोटर आईडी कार्ड) और पता साबित करने वाले दस्तावेज (जैसे कि बैंक पासबुक, उपयुक्त डॉक्यूमेंट) आदि की आवश्यकता होती है।

### छात्रों को छात्रवृत्तियां लेने को आधार लिंक करवाना भी जरूरी

**अतिरिक्त** उपायुक्त सौरभ जस्सल ने कहा कि पांच वर्ष तथा पंद्रह वर्ष की आयु पूर्ण होने पर भी बच्चों को आधार कार्ड अपडेट करवाना जरूरी है इस के लिए स्कूल के बच्चे अपने अपने मुख्यध्यापकों या प्रधानाचार्यों से संपर्क करें ताकि आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्तियां तथा अन्य सुविधाओं के लिए आधार कार्ड की लिकेंज जरूरी है, अगर आधार कार्ड अपडेट नहीं होगा तो छात्रवृत्तियां या अन्य सुविधाओं के लिए बच्चों को परेशानी हो सकती है।


बैठक के दौरान अधिकारियों से बातचीत करते अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल।

### अपडेट होने पर ही सरकार की योजनाओं का मिलेगा लाभ

**अतिरिक्त** उपायुक्त सौरभ जस्सल ने कहा कि सभी नागरिकों को दस वर्ष में एक बार आधार कार्ड अपडेट करवाना जरूरी है तथा यूडीआईए की ओर से आधार अपडेग्रेशन के लिए 14 मार्च 2024 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि आधार एक अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरुरी और लाभदायक है। अगर आपका आधार अपडेटेड होता है तो आपको केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है।

# पूर्व सैनिक लीग के चुनाव नतीजों पर लगाई रोक

## चुनावों में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए उच्च न्यायालय ने लिया फैसला

**अमर सिंह, पालमपुर**

हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक लीग के चुनावों में हुई अनेक अनियमितताओं को लेकर 29 दिसंबर 2023 को माननीय हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी। लीग के चुनावों में हुई गड़बड़ियों को देखते हुए उच्च न्यायालय ने चुनाव नतीजों पर फिलहाल तुरंत प्रभाव से रोक लगा रजिस्ट्रार सोसायटी को जांच करने के आदेश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि पूर्व सैनिक एक अनुशासित संगठन व पृष्ठभूमि से आते हैं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों में पूर्ण विश्वास रखते हैं। यह बात हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक लीग के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल केसी कटोच ने बुधवार को पालमपुर मे प्रेस वार्ता के दौरान कही नींव वर्ष 1974 में पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल केसी कटोच द्वारा रखी गई थी। इससे प्रदेश के पूर्व सैनिकों से जुड़ी समस्याओं को हल करने में मदद की जा सके व यह बकायदा रजिस्ट्रार सोसायटी कार्यालय द्वारा सोसायटी एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है। वहीं, 17 दिसंबर 2023 को धर्मशाला में लीग अध्यक्ष सेवानिवृत्त मेजर विजय सिंह मनकोटिया की देखरेख में संपन्न हुए लीग के चुनावों में इसके प्रावधानों व नियमों को पूरी तरह से दरकिनार कर कुछ व्यक्ति विशेष को जीत दिलाने हेतु चुनाव कराए गए, जिसे लेकर पूर्व सैनिकों में भारी रोष था व उनकी कोई सुनवाई नहीं होने पर उन्हें अंततः न्याय हेतु कोर्ट का रुख करना पड़ा। पिछले 40 वर्षों से लीग के नियमों की पूरी तरह से अवहेलना कर इसके पूर्व अध्यक्ष पूर्व सैनिक लीग पर अपना कब्जा जमाए हुए थे। वहीं, इन सभी अनियमितताओं को लेकर पूर्व सैनिक लीग के सदस्यों ने एक याचिका, सीडब्ल्यूपी नंबर-18-2024 दाखिल करवाई थी। रोष के कारण ही 29 दिसंबर 2023 हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायाल दाखिल की गई, याचिका की मेरिटस् को देखते हुए दो जनवरी को सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने तुरंत प्रभाव से लीग के चुनाव परिणाम व चुने गए प्रत्याशियों की शक्तियों पर भी अगले आदेश तक रोक लगा दी है। साथ ही साथ रजिस्ट्रार सोसायटी शिमला को लीग के चुनावों से संबंधित सभी रिकार्ड अपने कब्जे में लेकर उनकी जांच कर उच्च न्यायालय क प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। माननीय उच्च न्यायालय के इस महत्वपूर्ण फैसले से सभी पूर्व सैनिकों में उत्साह व खुशी व्याप्त है व सभी ने उच्च न्यायालय द्वारा उनकी शिकायत संज्ञान लेने पर अपनी खुशी जताई है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि उनके साथ इनसाफ होगा। (अनंत ज्ञान)


बैठक के दौरान जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक लीग के सदस्य।

# कृषि विश्वविद्यालय की जमीन का सही ढंग से नहीं हो रहा इस्तेमाल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

टूरिज्म विलेज की प्रस्तावना पर पालमपुर में हो रही राजनीतिक गलत। यह विचार व्यक्त करते हुए परिवर्तन के संरक्षक संजीव सोनी व अध्यक्ष सुरभि सोनी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के पास काफी अधिक सरप्लस भूमि पड़ी हुई है।

इसका कोई इस्तेमाल नहीं हो रहा है। वहां पर केवल मात्र झाड़ियां और लेंटना का राज है। जिस जमीन की बात हो रही है उस जमीन पर कृषि विश्वविद्यालय का शायद कोई भी व्यक्ति वैज्ञानिक कर्मचारी या विद्यार्थी कभी कभार ही गया होगा। फिर अगर इस तरह से बेकार बंजर पड़ी जमीन को किसी विशेष उद्देश्य के लिए, जिससे पालमपुर की इकोनॉमी में कुछ फर्क पड़े वहां पर अन्य प्रोजेक्ट लगा दिया जाए तो उसमें बुराई ही क्या है। ऐसा नहीं है कृषि विश्वविद्यालय के पास जमीन कम है या इसके चले जाने से कृषि विश्वविद्यालय के कार्य प्रणाली पर कोई ज्यादा असर पड़ेगा या फिर इस प्रस्तावित भूमि पर ही कृषि विश्वविद्यालय की आर्थिकी रिसर्च और एक्सटेंशन का कार्य निर्भर करता है। कृषि विश्वविद्यालय के पास बहुत अधिक जमीन है। इसका सही ढंग से उपयोग नहीं हो पा रहा है। क्योंकि विश्वविद्यालय के पास भी कर्मचारी वैज्ञानिकों की कमी है फिर बंजर पड़ी जमीन को अगर किसी विशेष उद्देश्य से उपयोग में लाया जाए और उससे प्रदेश और शहर की आर्थिकी में उछाल आए तो इसमें बुराई ही क्या है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीति सही नहीं। इससे देश का कल्याण हो लोगों को फायदा हो वह प्रोजेक्ट कोई भी सरकार कोई भी पार्टी लेकर है उसका समर्थन किया जाना चाहिए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू की है अच्छी पहल है। बहरहाल, टूरिज्म विलेज की प्रस्तावना पर पालमपुर में हो रही राजनीतिक गलत।

# नूरपुर में सरकार और विद्युत बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विद्युत बोर्ड कर्मचारी व पेंशनर।

**संजीव महाजन, नूरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन ने ज्वांइट फ्रट पावर इंजिनियर एंड इंप्लाइज के आह्वान पर नूरपुर विद्युत मंडल के प्रांगण में रिटाइयरी फोर्म यूनियन के साथ मिलकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। 52 वर्ष के इतिहास में यह पहला वार बिजली बोर्ड में ऐसा देखने को मिला है।

इस समस्या को लेकर कर्मचारियों तथा रिटायर्ड कर्मचारियों ने मिलकर विरोध किया प्रदर्शन बोर्ड में वेतन व पेंशन न मिलने को लेकर किया गया है। विरोध प्रदर्शन के मौके पर बोर्ड प्रबंधन तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मेंबर ऑफ एडवाइजरी पवन मोहल ने कहा कि बिजली बोर्ड के कर्मचारी व पेंशनर बड़े कठिन दौर से गुजर रहे हैं। आज बोर्ड में वेतन व पेंशन न मिलना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण व चिंतनीय है। 52 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार बिजली बोर्ड में एसा देखने को मिला है। इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि बिजली बोर्ड में स्थायी प्रबंधक निदेशक लगाया जाए, पुरानी पेंशन लागू की जाए और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पड़ी अदायगी को शीघ्र अति शीघ्र जारी करें। विद्युत कर्मचारियों ने दिन रात मेहनत करके लोगों के घरों में बिजली पहुंचा रोशनी की है पर आज हम सब कर्मचारियों के घरों में अंधेरा दिखता नजर आ रहा है क्योंकि ऐसा कभी भी नहीं हुआ था। हम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से गुजारिश करते हैं कि हमारे साथ ऐसा अन्यथा न किया जाए हम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अपनी समास्याओं को लेकर मिल चुके हैं और हमें आश्वासन दिया गया था कि जल्द आपकी की समास्याओं का हल किया जाएगा। मगर आज बोर्ड प्रबंधन और सरकार ने हमारे साथ क्या किया है ऐसा हमारे साथ सरकार करेगी ऐसी हमें उम्मीद नहीं थी इस मौके पर हिमाचल प्रदेश रा.वि. कर्मचारी यूनियन के मेंवर ऑफ एडवाइजरी कोसिल पवन मोहल, पावर इंजिनियर एसोसिएशन की और से शंकर दियाल, भूपिंद्र सिंह, आदित्य शर्मा व आशीष धीमान के साथ में रिटाइयरी फोर्म से आए हुए गणमान्य उपस्थित रहे। प्रवीण व्यमार शर्मा नूरपुर पूमिट से सचिव बबलू ठाकुर, जदूर से प्रधान विक्रम, परिंद्र, राजू, रवि मौजूद रहे। (अंनत ज्ञान)

### 52 वर्ष के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ

**52** वर्ष के इतिहास में यह पहली बार बिजली बोर्ड में एसा देखने को मिला है। इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि बिजली बोर्ड में स्थायी प्रबंधक निदेशक लगाया जाए, पुरानी पेंशन लागू की जाए और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पड़ी अदायगी को शीघ्र अति शीघ्र जारी करें। विद्युत कर्मचारियों ने दिन रात मेहनत करके लोगों के घरों में बिजली पहुंचा रोशनी की है पर आज हम सब कर्मचारियों के घरों में अंधेरा दिखता नजर आ रहा है क्योंकि ऐसा कभी भी नहीं हुआ था।

# बैजनाथ में गरजे विद्युत कर्मचारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विद्युत मंडल बैजनाथ के प्रांगण में बुधवार को सेवानिवृत्त पेंशनरों और नियमित कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया।

53 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि पेंशनरों और नियमित कर्मचारियों को एक तारीख को वेतन नहीं मिला। यह सब बोर्ड प्रबंधन की ढिलाई का नतीजा है। बैजनाथ इकाई के सचिव बीएस राणा ने कहा कि इस बुढ़ापे में पेंशनरों के धैर्य की परीक्षा नहीं ली जानी चाहिए। पेंशनभोगी कोई भी कठोर कदम उठाने को तैयार हैं। इस विरोध प्रदर्शन में सभी पेंशनभोगियों और नियमित कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पेंशनर्स फोरम की ओर से अध्यक्ष के सी कटोच, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगत सिंह नागमोड़ दलीप सिंह वरिष्ठ पेंशनभोगी चिंत सिंह पठानिया, विनोद शर्मा, सुरिंदर अवस्थी, बलदेव सिंह, राकेश शर्मा बैजनाथ इकाई के कर्मचारी संघ अध्यक्ष अमित और इकाई सचिव जगदीश भी उपस्थित थे।


नगरोटा बगवां। 52 वर्ष के इतिहास में यह पहली बार बिजली बोर्ड में एसा देखने को मिला है। इस समस्या को लेकर कर्मचारियों तथा रिटायर्ड कर्मचारियों ने मिलकर विरोध किया। प्रदर्शन वेतन व पेंशन न मिलने को लेकर किया गया है। विरोध-प्रदर्शन के मौके पर बोर्ड प्रबंधन तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### नगरोटा बगवां कॉलेज में मेधावी छात्राओं को मिले टैबलेट



**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से उत्तीर्ण मेधावी छात्राओं को टैब देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉक्टर सुरिंद्र कुमार सोनी ने बताया कि वर्ष 2022 के बैच के मानवी शर्मा विज्ञानं स्नातक अंतिम वर्ष (जीव विज्ञानं ) 94 फीसदी अंक, निधि कला स्नातक अंतिम वर्ष ( अंग्रेजी) 86 फीसदी अंक, तान्या शर्मा कला स्नातक अंतिम वर्ष (अंग्रेजी) 92 फीसदी अंक लेकर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान हासिल किया। इसके चलते हिमाचल प्रदेश सरकार के सौजन्य से उच्चतर शिक्षा विभाग की और से उपरोक्त छात्राओं को टैब भेंट किए गए। डॉ. सोनी ने बताया कि उपरोक्त टैब बच्चों को भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। जिससे बच्चे अपनी मेहनत के फल को पाकर खुशी से चहक उठे। प्राचार्य डॉक्टर सोनी ने कहा कि और बच्चों को भी ऐसी उपलब्धियों के लिए प्रेरित किया जाएगा।


नगरोटा बगवां। बुधवार को नगरोटा बगवां की हटवास पंचायात में लोगों ने धूमधाम से अक्षत कलश यात्रा निकाली। इस दौरान कलश यात्रा के सदर्स्यों ने लोगों को घर घर जाकर निमंत्रण पत्र बांटे। इस दौरान लोगों ने राम भगवान के भजन व कीर्तन कर के सभी को 22 जनवरी के लिए आमंत्रित किया। अयोध्या में भव्य राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी।

**स्वागत** कार्यक्रम के दौरान बोले मंत्री कोसरी से धुपक्यारा झूंगा देवी सड़क पर खर्च होंगे 11 करोड़ रुपए

# जालग में मंत्री यादविंद्र गोमा को जलेबियों से तोला

**टीम, जयसिंहपुर, पंचरुखी**

कैबिनेट मंत्री, यादविंद्र गोमा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार गरीबों, युवाओं, महिलाओं, निराश्रितों और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है।

समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर कल्यणकारी योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद लोगों को सही रूप में लाभ प्राप्त हो सके। गोमा बुधवार को जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जालग में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में बोल रहे थे। हिमाचल प्रदेश मंत्रीमंडल में शामिल होने के बाद पहली बार जालग पहुंचे यादविंद्र गोमा का बैंड बाजे और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। समर्थकों ने उन्हें मंत्री बनाने पर जलेबियों से तोला। वहीं, गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के स्नहे और आशीर्वाद से वे विधायक बनें और राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उन्हें कैबिनेट मंत्री रूप में प्रदेश की सेवा का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मंत्री के रूप में जो जिम्मेदारी, उन्हें सौंपी गई है उसपर खरा उतरते हुए जयसिंहपुर के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 8 जनवरी से 12 फरवरी सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की एक वर्ष को जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में नहालना से गदियाड़ा सड़क के सुधार तथा विस्तार कार्य के लिए सात करोड़ तथा कोसरी से धुपक्यारा झूंगा देवी सड़क के विस्तार तथा सुधार कार्य के लिए 11 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त डगरुही चंद्रोण कच्छेड़ा सड़क का निर्माण नाबार्ड के तहत किया गया है और इस पर दो करोड़ 95 लाख व्यय किए गए हैं।



जालग पंचायत में पहुंचने पर गोमा को जलेबियों से तोलते कार्यकर्ता (दाएं) वहीं, कार्यक्रम में पहुंचने पर गोमा को सम्मानित करने का दौर।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

**कार्यक्रम** में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल, प्रधान ग्राम पंचायत प्रमोद राणा, ओपी धीमान, राकेश पटियाल, कुलदीप पटियाल, सुरिंद्र पटियाल संजीव राणा, तत्रिभुवन गोमा, सुरेश, दोलत राम, एसडीएम संजीव ठाकुर, अधिशाषी अभियंता विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मझैरना में लाखों रुपए की पाइपें चोरी

**बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के मझैरना के लिए बन रही लिफ्ट सिंचाई योजना की लाखों रुपए की पाइपें चोरी हो गई हैं। इन पाइपों को इस योजना का काम कर रहे ठेकेदार ने बुहली कोठी के समीप रखा था। इनमें दस के करीब पाइपें चोरी हो गई हैं। इनमें एक पाइप की लागत करीब एक लाख रुपए है। एमएसईआरडब्ल्यू नाम की यह एक छह मीटर लंबी और 16 ईंच की गोलाई होती हैं। चोरी की जानकारी मिलने के बाद इस योजना का काम कर रहे ठेकेदार और जल शक्ति विभाग ने बैजनाथ पुलिस में मामला दर्ज करवा दिया है। डीएसपी, बैजनाथ पूर्ण चंद ठुकराल ने बताया कि पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

### दहेज मांगने पर पति के खिलाफ शिकायत दर्ज

पठानकोट। दहेज में कार न लाने की खातिर पत्नी को तंग परेशान करने के आरोप में सुजानपुर थाने में पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता सुजानपुर के गांव भदराली निवासी अंजलि ने पुलिस को दी शिकायत में बयान दर्ज करवाए कि उसकी शादी 10-02-2023 को तारागढ़ में पड़ते झेला आमदा शकरगढ़ निवासी मुकेश कुमार के साथ हुई थी। उसके अभिभावकों ने शादी के वक्त उसके पति और पति के रिश्तेदारों को करीब 15 तोले सोने के गहने पाए थे। लेकिन इसके बावजूद उसके पति द्वारा उसे और दहेज में कार लाने की खातिर तंग परेशान करना शुरू कर दिया। वहीं, पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पूर्व विधायक को जमानत पर किया रिहा

**पठानकोट।** अवैध माइनिंग करवाने और माइनिंग अधिकारियों से बदसलूकी करने व सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में पकड़े गए आरोपी पूर्व विधायक जोगिंद्र पाल की मंगलवार को जमानत हो गई है। उसे शाम छह बजे सब जेल पठानकोट से रिहा कर दिया गया है। वहीं, पूर्व विधायक की जमानत की खबर मिलते ही कांग्रेस पार्टी के नेता व वर्कर भारी संख्या में जेल के बाहर विधायक को ले जाने के लिए पहुंचे। कांग्रेस पार्टी के एक नेता ने बताया कि दोपहर तीन बजे के करीब माननीय अदालत में जमानत के आर्डर हो चुके थे और शाम तक जेल में कागजी कार्रवाई होने के बाद छह बजे जोगिंद्र पाल को जमानत पर जेल से जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### सीयू का पैसा जमा करवाए सरकार

**धर्मशाला।** बिलासपुर के लिए रवाना होने से पूर्व दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि वे चाहते हैं कि प्रदेश सरकार सीयू के धर्मशाला कैंपस के लिए पैसा जमा करवाए, ताकि इसका निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्विद्यालय के देहरा व धर्मशाला में कैंपस बनने की अनुमति मिली है। देहरा में अनुमति मिलने के बाद काम शुरू हो चुका है जबकि अनुमति के बावजूद प्रदेश सरकार की ओर से 30 करोड़ रुपए का फंड जमा न करवाए जाने के कारण सीयू के धर्मशाला कैंपस का काम शुरू नहीं हो पा रहा।

### मांगों को लेकर विद्युत कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**जवाली।** हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड लिमिटेड के कर्मचारियों व पेंशनर्स ने संयुक्त रूप से बिजली बोर्ड कार्यालय जवाली में इस महीने का वेतन व पेंशन की अदायगी न हो पाने के विरोध में हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव बालकृष्ण शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड के इतिहास में पहली बार कर्मचारियों व पेंशनर्स को वेतन व पेंशन का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड लिमिटेड के प्रबंधक वर्ग की गलत नीतियों के चलते बिजली बोर्ड का आर्थिक ढांचा बुरी तरह से चरमर्रा गया है। विद्युत बोर्ड में किसी सक्षम अधिकारी को विद्युत बोर्ड लिमिटेड का स्थायी प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की मांग की है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों ने निकाली रैली

**इंदौरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डैंकवां के बच्चों ने सड़क सुरक्षा को लेकर रैली निकाली । रैली में बच्चों ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता के लिए बैनर के साथ क्षेत्र के अलग-अलग रास्तों होते हुए लोगों में जागरूकता का प्रयास किया। इस अवसर पर बच्चों ने नारे व स्लोगन बोलकर लोगों को जागरूक किया। इस अवसर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डैंकवां के समस्त अध्यापकों सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### स्वयंसेवियों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

**जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलौहड़ा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप में तीसरे दिन पंचायत पलौहड़ा के प्रधान रघुवीर सिंह भाटिया व राजकीय उच्च पाठशाला कालदू के मुख्याध्यापक चमन धीमान ने बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत की। उनका कार्यक्रम अधिकारी चैन सिंह, पूनम सहित वालंटियर्स द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। रिसोर्स पर्सन रघुवीर सिंह भाटिया ने स्वयंसेवियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया तथा देशसेवा में ततपर रहने को कहा। रिसोर्स पर्सन चमन धीमान ने कहा कि नशा से हमें दूर रहने का संकल्प लेना है।

### टांडा ने खोली की टीम को हराकर जीता क्रिकेट मैच

**नगरोटा बगवां।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में खेले जा रहे क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के गयारहवें दिन का मुकाबला टांडा और खोली के बीच हुआ। टांडा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 136 रन बनाए । 136 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए खोली टीम 35 रन से पिछड़ गई। इस तरह टांडा टीम दूसरे दौर के लिए जगह पक्की करने में सफल रही ।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना बनी सहारा

**देहरा।** रानीताल की समीपवर्ती पंचायत बड़ी बही की अंजना देवी की मृत्यु के बाद प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना उनके परिवार का सहारा बनी है । इस योजना के तहत अंजना के नामिती को दो लाख रुपए बैंक द्वारा क्लेम दिया गया है। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक रानीताल अमित ने बताया की अंजना देवी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा लिया हुआ था, जिसमें उन्होंने अपने पति अरुण कुमार को वारिस बनाया था । अंजना की मृत्य के उपरांत उसके पति अरुण कुमार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत हमने दो लाख रुपए दिए हैं।

### बनखंडी स्कूल में सालाना सामारोह की धूम

**देहरा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनखंडी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस मौके पर डॉ. सुल्तान जसवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मंच का संचालन सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों की सांस्कृतिक गतिविधियों का दौर शुरू हुआ। पंजाबी गिद्दे, भांगड़े की शानदार प्रस्तुतियां, डांस के साथ-साथ एकल गान, समूह गान, कविता, पाठ व लघु नाटकों ने दर्शकों का खूब समां बांधा। इसके उपरांत मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यातिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे स्कूल की प्रधानाचार्य अरुणा रानी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पड़ी।

## रोहित की शहादत की खबर से लंज इलाके में मातम

**अनिल छांगू, जवाली**

लंज खास पंचायत के 25 वर्षीय रोहित जो कि अरुणाचल प्रदेश में सेना की आरटी वटालियन में तैनात थे चाइना वार्ड पर पेट्रोलियम के दौरान ग्लेशियर पर पैर फिसलने से शहीद हो गए है।

प्राप्त जानकारी से पता चला है कि मंगलवार तीन बजे के करीब रोहित के मामा को आर्मी के अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि रोहित पेट्रोलिंग के लिए साथियों के साथ जा रहा था तो अचानक उसका पैर फिसल गया है वह ग्लेशियर की पहाड़ी से गिर गया। जब तक उसको निकाला गया तव रोहित शहीद हो चुका था। रोहित के मामा पवन कुमार ने बताया कि रोहित पिछले दो महीने पहले ही तीन नवंबर को छुट्टी काट कर गया है। पवन कुमार ने बताया कि रोहित की माता रानी देवी व बहन रीता देवी है। रोहित की शहादत की खबर इलाके में आग की तरह से फैल गई व हर तरफ सिर्फ रोहित की ही बातें हो रही है। रोहित जमा दो तक की पढ़ाई लंज स्कूल में करने के वाद स्नातक की पढाई धर्मशाला कॉलेज से की थी। 2018 में आरटी में वतौर सैनिक पालमपुर भर्ती हुआ था। रोहित वर्तमान में आरटी की बटालियन में चाइना वार्ड पर तैनात था। उन्होंने बताया कि कल सुबह नौ बजे रोहित का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव लंज में आ सकता है। वहीं एसडीएम कांगड़ा सोमिल गौतम ने मामले की पुष्टि की है। वहीं, शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने रोहित के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। (अनंत ज्ञान)

### श्रीनिवासन रामानुजम स्टूडेंट डिजिटल योजना के तहत मंत्री ने होनहारों को दी सौगात, बच्चों को दिए टिप्स

# कृषि मंत्री ने नूरपुर में 177 छात्रों को बांटे टैबलेट

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने बुधवार को नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत स्थानीय बीटीसी आदर्श राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में श्रीनिवासन रामानुजम स्टूडेंट डिजिटल योजना के तहत दसवीं तथा 12वीं कक्षाओं के 165 बच्चों, जबकि कॉलेज के 12 मेधावी बच्चों को टैबलेट वितरित किए। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजय महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के तहत दसवीं के 4655, 12वीं के 4,819 और प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध स्नातक अंतिम वर्ष के 1071 (बीए. बीएससी तथा बीकॉम) मेधावियों को 10,545 टैबलेट बांटे जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिला में शैक्षणिक सत्र 2020-21 में दसवीं तथा 12वीं की कक्षाओं में मेरिट पाने वाले 1997 बच्चों को टैबलेट वितरित किए जाएंगे जिसमें से अब तक 1299 टैबलेट बांटे जा चुके हैं। कृषि मंत्री ने शिक्षकों, अभिवावकों और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह टैबलेट छात्रों को पढ़ाई के साथ अन्य कई ज्ञानवर्धक जानकारियां उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने शिक्षकों तथा अभिभावकों को बच्चों के टैबलेट का सही दिशा में उपयोग सुनिश्चित करने की तरफ ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जो बच्चे मेरिट में स्थान पाने से पीछे छूट गए हैं वे और अधिक मेहनत करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षण संस्थानों का काफी प्रसार हो चुका है, लेकिन अब शिक्षा की बेहतर गुणवत्ता को सुनिश्चित बनाना जरूरी है। इसके लिए प्रदेश सरकार शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के सुधार व ढांचागत विकास पर विशेष बल दे रही है। इस अवसर पर एसडीएम गुरसिमर सिंह, डीएसपी विशाल वर्मा, अशिक्षा उपनिदेशक महिंद्र धीमान, तहसीलदार राधिका सैनी, बीडीओ सुषमा धीमान, नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी आशा वर्मा, तहसील कल्याण अधिकारी अनुराधा नाथ, स्कूल की उपप्रधानाचार्य रुचिका महाजन, एसएमसी प्रधान भूषण शर्मा आदि मौजूदर हरे।



कार्यक्रम में पहुंचने पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

### मंत्री ने 21 हजार रुपए देने की घोषणा की

**कृषि** मंत्री ने स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल में शेड बनाने के लिए शीघ्र एस्टीमेट तैयार के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्कूल के पुराने भवन को असुरक्षित घोषित करने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नए भवन के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया। कृषि मंत्री ने इस अवसर पर जनसमस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

### बच्चों ने किया नाम रोशन

**पूर्व** विधायक,अजय महाजन ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि जिन बच्चों को टैब देकर सम्मानित किया जा रहा है उन्होंने अपना तथा अपने परिवार के साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। उन्होंने बच्चों से जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करने के लिए निरंतर मेहनत जारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने शिक्षकों को अपना ज्ञान नियमित अपडेट करने के साथ बच्चों को प्रतिस्पर्धा की भावना से तैयार करने का आह्वान किया।

## एचआरटीसी की बसों ने वर्ष 2023 में कमाए 11 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम के धर्मशाला मंडल के डिविजनल मैनेजर पंकज चड्ढा ने बुधवार को धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वर्ष भर हुई कमाई के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि धर्मशाला मंडल में जोगिंद्रनगर, बैजनाथ, पालमपुर, नगरोटा, धर्मशाला, चंबा व पठानकोट डिपो शामिल है।

निगम की बसों में 31 दिसंबर 2023 तक 11 लाख किलोमीटर ज्यादा चली हैं तथा इन्कम 10 करोड़ 86 लाख से ज्यादा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि औसतन आय प्रति किमी 39.99 रही है, जबकि 38 पिछले वर्ष थी डीजल एवरेज में भी एक लीटर में 3.64 किमी चली है, जोकि पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक है। पिछले वर्ष 2022 के मुकाबले 2023 में काफी विकास व बेहतरीन कार्य हुआ। इसमें कमाई व माइलेज में भी प्रगति की है। निगम की ओर से लगातार चालकों की ट्रेंनिग भी करवाई जा रही है। सभी ड्राइवरों का कोर्स सरकाघाट में करवाया जा रहा है। बसों में सफर सुरक्षित बनाए जाने के लिए हर प्रकार से प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बसों को रूट पर भेजने से पहले बसों को बेहतरीन मरम्मत व तैयार करके भेज जाए। डीएम ने कहा कि बसों को ढाबों में रुकने पर नियमों व निर्धारित मूल्यों पर खाना मिलने को लेकर भी जांच पड़ताल समय-समय पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि शौचालय की दशा भी बेहतरीन रखने को कहा गया। साथ ही सर्दियों में अधिक धुंध होने पर बसों को रोक भी देना चाहिए, ताकि सवारिया सुरक्षित रहें। डीएम पंकज चड्ढा ने कहा कि बसों व वॉल्वो में भी बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

### लोग सुकन्या समृद्धि योजना का उठाएं लाभ

**डाडासीबा।** देहरा डाक मंडल द्वारा एक जनवरी से लेकर 12 जनवरी तक समृद्ध सुकन्या, समृद्धि समाज विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश भर में दस वर्ष तक की सभी बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता खोल कर उन्हें भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ पहुंचाना है। सरकार ने एक जनवरी से वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए सुकन्या समृद्धि योजना पर मिलने वाली ब्याज दर में 0.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस योजना में निवेश करने पर अब सालाना आठ प्रतिशत के बजाय 8.20 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा। इस स्कीम के जरिए अभिभावक आसानी से अपनी बेटी के लिए लाखों रुपए का फंड तैयार कर उसका भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। एक परिवार में अधिकतम दो लड़कियों के लिए यह खाता खोला जा सकता है। खाते में एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 150000 रुपए तक जमा करवाए जा सकते हैं।

## विधायक किशोरी लाल ने उत्तराला स्कूल के होनहारों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात उन्होंने आज बुधवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उत्तराला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि अध्यक्षता करने के उपरांत व्यक्त किय।

सीपीएस ने कहा कि शिक्षा से मनुष्य महान बनता है। बिना शिक्षा के मनुष्य कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव में किए सभी वादे पूरे किए हैं।

बैजनाथ कॉलेज में एमए की कक्षाएं शुरू करवा दी गई हैं। उन्होंने कहा कि विस क्षेत्र में पेयजल योजना के अंतर्गत ओवरहेड टैंक बनाए जा रहे हैं। पेयजल की समस्या को आने वाले समय में खत्म किया जाएगा। वहीं, विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव आचार्य ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 11 हज़ार व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को 5100 रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।




कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ सामूहिक चित्र में बैजनाथ के विधायक।

### विधायक सुधीर शर्मा ने दी जानकारी, बोले- सभी के लिए गर्व की बात

## कचहरी चौक में तिरंगा लगाने को ट्रायल शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने स्मार्ट सिटी का एक और सपना साकार कर दिया है। धर्मशाला शहर के केंद्र बिंदु कचहरी चौक में 150 मीटर ऊंचे तिरंगे का ट्रायल शुरू हो गया है। स्मार्ट रोड प्रोजेक्ट के तहत यह तिरंगा लगाया गया है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि अभी 24 घंटे का ट्रायल शुरू हुआ है। इसके बाद इस तिरंगे को जनता के नाम समर्पित कर दिया जाएगा। सुधीर शर्मा ने बताया कि स्मार्ट सिटी के 75 प्रोजेक्टों में स्मार्ट रोड एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। धर्मशाला में इस प्रोजेक्ट पर अब तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि जिस समय यह परियोजना बन रही थी, उसी समय उन्होंने इस बारे में एक सपना देखा था। वह चाहते थे कि धर्मशाला शहर में किसी एक जगह ऊंचा तिरंगा स्थापित किया जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले सैलानियों में अच्छा संदेश दिया जा सके। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि यह तिरंगा दिन-रात रोशनी से जगमग होगा। धर्मशाला में बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा, एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम, शहीद स्मारक, शिक्षा बोर्ड, जिला मुख्यालय आदि प्रमुख पहचान हैं। इसके अलावा कृषि, बागवानी, पशुपालन, एक्साइज, इंडस्ट्रीज, दर्जनों बैंक, अस्पताल के अलावा पर्यटन निगम के व प्राइवेट होटल हैं। इनमें रोजाना हजारों की संख्या में लोग आते हैं। इन लोगों में हाई एंड टूरिस्ट भी शामिल रहते हैं। ऐसे में 150 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा हर किसी को आकर्षित करेगा। इससे देश-दुनिया में सारा शहर फिर से ट्रैंड करने लगेगा।

### एमएलए ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**सुधीर** शर्मा ने कृषि, बागबानी, उद्योग, भू-संरक्षण आदि विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे धर्मशाला की जनता को सरकार की योजनओं से अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि कई जगह से कूहल, डंगे, रास्ते आदि की शिकायतें आएं, तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने जलशक्ति विभाग को खासतौर पर निर्देश दिए हैं कि वह अपने सिंचाई व पेयजल प्रोजेक्टों को सुचारु रखें।

## ट्रक-बस ड्राइवर की हड़ताल खत्म होते ही पटरी पर लौटने लगी जिंदगी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए हिट एंड रन कानून के विरोध मे ट्रक और बस ड्राइवर की हड़ताल खत्म होते ही उपमंडल पालमपुर में जिंदगी पटरी पर लौटने लगी है। परिवहन सेवाएं फिर गति पकड़ रही हैं और डीजल-पेट्रोल से लेकर दूध और सब्जी की आपूर्ति भी सामान्य हो चली है। लोकल बसें भी रफ्तार पकड़ रही हैं।

वहीं, ट्रक और बस ड्राइवर की हड़ताल खत्म होते ही इलाके में जिंदगी पटरी पर लौटने लगी है। परिवहन सेवाएं फिर गति पकड़ रही हैं और डीजल-पेट्रोल से लेकर दूध और सब्जी, दवाइयों व रोजमर्रा की वस्तुओं आपूर्ति भी सामान्य हो चली है। बसें भी रफ्तार पकड़ रही हैं। केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून में किए गए संशोधन के बाद देशव्यापी ट्रक और बस चालक हड़ताल पर थे। यह हड़ताल दो दिन चली और बाद में केंद्र सरकार के गृहमंत्रालय और आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट्स एसोसिएशन के बीच हुई बातचीत के बाद हड़ताल खत्म करने का ऐलान कर दिया गया। इससे आम जनता ने राहत कि सांस ली है, काबिले गौर है कि सिर्फ दो दिनों के चक्का जाम से उपमंडल पालमपुर में ही हालत खस्ता हो गई थी। यहां के दर्जनों पेट्रोल पंपों पर मंगलवार देर रात तक वाहनों कि लंबी-लंबी कतारे लगी रही, जबकि कई पंप ऑपरेटरों के पास तेल ही खत्म हो गया था। साथ ही हड़ताल से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। बहरहाल, केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए हिट एंड रन कानून के विरोध में ट्रक और बस ड्राइवर की हड़ताल खत्म कर दी है।

### जनजीवन हुआ सामान्य

**हड़ताल** खत्म होने के बाद बुधवार को जनजीवन सामान्य हो गया है। बसों के पहिए चल पड़े, वहीं सड़कों पर खड़े ट्रक भी अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना होने लगे. पूरे जिले सहित राज्य के अन्य हिस्सों में हड़ताल खत्म होने के साथ परिवहन सेवा में सुधार आया तो जरूरी सामानों की आपूर्ति भी शुरू हो गई।

### बच्चों की उपस्थिति बढ़ी

**हड़ताल** के खत्म होने के बाद आज स्कूलों में भी छात्रों की उपस्थिति बढ़ गई। स्कूली बसें भी बच्चों को लेने उनके घरों तक पहुंची। ट्रक और बस ड्राइवर की हड़ताल ने दो दिन जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया था। वहीं, पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल के खत्म होने के चलते परिवहन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई थी।

**कार्यक्रम** कॉफ रैली कार्यक्रम के दौरान पालमपुर के एमएलए आशीष बुटेल ने दी जानकारी

## कंडवाड़ी में खोला जाएगा डे बोर्डिंग स्कूल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने सरकार पशु पालकों की समस्याओं के प्रति काफी गंभीर है और दूध और दुग्ध उत्पादों से पशु पालकों की आय में बढ़ोतरी के नए एवम वैज्ञानिक तरीके खोज कर रही है। इससे कि बेरोजगार और शिक्षित युवा इस व्यवसाय की तरफ आकर्षित हों और पशु पालन इन युवाओं के लिए आय का साधन बन सके।

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने बुधवार को कंडबाड़ी में प्रोजेनी टेस्टिंग जर्सी प्रोजेक्ट के तत्वावधान में पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित कॉफ रैली में बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान सरकार ने पशु पालकों के लिए 500 करोड़ रुपए की दूध गंगा योजना आरंभ की गई है। इसके तहत गांवों से दूध एकत्रित कर क्लस्टर स्तर पर चिलिंग प्वाइंट तक पहुंचाया जाएगा। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि वर्तमान सरकार सभी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करेगी तथा आम जनमानस की सुविधाओं के लिए बेहतरीन कदम उठाए जाएंगे। बुटेल ने कहा कि कंडवाड़ी में डे बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा। इसके साथ ही कुल्हाणी तथा सपेरू से पडियार खर वाया सरसौला, कलौरी माता से कठियार-गजियाड़ा तक सड़क निर्माण के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में दो श्रेणियों में शून्य से छह माह और छह से 12 माह की बछड़िओं में कुल 50 बछड़ियों के बीच में प्रतिस्पर्धा हुई। शून्य से छह माह के वर्ग में कंडबाड़ी के देश राज की जर्सी बछड़ी प्रथम आई। गंगो देवी ननाहर, रजनी देवी गहर की बछड़ियां क्रमश: द्वितीय, तृतीय पुरस्कार जीतने में सफल रहीं। छह से 12 माह की श्रेणी में विजय कुमार सलियाना की जर्सी बछड़ी प्रथम, नैन से शक्ति चंद की बछड़ी द्वितीय, संसार चंद कंडबाड़ी की बछड़ी तृतीय पुरस्कार जीतने मे सफल रही। मुख्यातिथि ने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह, नकद पुरस्कार, 50 किलो फीड, कैल्शियम, प्रशस्ति पत्र और अन्य पशु उत्पाद उपहार स्वरूप दिए गए। इससे पहले सहायक निदेशक डॉक्टर अनीश कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए पशुपालन विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के मंडलाध्यक्ष त्रिलोक, लोकेंद्र ठाकुर, जिला परिषद सदस्य श्रेष्ठा, अमर सिंह, अजीत, निशा, शशिपाल, अमरनाथ सेठी, कुल्तार, विजय वालिया, राजेंद्र, प्यार चंद प्रधानाचार्य मनोहर लाल, उपनिदेशक डॉक्टर लाल गोपाल, डॉ. राजेश राणा, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी पालमपुर सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ विधायक आशीष बुटेल।

## कल होगा बरनेट सड़क का टेंडर ग्रामीण बोले, थैंक्यू एमएलए साहब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत धर्मशाला की सीमा से लगते बरनेट से घेरा सड़क के निर्माण कार्य के जल्द शुरू होने को लेकर ग्रामीणों में खुशी है तो वहीं लोगों ने इसके लिए स्थानीय विधायक का आभार जताया है। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक केवल सिंह पठानिया के कारण ही उनका सपना सच हो पाया है।

बताते चलें कि इस सड़क का टेंडर-पांच जनवरी को होने जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में खुशी है। लोगों ने कहा कि जब मौजूदा विधायक केवल पठानिया पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष थे तभी से वो इस सड़क के निर्माण के लिए आगे आए। वहीं उनके विधायक बनने के साथ ही क्षेत्र के लोगों को सड़क बनने की जो आस थी अब वो पूरी होने से लोगों में खुशी है तथा लोग विधायक का आभार जता रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क, चंबा के साथ-साथ पठानकोट जाने वालों को भी बेहद कम समय में पहुंचा देगी। सड़क के लिए प्रयासरत भितलू के पूर्व बीडीसी सदस्य देशराज तथा भितलू के पूर्व प्रधान लालमन ने बताया कि इस सड़क के बनने से बरनेट के अलावा घेरा, खड़ी बेही, कोरी, बोटू, नौरा, नोहली, कुठारना, भित्तलू तथा चमिवारा आदि को सीधा फायदा होगा। इससे जहां लोग मैक्लोडगंज-धर्मशाला और शाहपुर, सिहुंता- चुवाड़ी से डल्हौजी पहुंचेगी। वहीं चड़ी-शाहपुर से होते हुए पठानकोट को भी यह सुगम मार्ग होगा।



विधायक का आभार जताते हुए ग्रामीण।

# एमसी की तानाशाही व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ गरजे सैहब कर्मी

## सैहब सोसायटी का निजीकरण व आउटसोर्स करने की कोशिश की तो हड़ताल पर जाएंगे कर्मी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सैहब सोसायटी वर्कर्स यूनियन के बैनर तले सैकड़ों सैहब व आउटसोर्स कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर व निगम प्रशासन की तानाशाही सहित मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ निगम कार्यालय डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया।

सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, कोषाध्यक्ष बालक राम, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि अगर सैहब सोसायटी का निजीकरण अथवा आउटसोर्स करने की कोशिश की गई, तो मजदूर बेमियादी हड़ताल पर चले जाएंगे व शहर में कार्य पूरी तरह ठप कर देंगे। निगम प्रशासन सैहब के बाय लॉज के खिलाफ कार्य कर रहा है व सैहब के कार्य की आउटसोर्सिंग करने की साजिश रच रहा है। जो अढ़ाई करोड़ रुपए निगम घरों की मैपिंग हेतु क्यू आर कोड स्कैनिंग के लिए खर्च करना चाहता है, उतने पैसे में 150 अतिरिक्त मजदूरों की भर्ती हो सकती है, जिससे शहर को और ज्यादा स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी व कार्यरत मजदूरों पर काम का बोझ घटेगा। इतने पैसे से सभी सैहब व आउटसोर्स कर्मियों को तीन वर्ष तक 15 हजार रुपए बोनस दिया जा सकता है। यह सब कमीशनखोरी व ठेकेदारी प्रथा को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। निगम प्रशासन सरकारी पैसे का दुरुपयोग करना चाहता है ,जिसे सहन नहीं किया जाएगा। सैहब मजदूरों व सुपरवाइजरों का भारी आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। हर महीने एक दर्जन सुपरवाइजरों व सैकड़ों आउटसोर्स कर्मियों का वेतन रोका जा रहा है, जो कि वेतन भुगतान अधिनियम 1936 का उल्लंघन है। सुपरवाइजरों व गारबेज कलेक्टरों के हर महीने वेतन को रोकने के लिए निगम आयुक्त के निर्णय को श्रम अधिकारी शिमला की ओर से गैर कानूनी घोषित किया जा चुका है, परंतु इसके बावजूद वह तानाशाही कर रहे हैं। आयुक्त आए दिन सुपरवाइजरों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर रहे हैं, जो कि गैर कानूनी है। वह श्रम विभाग के आदेशों की खुली उल्लंघना कर रहे हैं। इसलिए श्रम अधिकारी को तुरंत आयुक्त पर कोड ऑफ सिविल प्रोसीजर 1908 के तहत कार्रवाई अमल में लानी चाहिए।



डीसी कार्यालय के बाहर सीटू के बैनर तले प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी।

### सरकार की ओर से दिया जाए घोषित वेतन



**सभी** सैहब सुपरवाइजरों व मजदूरों को सरकार की ओर से घोषित वेतन दिया जाए। सुपरवाइजरों व मजदूरों के लिए पदोन्नति नीति बनाई जाए। उनकी ईपीएफ की बकाया राशि उनके खाते में जमा की जाए। उनसे अतिरिक्त कार्य करवाना बंद किया जाए। उन्होंने मांग की है कि सैहब एजीएम की बैठक तुरंत बुलाई जाए व सैहब कर्मियों की मांगों को पूर्ण किया जाए। प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, सीटू कोषाध्यक्ष बालक राम, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह, महासचिव ओमप्रकाश गर्ग, सूरत राम, नरेंद्र, राकेश, राहुल, शिव राम, बूटा राम, विक्रम, दिगंबर, मनोज, अजित, चंदू लाल, दिनेश, धर्म चंद, नीरज, ललित, दलविंद्र, मदन, इंद्र, प्रेम, राजीव, खूब राम, अरविंद, बबलू चौहान आदि शामिल रहे।

### नियमित कर्मचारी घोषित किया जाए

निगम आयुक्त मजदूरों की ओर से दिए गए 32 सूत्री मांग पत्र के जरिए उठाई जा रही आवाज को दबाना चाहते हैं,। प्रशासन की ओर से हर महीने सुपरवाइजरों व आउटसोर्स कर्मियों के वेतन को रोकने तथा सैहब कर्मियों के वेतन को सात तारीख के बाद देने की परंपरा कानून विरोधी है। अगर यह परंपरा बंद न की गई तो मजदूर हड़ताल पर उतर जाएंगे। उन्होंने मांग की है कि सैहब वर्कर्स को नियमित कर्मचारी घोषित किया जाए।

### कानूनी रूप से 39 छुट्टियां दी जाएं

उन्हें 15वें भारतीय श्रम सम्मेलन, सुप्रीम कोर्ट के सन् 1992 के आदेश, सातवें वेतन आयोग की जस्टिस माथुर की सिफारिशों व 26 अक्तूबर, 2016 के माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार 26 हजार वेतन दिया जाए। उन्हें अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। उन्हें कानूनी रूप से 39 छुट्टियां दी जाएं। सैहब में आउटसोर्स में कार्यरत कर्मियों को सैहब के अंतर्गत लाया जाए व उन्हें समय पर वेतन दिया जाए। सैहब कर्मियों को 4-9-14 का लाभ दिया जाए।

# वेतन न मिलने पर बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## वर्तमान एमडी को हटाकर स्थायी एमडी लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। शिमला बोर्ड मुख्यालय कुमार हाउस के बाहर कर्मचारियों ने सैलरी में 52 साल में पहली बार देरी होने और ओपीएस की बहाली न होने पर विरोध-प्रदर्शन किया और कहा कि सरकार ने अगर फरवरी समय से पहले ओपीएस बहाली और बोर्ड में स्थायी एमडी की नियुक्ति नहीं की गई, तो भविष्य में यह विरोध-प्रदर्शन बड़े आंदोलन का रूप लेगा।

प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी व इंजीनियर ज्वाइंट फ्रंट के सहसंयोजक हीरा लाल ने बताया कि 52 साल के इतिहास में पहली बार कर्मचारियों को तीन जनवरी होने पर तनख्वाह नहीं मिली है, जो कि पहले एक तारीख को मिल जाती थी। वहीं, सरकार ने प्रदेश में ओपीएस बहाल कर दी है, लेकिन बिजली बोर्ड की कर्मचारियों को अभी तक इससे वंचित रखा गया है, जिसके कारण कर्मचारी हताश हैं।

मुफ्त की बिजली देने के सरकार के फैसले और बोर्ड के कुप्रबंधन चलते बिजली की हालत खस्ता है। बोर्ड में एमडी की स्थायी नियुक्ती नहीं हुई है। इसलिए कर्मचारियों को जल्द ओपीएस बहाल की जाए और एमडी की बोर्ड में स्थायी नियुक्ति की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से कर्मचारियों को जूझना न पड़े।



बिजली बोर्ड मुख्यालय में आयोजित गेट मीटिंग में भाग लेते अधिकारी व कर्मचारी।

### कुमारसैन के कर्मचारियों ने भी किया प्रदर्शन



कुमारसैन में बिजली बोर्ड के कर्मचारी वेतन न मिलने पर प्रदर्शन करते हुए।

**कुमारसैन।** बुधवार को बिजली बोर्ड कुमारसैन मंडल के कर्मचारियों ने केंद्रीय कार्यकारिणी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर, दिसंबर माह का वेतन न मिलने तथा ओपीएस बहाल न होने पर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही निर्णय लिया कि जब तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल जाए, तब तक सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय में भोजन अवकाश के दौरान विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। यदि जरूरत पड़ी, तो कर्मचारी उग्र आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। इस प्रदर्शन में संयुक्त मोर्चा के इंजी संजय कश्यप, सहायक अभियंता इंजी टीसी भारती, सुंदर सिंह जिष्टु, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एचपीएसईबीएल व कर्मचारी यूनिट कुमारसैन के प्रधान राकेश चंद, सचिव राजेंद्र मेहता, संगठन सचिव पवन कुमार, उपप्रधान पंकज, रामानंद, इंजी प्रमोद चौहान, मीरा बाली भी मौजूद रहे।

# शहरवासियों को मिलेंगी एस्केलेटर और लिफ्ट सहित कई सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

> नया साल 20 से ज्यादा सौगातें लेकर आने वाला है

शहर के हर वार्ड में चल रहे स्मार्ट सिटी के कार्य की रफ्तार बढ़ने वाली है। इसके लिए निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान भी एक्शन मोड़ पर आ गए हैं। इसके लिए हर महीने उन्होंने सभी कार्यों का ब्यौरा लेने के लिए बैठक लेने का निर्णय लिया है। इस साल शहर में स्मार्ट सिटी के सभी कार्य पूरा करने का लक्ष्य भी निगम ने बना लिया है।

शहरवासियों को सभी विकास कार्यों की सुविधा इसी साल मिले इसको लेकर मेयर ने कार्य करना भी शुरू कर दिया है। शहरवासियों के लिए नया साल 20 से ज्यादा सौगात लेकर आने वाला है। राजधानी में इस साल एस्केलेटर, लिफ्ट, स्मार्ट फुटपाथ और पार्किंग समेत कई बड़े प्रोजेक्टों का काम पूरा हो जाएगा। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बन रहे कई प्रोजेक्ट साल की शुरुआत में ही पूरे हो जाएंगे। इनमें सबसे पहले जाखू मंदिर में एस्केलेटर की सुविधा लोगों को मिलेगी। 8 करोड़ रुपए से बन रहे इस एस्केलेटर का काम जनवरी में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। शहर में चार नई लिफ्टें तैयार होंगी। लोअर से मिडल बाजार को बनने वाली लिफ्ट मार्च तक तैयार होगी, जबकि ऑकलैंड टनल से लक्कड़ बाजार लिफ्ट का काम जून तक पूरा होगा। लक्कड़ बाजार से रिज लिफ्ट का काम भी जून तक पूरा करने की तैयारी है। शहर की सबसे बड़ी विकासनगर लिफ्ट का काम इस साल के अंत तक पूरा हो जाएगा। ढली में नया बस अड्डा मार्च तक तैयार होगा, जबकि साल के अंत तक लक्कड़ बाजार में भी नया बस स्टैंड बन जाएगा। आईजीएमसी अस्पताल, डेंटल कॉलेज, ऑकलैंड टनल, एसडीए परिसर, लोकल बसस्टैंड, विकासनगर और टुटू में बहुमंजिला पार्किंग इसी साल बनकर तैयार हो जाएंगी। इनमें 1500 से ज्यादा वाहनों को सुविधा मिलेगी।

# 80 प्रतिशत कार्य पूरे, पेंडिंग को दो माह में पूरा करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुमारसैन**

जिला परिषद कुमारसैन वार्ड की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला परिषद सदस्य उज्ज्वल सेन मेहता की अध्यक्षता में पंचायत भवन कुमारसैन में हुई।

बैठक में नारकंडा ब्लॉक के बीडीओ जगदीप कंवर भी मौजूद रहे। इस समीक्षा बैठक में जिला परिषद सदस्य कुमारसैन की 14 पंचायत में वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के दौरान विभिन्न पंचायतों में जिला परिषद निधि के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में कुमारसैन के जिला परिषद सदस्य उज्ज्वल सेन मेहता ने बताया कि इस समीक्षा बैठक में मौजूद पंचायत सचिवों से जिला परिषद निधि से चल रहे कार्यों पर चर्चा की गई। कुमारसैन वार्ड की 14 पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के दौरान जिप निधि से जारी लगभग 80 प्रतिशत विकास योजनाओं के कार्य लगभग पूरे कर लिए गए हैं व शेष बचे बाकी कार्यों को एक दो माह में पूरा करने के निर्देश दिए गए।



कुमारसैन में जिला परिषद वार्ड के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए।

उन्होंने जिप निधि से लगने वाली बची सोलर लाइट को भी शीघ्र लगाने के निर्देश दिए। जिप सदस्य ने सभी पंचायत सचिवों को जिला परिषद निधी के तहत किए गए कार्यों पर बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, जिसमें निधि और संबंधित योजना का नाम दर्शाया गया हो। बैठक में विकासखंड नारकंडा के खंड विकास अधिकारी जगदीप कंवर और पीआई हरिचंद सहित विभिन्न पंचायतों के सचिव और तकनीकी सहायक मौजूद रहे।

# हर पर्यटक देगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शिमला।** शिमला में आने वाले पर्यटक अब पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। निगम शिमला ने हर पर्यटक को कागज व कपड़े का बैग देने की योजना बनाई है। निगम ने इसका प्रस्ताव तैयार किया है।

नगर निगम प्रशासन का मानना है कि पर्यावरण को साफ बनाने के लिए और शहर को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए यह नई पहल की गई है। वहीं, शहरवासियों को जल्द ही उपनगरों में कई पार्किंग की सुविधा मिलने वाली है। निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शहर के पर्यावरण को बचाना विकास के साथ प्राथमिकता है। इसके लिए योजना तैयार की है। अप्रैल 2024 से शहर में आने वाले हर पर्यटक को बैग देने की योजना है। पर्यटक शहर में बाहर से पॉलीथीन लाते हैं, उनके जाने के बाद ये शहर में छूट जाता है। इसलिए पॉलीथीन को पूरी तरह से खत्म करने के लिए हर प्रवेश द्वार और होटलों पर पर्यटकों को कपड़े और कागज के बैग दिए जाएंगे।

# एमसी का पानी पीने वाली सभी पंचायतों के लोगों को देना होगा पेयजल बिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

> शहर के नगर निगम हाउस में पहले भी लिया था फैसला, प्रस्ताव पर लगी मुहर

शहर की सटी पंचायतों में एमसी का पानी पीने वाले लोगों को अब पेयजल बिल देना होगा। शिमला जल प्रबंधन निगम इन पंचायतों को नियमित तौर पर पानी देता है, लेकिन इसको कोई बिल कंपनी को नहीं मिलता है। शिमला जल प्रबंधन निगम का कहना है कि इससे कंपनी को करोड़ों का घाटा झेलना पड़ रहा है। क्योंकि पंचायती क्षेत्रों में सारी सुविधाओं के साथ पानी दिया जाता है। वहीं, पेयजल संबंधी दिक्कतों को भी कंपनी ही ठीक करती है। इसमें कंपनी का काफी खर्च हो जाता है, लेकिन इस खर्चे को कहां से पूरा किया जाए, इसको लेकर कंपनी के पास कोई दूसरा साधन भी नहीं है।

निगम के हाउस में इसको लेकर प्रस्ताव भी लगाया गया था। इस प्रस्ताव पर निगम ने अब मोहर लगा ली है। इन उपभोक्ताओं से बिल वसूली करनी है या नहीं, जलशक्ति विभाग ने इसका प्रस्ताव सरकार को भेज दिया है। पेयजल कंपनी की ओर से बिल वसूली की तैयारियों के बीच जलशक्ति विभाग को यह प्रस्ताव सरकार को भेजना पड़ा है। अभी शहर से सटे मैहली, सरघीण, मल्याणा, भट्टा कुफर, दुधली आदि पंचायती इलाकों में जलशक्ति विभाग पानी की आपूर्ति कर रहा है। विभाग की इन इलाके में अपनी कोई पेयजल योजना नहीं है।

पेयजल कंपनी से पानी लेकर विभाग इसकी आपूर्ति अपने उपभोक्ताओं को करता है। अभी तक कंपनी मुफ्त पानी विभाग को दे रही है, लेकिन अब कंपनी ने इस पानी का बिल वसूलने का फैसला लिया है। इस बारे में प्रस्ताव तैयार कर बीते महीने निदेशक मंडल की बैठक में भी रखा गया था। जलशक्ति विभाग को इसके बाद मजबूरन सरकार को प्रस्ताव भेजना पड़ा है।

# न्यू ईयर पर वन-मिनट ट्रैफिक प्लान हुआ मददगार

**शिमला।** राजधानी शिमला में इस बार बहुत सारी चुनौतियां को पार करके धूमधाम से नए साल का जश्न मनाया गया। सरकार की ओर से चलाए गए वन-मिनट ट्रैफिक प्लान से पर्यटकों को आने-जाने में भी मदद की। शिमला एसपी संजीव गांधी ने बताया कि इस बार शिमला बहुत सारी चुनौतियों को पार करके गुजरा है।

> पिछले वर्ष से 25 प्रतिशत लोगों की आवाजाही बढ़ी

शिमला में इस बार पिछले वर्ष से 25 प्रतिशत लोगों की आवाजाही बढ़ी। दुर्घटनाओं से बचने के लिए सरकार की ओर से जारी वन मिनट ट्रैफिक प्लान बहुत ज्यादा मददगार साबित हुआ। इस बार हर वर्ष के मुताबिक अढ़ाई लाख से ज्यादा पर्यटकों ने शिमला में एंट्री ली। न्यू-ईयर पर 70 से 80 हजार के करीब लोग रिज मैदान के आसपास घूमते नजर आए। वहीं, पांच दिन के विंटर कार्निवाल ने भी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित किया और बड़ी धूमधाम से पूरा हुआ। जनता ने भी इस साल हर चीज में साथ दिया।

### फेरन और लॉन्ग कोट का क्रेज...



सर्दी से बचने के साथ युवा फैशन का भी खास ख्याल रखते हैं, इन दिनों फेरन और लॉन्ग कोट सभी को पसंद आ रहे हैं। (फोटो-प्रदीप कुमार)

# एमसी की गाड़ियों से तेल चोरी नहीं कर पाएगा चालक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम के चालक अब अपनी मनमर्जी से गाड़ियों को नहीं दौड़ा पांएगे और न ही अपनी मर्जी से तेल खर्च कर सकेंगे। निगम के अधिकारियों के पास पहले भी तेल भरने के बिलों में गड़बड़ी पाई गई थी। वहीं, अब तेल की मारामारी भी हो रही है। ऐसे में अब निगम तेल चोरी को रोकने के लिए आधुनिक सुविधाओं को अपनाने वाला है।

निगम अपनी पुरानी 20 गाड़ियों में जीपीएस सिस्टम के साथ साथ तेल की टंकियों में सेंसर लगाने वाला है। निगम ने कंपनियों से भी प्रस्ताव मांगे हैं। हालांकि पहले भी नगर निगम ने अपनी पुरानी गाड़ियों की टंकी में सेंसर लगाए थे, लेकिन उसमें यही जानकारी मिल रही थी की टंकी में कितना तेल डाला गया है और कितना बचा है।

> हम अपनी सभी पुरानी गाड़ियों में सेंसर और जीपीएस लगा रहे हैं। इसके लिए कंपनियों से बात हो गई है और कंपनियों से डेमों मांगे गए हैं। कंपनियों के डेमों के बाद ही सभी गाड़ियों में जीपीएस और सेंसर लगाए जाएंगे।
> **भूपेंद्र अत्री, आयुक्त, नगर निगम शिमला**

ऐसे में इन सेंसरों को हटना भी पड़ा था, लेकिन निगम के आयुक्त ने इसको लेकर फिर से संज्ञान लिया और सेंसर लगाने के लिए कई कंपनियों से बात की है।

# पहाड़ी क्षेत्रों में मकानों का बीमा करवाने की आवश्यकता: रोहित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आपदा की स्थिति में प्रदेश सरकार की ओर से आपदा राहत मैन्युअल के तहत राहत प्रदान की जाती है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि पहाड़ी क्षेत्रों में लकड़ी के मकानों में रहने वाले लोग अपने मकानों का बीमा भी करवाएं, जिससे उनके नुकसान की क्षतिपूर्ति हो सके।

शिक्षा मंत्री ने जुब्बल तहसील के अंतर्गत शिल्ली पंचायत के प्राउंठी के दौरे के दौरान कही। उन्होंने पंचायतीराज संस्थानों के प्रतिनिधियों से इस विषय में लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। शिक्षा मंत्री ने आज जुब्बल तहसील के अंतर्गत शिल्ली पंचायत के प्राउंठी गांव में एक जनवरी की रात को हुई आगजनी की घटना का जायजा लिया। प्रशासन को अग्नि पीड़ित परिवारों को फौरी राहत पहुंचाने के निर्देश दिए व पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर शिल्ली पंचायत के प्राउंठी का दौरा करते हुए।

**आयोजन** रिज पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस, एडीसी ने समारोह की तैयारियों पर की बैठक

# समारोह की सफलता के लिए विभाग आपसी समन्वय से करें कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मनाया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को बचत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने की।

इस समारोह की सफलता के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और अभी से समारोह की तैयारी आरंभ कर दें। एडीसी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को देखने के लिए लोग दूरदराज से आते हैं। इसलिए राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कुछ नया लोगों को देखने को मिले, इस दिशा में सभी विभाग मिलकर कार्य करें। झांकियों, मंच और रिज की सजावट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित हर चीज में कुछ नया और बेहतर करने की कोशिश करें, ताकि इस बार का गणतंत्र दिवस समारोह सभी के लिए यादगार बने। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में जे एंड के राइफल्स, आईटीबीपी, पुलिस के महिला व पुरुष टुकड़ियां, सेना पाइप बैंड, यातायात पुलिस, पुलिस बैंड, होमगार्ड, अग्निशमन सेवा, डाक सेवा, होम गार्ड बैंड, पूर्व सैनिकों का दल, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एंड गाइड्स, आपदा प्रबंधन समूह तथा पुलिस का श्वान दल आदि शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त पड़ोसी राज्यों की पुलिस टुकड़ियां भी परेड में शामिल होंगी। परेड के पूर्वाभ्यास के लिए एडीसी तथा एएसपी नोडल अधिकारी होंगे। गणतंत्र दिवस परेड प्रभावशाली होनी चाहिए और परेड में भाग लेने वाली सभी टुकड़ियों में पूरा समन्वय होना चाहिए क्योंकि परेड व मार्च पास्ट ऐसे समारहों का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं।

22 से 24 जनवरी से सभी टुकड़ियां परेड का पूर्वाभ्यास आरंभ करेंगी तथा 24 को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। इस वर्ष राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में 22 जे एंड के राइफल्स, हिम ऊर्जा, पर्यटन विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु स्वास्थ्य विभाग, उद्योग विभाग, डीआरडीए, शिक्षा विभाग, नगर निगम शिमला, वन विभाग, भाषा कला एवं संस्कृति विभाग, डाक विभाग सहित अन्य विभागों की झांकियां शामिल की जाएंगी। झांकियां आकर्षक व ज्ञानवर्धक होनी चाहिएं। एडीसी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदेश व अन्य राज्यों की लोक संस्कृति को दर्शाने पर बल देते हुए कार्यक्रमों में विविधता लाने के निर्देश भी दिए, जिसमें विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दल, एनजेडसीसी पटियाला के दल, स्कूल और बालिका आश्रम टूटीकंडी के बच्चों को शामिल करने को कहा।



बचत भवन में गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी अभिषेक वर्मा।

### मौसम खराब होने पर गेयटी में की जाएगी व्यवस्था

एडीएम प्रोटोकॉल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी होंगे। मौसम खराब होने की स्थिति में गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत भारद्वाज, एएसपी सुनिल नेगी, उपमंडलाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, उपमंडलाधिकारी शिमला ग्रामीण निशांत कुमार, सहायक आयुक्त डॉ. पूनम सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए जुटाए 31 हजार रुपए



मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए 31 हजार रुपए विक्रमादित्य को देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दाड़गी की ओर से लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए 31 हजार रुपए का चेक भेंट किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि दाड़गी स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान आसपास के गांवों से यह चंदा एकत्रित किया, इसमें पंचायत प्रधान मीरा शर्मा सहित कृष्णा शर्मा, हेमंत कंवर, समर सिंह ने भी अपना योगदान दिया। एनएसएस स्वयंसेवियों में दीप्ती, अंजली, मीनाक्षी, लक्षिता इत्यादि शामिल हैं। इस अवसर पर स्कूल में अंग्रेजी के प्रवक्ता प्यार सिंह और कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस युगल किशोर भी उपस्थित रहे।

# सोलन में अवैध रूप से कब्जाई जमीन को वापस लेगा निगम

## मेयर उषा शर्मा ने चंबाघाट में हुए अतिक्रमण का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने मंगलवार को निगम अधिकारियों सहित चंबाघाट में अवैध रूप से कब्जाई गई निगम की जमीन का निरीक्षण किया, साथ ही जमीन का अवैध कब्जा छोड़ने के आवश्यक निर्देश दिए।

मेयर ने कहा कि शहर में बहुत से क्षेत्रों में निगम की जमीन पर अवैध रूप से कब्जे किए गए हैं, जिसे वापस लिया जाएगा। साथ इन स्थानों पर छोटी पार्किंग और रोजगार चलाने के लिए स्टॉल इत्यादि का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में नगर निगम की जनरल हाउस में इस प्रकार की जमीनों को कब्जा वापस लेने का निर्णय लिया है। इसके तहत मौके पर राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक जमीन का जायजा लिया गया। मेयर उषा शर्मा ने कहा कि शहर में बहुत जगहों में इस प्रकार की जमीन कब्जाई गई है, जहां पर निगम छोटी पार्किंग बनाकर आय के साधन जुटा सकती है।

इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर डिप्टी मेयर मीरा आनंद सहित नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



चंबाघाट में अतिक्रमण का जायजा लेती मेयर उषा शर्मा।

### उद्योग मंत्री हर्षवर्धन का सिरमौर प्रवास आज से

**पांवटा साहिब।** उद्योग, संसदीय मामले एवं आयुष मंत्री हर्षवर्धन चौहान आज से छह जनवरी तक सिरमौर जिले के प्रवास पर रहेंगे। उद्योग मंत्री आज प्रात: 10 बजे सर्किट हाउस नाहन में पत्रकार वार्ता करेंगे। इसके उपरांत उद्योग मंत्री प्रात: 11.30 बजे सतौन तथा सायं 4.30 बजे जाखना में समस्याएं सुनेंगे। पांच और छह जनवरी को उनके कार्यक्रम होंगे।

### शूलिनी विवि का छात्र अर्पित इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अव्वल

**सोलन।** बीटेक सीएसई शूलिनी यूनिवर्सिटी के प्रथम वर्ष के छात्र अर्पित ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर (एलपीयू) में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप जीत ली है। कार्यक्रम में अर्पित को प्रथम पुरस्कार और आगामी अखिल भारतीय ताइक्वांडो खेलों में शूलिनी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। हरियाणा के रहने वाले अर्पित न केवल ताइक्वांडो की मार्शल आर्ट में उत्कृष्ट हैं, बल्कि शूलिनी विश्वविद्यालय में मार्शल आर्ट गतिविधियों के लिए छात्र समन्वयक के रूप में भी काम करते हैं।



साथियों के साथ अर्पित।

चांसलर प्रो. पीके खोसला, प्रो. अतुल खोसला, प्रो. चांसलर विशाल आनंद, निदेशक नवाचार और शिक्षण आशीष खोसला और डीन छात्र कल्याण पूनम नंदा ने अर्पित की यात्रा का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनकी इस उपलब्धि पर अर्पित को बधाई भी दी। डीन छात्र कल्याण पूनम नंदा का कहना है कि यह उपलब्धि न केवल शूलिनी विश्वविद्यालय की उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ती है, बल्कि प्रतिभा के पोषण और सर्वांगीण उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के केंद्र के रूप में विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी मजबूत करती है।

### सोलन, सिरमौर और शिमला में अधिक फैटी लिवर, 500 लोगों पर किया अध्ययन

# हिमाचल में तेजी से फैल रहा गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग



**आर मोहन चौहान, सोलन**

राज्य में तेजी से गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग फैल रहा है। पांच जिलों के 500 लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग (एनएएफएलडी) पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से प्रचलित हो रहा है। सोलन, सिरमौर, शिमला, बिलासपुर और किन्नौर जिलों के 500 निवासियों पर किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि गैर-अल्कोहल फैटी लिवर रोग पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से प्रचलित हो रहा है।

सोलन स्थित संजीवनी अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक गैस्ट्रो सर्जन डॉ. संजय अग्रवाल ने एक अध्ययन में पाया कि एक-तिहाई मरीज शहरी क्षेत्रों से थे और बाकी ग्रामीण क्षेत्रों से थे। यह पाया गया कि जो लोग शराब का सेवन नहीं कर रहे थे, वे भी फैटी लिवर के विभिन्न चरणों से पीड़ित थे। (अनंत ज्ञान)

### अधिक वनस्पति तेल का सेवन करने से फैटी लिवर की समस्या

**यह पाया** गया कि अधिक वनस्पति तेल का सेवन करने वाले परिवारों में फैटी लिवर का प्रचलन अधिक था। डॉक्टर ने कहा, एक महीने में चार लोगों के परिवार में तीन से चार लीटर से अधिक वनस्पति तेल की खपत जोखिम को आमंत्रित करती है। इस बीमारी का उम्र से बहुत कम संबंध है, हालांकि यह बुजुर्गों में अधिक पाया जाता है। यह पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से प्रचलित था। हालांकि, यह पाया गया कि कड़ी मेहनत से काम करने वाले लोगों में इस बीमारी की संभावना कम थी। इसके अलावा, यदि शराब का सेवन किया गया, तो फैटी लिवर की चरम अवस्था तक प्रगति देखी गई। उन्होंने बीमारी से बचाव के लिए कठोर व्यायाम, योग या ध्यान के साथ कम से कम 30 से 45 मिनट तक नियमित शारीरिक गतिविधि की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



### शारीरिक निष्क्रियता और खराब आहार फैटी लिवर का प्रमुख कारण

**फैटी** लीवर का मुख्य कारण शारीरिक निष्क्रियता और खराब आहार संबंधी आदतें हैं, जिसमें उच्च वसा का सेवन, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और तंत्रिका संबंधी रोगों जैसी पूर्वगामी स्थितियों की उपस्थिति शामिल है। इस बीमारी का उम्र से बहुत कम संबंध है, हालांकि यह बुजुर्गों में अधिक पाया जाता है। अध्ययन के बारे में विस्तार से बताते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सर्वेक्षण 541 व्यक्तियों पर किया गया था। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 220 व्यक्तियों में से 70 में एनएएफएलडी था, जबकि 321 ग्रामीण निवासियों में से 78 में एनएएफएलडी था। उन्होंने कहा, फैटी लिवर का पहला चरण एक पैथोलॉजिकल खोज है, जिसमें लिवर की कोशिकाओं में वसा का प्रतिशत अधिक होता है। दूसरे चरण में लिवर की सूजन शामिल होती है और तीसरे चरण में लीवर के ऊतकों में थोड़ा सा फाइब्रोसिस विकसित हो जाता है। चौथे और सबसे गंभीर चरण में सिरोसिस शामिल है, जिसमें रोगी के शरीर में सूजन होने लगती है और वजन कम होना, भूख न लगना, ऊपरी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव और शराबी यकृत रोग के समान अन्य लक्षण भी महसूस होने लगते हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि बीमारी का पता लगाने का मुख्य मानदंड लिवर का अल्ट्रासाउंड है।

## न्यूज ब्रीफ

### उज्ज्वला सब्सिडी के लिए ई-केवाईसी जरूरी



**सोलन।** उज्ज्वला गैस कनेक्शन लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी जरूरी की गई है, ताकि उन्हें सरकार की तरफ से दी जा रही सब्सिडी का लाभ भविष्य में भी मिलता रहे। विपुल गैस एजेंसी सोलन के संचालक विपुल गोयल ने बताया कि सरकार ने उज्ज्वला गैस कनेक्शन लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी जरूरी किया है। यह नियम उन लाभार्थियों पर लागू होगा, जिन्हें पहले ही उक्त योजना के कनेक्शन मिल चुके हैं। यह वर्ग तुरंत नजदीकी गैस एजेंसी पर जाकर ई-केवाईसी करवाई। उन्होंने कहा कि विपुल गैस एजेंसी हॉस्पिटल रोड पर स्थित है। कंज्यूमर्स गैस एजेंसी पर आकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

### एनएसएस के आरडी कैंप को आर्यन का चयन



**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की के छात्र आर्यन शर्मा का चयन राज्य स्तरीय एनएसएस मैगा कैंप में भाग लेने के बाद आरडी कैंप के लिए हुआ है। ऊना जिले के रावमापा थानाकला में गत 20 दिसंबर से दो जनवरी तक राज्य स्तरीय एनएसएस मैगा कैंप आयोजित किया गया। इसमें रावमापा (छात्र) अर्की व बातल निवासी अशोक कुमार व ममता शर्मा के पुत्र आर्यन शर्मा का चयन आरडी कैंप के लिए हुआ है। पाठशाला के प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम ने विद्यालय परिवार सहित विशेष रूप से आर्यन शर्मा व उसके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी हैं।

### वाद्य यंत्रों के साथ श्री रेणुका से जाएंगे कार्यकर्ता

**श्रीरेणुका जी।** सिरमौर भाजपा के जिला सहमीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की पांच जनवरी को आयोजित रैली से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उन्होंने बताया कि रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र से भी भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में वाद्य यंत्रों के साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के स्वागत के लिए सोलन पहुंचेंगे। रावत ने बताया कि जब से जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान संभाली है, तब से भाजपा को निरंतर राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ फिर से सत्ता पर काबिज होगी। संगठन और सरकार मिलकर बहुत अच्छा काम कर रही है। इसी कड़ी में भाजपा हिमाचल की चारों लोकसभा सीट पर भी जीत दर्ज करेगी क्योंकि प्रदेश की जनता का कांग्रेस पार्टी से मोह भंग हो चुका है।

### बरव बायोजेनेज के खाली पदों को भरा जाएगा

**पांवटा साहिब।** जिला रोजगार अधिकारी सिरमौर जगदीश कुमार ने बताया कि बरव बायोजेनेज प्राइवेट लिमिटेट कालाअंब में दस पदों को भरा जाना है। इसके लिए छह जनवरी को उपरोजगार कार्यालय पांवटा साहिब में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कंपनी द्वारा भरे जाने वाले पदों का ब्यौरा देते हुए बताया कि छह पद क्वालिटी कंट्रोल में भरे जाने हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक की शैक्षणिक योग्यता बीएससी, बी-फार्मा रखी गई है तथा चार पद, एनालिटिकल केमिस्ट के भरे जाएंगे, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता बीएससी, एमएससी, बी-फार्मा होनी चाहिए तथा इन पदों के लिए आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदकों को दो से तीन वर्ष का न्यूनतम कार्य अनुभव आवश्यक है। इन पदों के लिए न्यूनतम वेतन कार्य अनुभव के आधार पर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर इच्छुक आवेदक ऑनलाइन तरीके से भी आवेदन कर सकते हैं।

### सुलभ शौचालय की हालत बदतर

**पांवटा साहिब।** हिमाचल और उत्तराखंड बॉर्डर के समीप बने यमुना टूरिज्म के सुलभ शौचालय की हालत बद से बदतर हो गई है। हालात इस तरह बदतर हो गए हैं कि लोग अंदर जाने से भी डर रहे हैं। बिल्डिंग अपने बदहाली पर आंसू बहा रही है। शौचालय के नल टूटे पड़े हैं और सुविधाएं न के बराबर हैं। आसपास के लोगों ने बताया कि उत्तराखंड से जब हिमाचल यात्री प्रवेश करते हैं, तो उन्हें यह टूटी-फूटी बिल्डिंग नजर आती है। लोग यहां पर शौच करने से भी कतराते हैं। लोगों को इस बात का भी डर रहता है कि न जाने बिल्डिंग कब गिर जाए। लोगों ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि इस बिल्डिंग को नया बनाया जाए ताकि प्रवेश द्वार पर बने शौचालय से पूरे हिमाचल का सुंदर वातावरण की मिसाल बन सके। लोगों का कहना है कि मुख्य द्वार पर बने सुलभ शौचालय की यदि टूरिज्म विभाग समय-समय पर रिपेयर करवाता, तो लोगों के परेशानियां उत्पन्न नहीं होतीं।


दैनिक समाचारपत्र अनंत ज्ञान के शिमला–सोलन संस्करण के प्रकाशन पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप ममगई
आर्किटेक्ट व कंसलटेंट

एमडी, मोजेक आर्किटेक्ट,
राजीव सदन, नजदीक बीएल स्कूल,
राजगढ़ रोड सोलन।




### गणतंत्र दिवस के प्रोग्राम में हिस्सा लेंगे चमन

**अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनी मटेरनी के एनएसएस स्वयंसेवी चमन का चयन इस माह आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय गणतंत्र परेड के दौरान की जाने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हुआ है। विद्यालय की मीडिया प्रभारी एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. करुणा शर्मा ने बताया कि चमन ने जिला ऊना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां में आयोजित किए गए पांच दिवसीय एनएसएस मैगा कैंप में भाग लिया, जो कि 29 दिसंबर से दो जनवरी तक किया गया। इसमें प्रदेश के 11 जिलों के 838 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

इन स्वयंसेवियों में मात्र 50 स्वयंसेवी छात्र तथा 50 स्वयंवसेवी छात्राएं गणतंत्र दिवस पर आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा परेड के लिए चयनित हुए हैं। चमन के चयन पर समस्त विद्यालय परिवार और स्कूल प्रबंधन समिति ने खुशी प्रकट की है और पूरे जिला के लिए भी यह गर्व का विषय है। बता दें कि चमन मूल रूप से नेपाल का निवासी है।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोलन में होगा भव्य आयोजन

## शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा, तीन संस्थाएं मिलकर करेंगी कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिंदू धर्म में 22 जनवरी का दिन सुनहरे अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। इस दिन सदियों बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य राम मंदिर में विराजमान होंगे। पूरी दुनिया इस ऐतिहासिक पल की साक्षी बनेगी।

इस दिशा में कार्य करते हुए जिला सोलन की तीन नामी संस्थाएं भी 22 जनवरी को शहर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही हैं। इस आयोजन को लेकर मुरारी मार्केट हॉल में सनातन धर्म, श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट और अग्रवाल महासभा इन तीनों संस्थाओं ने एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया।

इसकी अध्यक्षता सनातन धर्म सभा के प्रधान रामकुमार बिंदल ने की। उन्होंने सभी सदस्यों के साथ राम मंदिर के लिए किस तरह से कार सेवकों ने कार्य किया था, उसकी यादें भी साझा कीं। बैठक में तय हुआ है कि 22 जनवरी को सोलन शहर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजित कर भव्य झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी और भगवान राम के आदर्शों के बारे में जन-जन को अवगत करवाया जाएगा।



बैठक में रणनीति बनाते कार्यकर्ता।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शाम परिवार सोलन ट्रस्ट के मुख्य सलाहकार अशोक गुप्ता को कार्यक्रम में आयोजित भव्य झांकियां की व्यवस्था का जिम्मा दिया गया है। श्याम परिवार के चेयरमैन राकेश अग्रवाल व प्रधान त्रिलोक अग्रवाल, अग्रवाल सभा के प्रधान व श्याम परिवार के सदस्य दिनेश गर्ग, रामकुमार बिंदल ने संयुक्त यह निर्णय लिया कि कार्यक्रम भव्य, सुंदर व सुरक्षित हो, इसके लिए जल्द ही कमेटियों का गठन कर दिया जाएगा। तीन संस्थाओं ने सभी धार्मिक सामाजिक संस्थाओं से आह्वान किया कि इस दिन को यादगार बनाने के लिए आगे आएं।

बैठक में श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के प्रधान रामकुमार बिंदल, अग्रवाल सभा के प्रधान दिनेश गर्ग, श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट के प्रधान त्रिलोक अग्रवाल, व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान मुकेश गुप्ता, श्याम परिवार सोलन ट्रस्ट से अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, मुख्य सलाहकार अशोक गुप्ता, उपप्रधान राहुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राहुल गोयल, मेंबर पंकज तायल, अनुज गुप्ता, गौरव गुप्ता, राकेश अग्रवाल, मुकेश मित्तल, हैप्पी अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

### वार्षिक पारितोषिक समारोह में बोले संजय अवस्थी

# दाड़लाघाट में मल निकासी प्रणाली पर खर्च होंगे 69 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि तकनीक का सदुपयोग करें, ताकि यह उनकी लक्ष्य प्राप्ति में सहायक बन सके। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में विज्ञान खंड भवन के निर्माण के लिए 17 लाख रुपए का प्रावधान कर दिया गया है। उन्होंने विद्यालय में शौचालय के निर्माण के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की। विद्यालय में 20 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ होगा। दाड़लाघाट में 14.57 करोड़ रुपए की लागत से शीघ्र ही महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य आरंभ होगा।

दाड़लाघाट में नाबार्ड के अंतर्गत 69 करोड़ रुपए व्यय कर मल निकासी प्रणाली स्थापित की जाएगी। उन्होंने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को 2100 रुपए तथा आयोजित समिति को 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। संजय अवस्थी ने विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट के प्रधानाचार्य राजीव गौतम ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।



मेधावी छात्र को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

# नालागढ़-रामशहर स्टेट हाई-वे 65 करोड़ रुपए से होगा चकाचक

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़-रामशहर स्टेट हाई-वे 16 के अब दिन जल्द सुधरेंगे। विभाग ने मार्ग के लिए 65 करोड़ रुपए की अप्रेजल रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गई है। सेंटर रोड फंड से धनराशि मंजूर होने के बाद आगामी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। विभाग का ओर से मार्ग पर पुलिया, कलवर्ट, स्ट्रैंथनिंग आदि का कार्य किया जाएगा, ताकि सड़क की हालत भी सुधरे और ड्यूरेबिलिटी भी बढ़े। नालागढ़ रामशहर मार्ग अभी 3.5 मीटर चौड़ा है, जिसे बढ़ाकर 5.5 मीटर चौड़ा किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार नालागढ़-रामशहर मार्ग अब खुला व चकाचक नजर आएगा। 19 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को सीआरएफ के तहत दुरुस्त बनाया जाएगा। बता दें कि इस मार्ग की खस्ता हालत को लेकर ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कई मर्तबा मिल चुका है और मार्ग की दशा सुधारने की मांग उठाई गई है।

विभाग द्वारा टारिंग व मरम्मत आदि का कार्य कई बार किया गया है, लेकिन बरसात के मौसम में जहां यह मार्ग कई बार बंद हो जाता है, वहीं इसकी दशा भी दयनीय हो जाती है।

नालागढ़ से रामशहर तक 19 किलोमीटर मार्ग आता है, जिसके तहत सिलणू, क्योड़ी पंचायत, गुरुकुंड, रामशहर आदि पहाड़ी क्षेत्र की दर्जनों पंचायतें आती हैं। इसी मार्ग पर ऐतिहासिक गुरुकुंड गुरुद्वारा साहिब, रामशहर का ऐतिहासिक फोर्ट, दिग्गल में खुला नया कॉलेज सहित प्रदेश की राजधानी आती है, जबकि इसी मार्ग से मलौण किले, मित्तियां के ऐतिहासिक दुर्गा माता मंदिर आदि स्थलों की ओर आवाजाही लगी रहती है।

हालांकि ढेरोवाल-नालागढ़-रामशहर-शिमला स्टेट हाई-वे को औद्योगिक कोरिडोर में भी लाने को हरी झंडी मिली है, लेकिन यह कार्य अभी सिरे नही चढ़ा है।

### 65 करोड़ की गई डिमांड : परबर सिंह

लोनिवि नालागढ़ के अधिशाषी अभियंता परबर सिंह ने कहा कि सेंटर रोड फंड से इस मार्ग के कार्य के लिए 65 करोड़ की धनराशि की मांग की गई है। इस मार्ग की वाइडनिंग व स्ट्रेंथनिंग आदि के लिए अप्रेजल रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

### ददाहू में लगा मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

**श्री रेणुका जी।** श्री साईं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल नाहन के सौजन्य से ददाहू में एक दिवसीय बहु विशेषज्ञ मुफ्त शिविर लगाया गया। इसमें आए स्पेशलिस्ट व मेडिसिन स्पेशलिस्ट डाक्टरों ने न केवल मरीजों की जांच की बल्कि उन्हें मुफ्त में दवाइयां भी दीं।

इस जांच शिविर में आंखों के 55 लोगों की जांच की गई, जबकि अन्य रोगों के 39 रोगियों की जांच की गई इन सभी रोगियों को साईं हॉस्पिटल की तरफ से मुफ्त में दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर डाक्टर यशपाल डाक्टर संजय अस्पताल स्टाफ कुसुम, विद्या, निशा, मनिंदर सहित कई अन्य स्टाफ उपस्थित था।

## हर जगह 'अनंत ज्ञान'



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते सोलन के ज्वेलर्स दीपक।



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते सोलन के व्यवसायी सुरेश पोद्दार।



सोलन में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते शामती के ऑटो रिक्शा चालक अशोक कुमार।



सोलन में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते ऑटो रिक्शा चालक दयाराम ठाकुर।

**आयोजन** स्कूल के वार्षिकोत्सव में घनागुघाट के विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान

**अनंत ज्ञान, अर्की**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनागुघाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान व समाजसेवी सुरेंद्र ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इतिहास प्रवक्ता देवेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी प्रवक्ता सुनीता ठाकुर व अंग्रेजी प्रवक्ता पुष्पेन्द्र कौशिक की अगुआई में अनेक प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

प्रधानाचार्या स्मृति कश्यप ने अतिथियों का स्वागत किया तथा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उसके उपरांत कार्यक्रम में पंजाबी डांस, हिमाचली लोकगीत तथा छात्रों ने हास्य नाटिका प्रस्तुत की। छात्राओं ने दहेज उत्पीड़न पर नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया, साथ ही शिक्षा संवाद का भी आयोजन किया गया। इसमें अभिभावकों ने भाग लिया तथा अध्यापक और अभिभावकों ने विचारों का आदान-प्रदान किया।

समारोह में वर्तमान व पिछले सत्र के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अर्थशास्त्र प्रवक्ता राजेंद्र कुमार ने अतिथियों का सम्मिलित होने के लिए आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक, स्थानीय पंचायत के पदाधिकारी, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, सेवानिवृत्त शिक्षक बालक राम, सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी नरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी विनोद ठाकुर, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनागुघाट, संगम पाठशाला राजकीय, माध्यमिक विद्यालय मांडी, शेरपुर तथा केंद्र प्राथमिक पाठशाला घनागुघाट के छात्र तथा स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। मंच संचालन सुनीता ठाकुर व पुष्पेंद्र कौशिक ने किया।



पुरस्कृत विद्यार्थियों के साथ अतिथि व अध्यापक।

# नड्डा की सोलन रैली को लेकर भाजपा ने की बैठक



भाजपा मंडल नालागढ़ के पदाधिकारी बैठक के बाद सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

भारतीय जनता पार्टी नालागढ़ मंडल की विशेष बैठक मंडल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर की अध्यक्षता में नंगल में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व विधायक लखविंद्र राणा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पांच जनवरी को सोलन आ रहे हैं और आगमन पर उनका अभिनंदन किया जाएगा। इसके लिए अधिक से अधिक कार्यकर्ता सोलन पहुंचें। राणा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर जनता में बहुत उत्साह है और तीन राज्यों में भाजपा की बंपर जीत से कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा हुआ है। अमित शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हमेशा तत्पर रहें। मंडल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने कहा कि एक बूथ से कम से कम दस कार्यकर्ता जाएंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक लखविंद्र सिंह राणा, मंडल अध्यक्ष मनोहर ठाकुर समेत कई मौजूद रहे।

# फैशन शो में युवक-युवतियों ने रैंप पर बिखेरे जलवे

## विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन मनुरंगशाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, युवक-युवतियों ने पारंपरिक प्राचीन संस्कृति की दिखाई झलक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन मनु रंग शाला में युवक-युवतियों ने फैशन-शो के दौरान रैंप पर खूब जलबे विखेरे। फैशन शो के माध्यम से युवक युवतियों ने पारंपरिक पट्टू, धाठू, गले में चांदी का चंद्रहार, सोने का पातकू, गोखड़ू, बाजूबंद, पाजेब पहने अपनी प्राचीन संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। पिछले कुछ सालों से यह फैशन शो कार्यक्रम कार्निवाल के आकर्षण का केंद्र बना है। बुधवार को फैशन-शो को देखने के लिए आम लोगों सहित पर्यटकों की भी भारी भीड़ देखने को मिली।

वहीं, कार्निवाल के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाएं भी शुरू हो गईं। सूर्य सांस्कृतिक दल बनोगी के कलाकारों ने अपनी जोरदार प्रस्तुति दी। बनोगी के कलाकारों ने दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। रुद्रा द अल्टीमेट कुल्लू ने कुल्लवी नाटी की प्रस्तुति दी जबकि पंचम वेद नाटय, मनु हिडिंबा क्लब मनाली और सांगल म्यूजिक गोहर के कलाकारों ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। वोलको गुजरात के कलाकारों ने क्लासिक डांस में प्रस्तुति दी। दोपहर बाद फैशन शो प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें तीन टीमों ने भाग लिया।

नृत्यांगना कला संगम नग्गर, औरा व कुलूत सांस्कृतिक कला संगम के कलाकारों ने फैशन के खूब जलबे बिखेरे। इस दौरान मनु रंगशाला सीटियों से गूंज उठी। फिल्मी डांस न्यू में संगल म्यूजिक ग्रुप गोहर, ड्रीम टू फ्लाई डांस स्टूडियो, ब्लैक स्पाइडर, कुल्लुत सांस्कृतिक दल कुल्लू ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस बीच सराजीगन टीम के कलाकारों ने गेस्ट आइटम प्रस्तुत कर दर्शकों का मनोरंजन किया। लोक नृत्य प्रतिस्पर्धा का भी दर्शकों ने खूब आनंद लिया।

फ्लाई स्टेप जम्मू, द वरियर कुल्लू, ब्लैक स्पाइडर नाभा पंजाब, कुल्लू सांस्कृतिक दल कुल्लू, नृत्यांगना कला संस्कृति मंच नग्गर, वोलको गुजरात व जागृति कला मंच मनाली के कलाकारों ने लोक नृत्य में अपनी प्रस्तुति दी। विंटर कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि मनु रंग शाला में कार्निवाल के दूसरे दिन सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाएं शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि सभी प्रतिस्पर्धाओं के लिए अनुभवी व्यक्तियों को जजों को जिम्मेदारी दी गई है।













# बंजार अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ ने किया ज्वाइन

**शीला कौल, बंजार**

जिला कुल्लू के बंजार उपमंडल की महिलाओं को अब महिला रोग संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए अब जिला मुख्यालय कुल्लू का रुख नहीं करना पड़ेगा। अब सिविल अस्पताल बंजार में महिला रोग विशेषज्ञ की तैनाती होने से महिलाओं को राहत मिलेगी।

गौर रहे कि उपमंडल बंजार स्थित सिविल अस्पताल में महिला विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण पिछले काफी समय से लगभग 90 हजार की आबादी में महिलाओं को अपना इलाज करवाने के लिए जिला के क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू सहित अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब सिविल अस्पताल बंजार में महिला रोग विशेषज्ञ के आने से अब मरीजों को दूसरी जगह इलाज के लिए जाना नहीं पड़ेगा। महिला रोग विशेषज्ञ ने सिविल अस्पताल में अपनी सेवाओं को शुरू कर दिया है जिससे महिलाओं को काफी राहत पहुंची है। (अनंत ज्ञान)

## हर हाथ अनंत ज्ञान



अजय कुमार राशेल गांव लाहौल-स्पीति ढालपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



पूर्ण सिंह, निवासी कुल्लू, ढालपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



गणेश लाल, निवासी सुल्तानपुर, ढालपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



वांगचुक शास्त्री, निवासी मठ कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



थारचेंन बौद्ध, विजिलेंस ऑफिस कुल्लू में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



अमर सिंह, निवासी गोशाल लाहौल-स्पीति कुल्लू में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# कुल्लवी महानाटी रही आकर्षण का केंद्र

**कमलेश वर्मा, मनाली**

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन मालरोड में पारंपरिक कुल्लवी नाटी आकर्षण का केंद्र रही। बुधवार को मालरोड में वामतट के 95 महिला मंडलों की एक हजार महिलाओं ने नाटी डाली। लगभग एक घंटे तक चली इस नाटी प्रतियोगिता में महिलाओं ने कुल्लवी परिधान में सजी इन महिलाओं के कदम मालरोड पर थिरकते रहे। इस दौरान सैलानी जहां महिलाओं के साथ नाटी पर थिरके वहीं उन्होंने महिलाओं की इस नाटी को अपने कैमरे में कैद भी किया। विंटर कार्निवाल का आकर्षण रहने वाली महानाटी में वामतट व दाएं तट की महिलाओं में मुकाबला चल रहा है। बुधवार को वामतट की महिलाओं ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया, जबकि पांच जनवरी को दाएं तट की महिलाएं महानाटी में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी।


राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन मनाली के मालरोड पर नाटी की प्रस्तुति देती महिलाएं।

पहले स्थान पर रहने वाली टीम को एक लाख रुपए इनाम मिलेगा, जबकि दूसरे स्थान वाली टीम को 50 हजार से संतोष करना पड़ेगा। सुबह साढ़े 11 बजे जैसे ही सफेद पट्टू व धाठु लगाकर महिलाएं माल रोड में पहुंची तो दृश्य मनमोहक हो गया। मनाली के माल रोड में कुल्लवी परिधानों में सजकर महिलाओं ने शानदार नृत्य किया। इस दौरान देवभूमि की परंपरा का बखूबी प्रदर्शन हुआ और हजारों लोगों ने इसका लुत्फ उठाया।

विंटर कार्निवल के मंच से कुल्लवी गायकों ने अपनी टीम के साथ कुल्लवी गीत गाकर सभी महिलाओं को थिरकने पर विवश किया। वहीं, इस महानाटी को देखकर मनाली पहुंचे हजारों पर्यटक हिमाचली संस्कृति के दीवाने हो गए। मनाली के माल रोड पर जहां महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में आकर बेहतरीन प्रदर्शन किया तो वहीं, गायकों ने पुरातन गीतों की झड़ी लगाकर नाटी को रोचक बना दिया। (अनंत ज्ञान)

# मेरा भारत-विकसित भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता

**कुल्लू।** नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा मामले विभाग भारत सरकार द्वारा मेरा भारत-विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के लिए 15-29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदक मुख्य रूप से जिला कुल्लू का मूल निवासी होना चाहिए। 12 जनवरी 2024 तक प्रतिभागी की उम्र 15 से 29 के बीच होना अनिवार्य है। भाषण का समय सात मिनट रहेगा। निर्णायक मंडल द्वारा दिया गया निर्णय ही अंतिम एवं मान्य होगा। जिला स्तर पर विजयी प्रतिभागी का चयन राज्य स्तर के लिए किया जाएगा। विजेता रहे प्रतिभागी को एक लाख, 50 हजार और 25 हजार का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इनाम दिया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आजादी के 100 वर्ष 2047 में पूरे होने तक विकसित राष्ट्र बनाने की ओर एक कदम है। इस प्रतियोगिता के लिए नौ जनवरी तक नेहरू युवा केंद्र कुल्लू के कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

# टापू से जिया गांव का अस्तित्व खतरे में

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर के जिया गांव के खतरे को देखते हुए पार्वती नदी से टापू हटाने को लेकर भुंतर सुधार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कुल्लू को बताया कि जिला कुल्लू में नौ व 10 जुलाई को आई प्राकृतिक आपदा के कारण पार्वती नदी में बने टापू से जिया गांव का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। बरसात में यहां जान-माल के साथ लोगों को भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने बताया कि जिया गांव पार्वती व ब्यास नदी के बीच बसा हुआ है इस बार कुल्लू में आई भयंकर बाढ़ से जिया गांव में फोरलेन पुल के नीचे पार्वती नदी के बीच टापू बन गया हैं। बाढ़ से नदी के किनारे भी खोखले हो गए हैं, इससे जिया गांव की सड़क भी टूट रही है। टापू बनने से पार्वती नदी का बहाव जिया गांव की ओर मुड़ने से भारी खतरा उत्पन हो गया है। इस स्थिति में ग्रामीण भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। भुंतर सुधार समिति व ग्रामीणों ने एसडीएम कुल्लू से गुहार लगाई कि जिया में बाढ़ से उत्पन्न हुई समस्या को गंभीरता से लें।


भुंतर के जिया में बाढ़ के बाद नदी में बना टापू।

उन्होंने कहा कि नदी का जलस्तर बढ़ने से पहले संबंधित विभाग को शीघ्र अतिशीघ्र टापू हटाने के आदेश जारी करें। वहीं, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने कहां कि टापू को हटाने के टेंडर हो चुके हैं। प्रतिनिधिमंडल को उन्होंने टापू को शीघ्र हटावाने का आश्वासन दिया। इस मौके कर भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, मुख्य संरक्षक पीडी आजाद महिला विंग की उपाध्यक्ष रजनी देवी व साथ में जिया के ग्रामीण धर्मदास व निक्कू राम आदि शामिल थे।

## न्यूज ब्रीफ

### बंजार बस अड्डे पर लगाया जाए नया एटीएम

**बंजार।** पेंशनर्स फेडरेशन खंड बंजार की मासिक बैठक खंड अध्यक्ष किशन चंद डोगरा की अध्यक्षता में माता अम्बिका के परिसर में सम्पन हुई। इस दौरान सभी सदस्यों द्वारा राज्य सरकार से मांग की गई कि डीए की किश्तों का भुगतान अतिशीघ्र किया जाए। इसके अतिरिक्त एक जनवरी 2016 से पेंशनरों के बढ़े हुए वेतन की बकाया राशि का भी भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। वहीं इस मौके पर सभी सदस्यों द्वारा मांग की गई कि नए बस अड्डे के समीप एसबीआई या फिर पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम स्थापित किया जाए, ताकि बसों में रोजमर्रा के यात्रियों को एक किलोमीटर दूर बंजार बाजार में एटीएम की सुविधा के लिए न आना पड़े। वहीं मांग की गई की मुद्रिका बस सेवा सहित दिल्ली-चंडीगढ़ के लिए भी बस सेवा को शुरू किया जाए, ताकि बागवानों व पर्यटकों को इन सेवाओं का लाभ मिल सके। पीएनबी बैंक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से काउंटर लगाया जाए, ताकि सभी वरिष्ठ पेंशनर्स को इस सुविधा का लाभ मिल सके। बैठक में विशेष रूप से किशन चंद डोगरा, गुमत राम, हेम राज, भीमी राम, दलीप बिष्ट व अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

### ईएलसी मतदाता पंजीकरण के प्रति करें जागरूक

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के उपायुक्त सभागार में नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी केलांग रजनीश शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि ईएलसी अपने सदस्यों को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करें, जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वह अपने बूथ लेबल अधिकारी नेशनल वोटर सर्विस पोट एवं ऐप के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय में जाकर अपना वोटर कार्ड बनवाएं, ताकि आगमी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूरे जिला लाहौल-स्पीति के माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यामिक तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में साक्षरता क्लब स्थापित करें और हर महीने के तीसरे शनिवार को चुनाव के प्रति कार्यशाला का आयोजन करें जिसमें नौवीं, दसवीं,11वीं तथा 12वीं के स्टूडेंट्स सदस्य होंगे। इस अवसर पर स्वीप अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर निर्वाचन कानूगो चंद्रकांत तथा सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### अभाविप कुल्लू ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अतिरिक्त ज़िला न्यायाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री को जिला व प्रदेश में बढ़ रहे नशे पर रोक लगाने के साथ गोरक्षा के लिए ज्ञापन सौंप कर उचित कदम उठाने के बारे में अपील की। जिला संयोजक कुल्लू ऋषभ ठाकुर ने कहा की हिमाचल प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे नशे के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा की हाल ही में जिला कुल्लू में भी नशे से धुत युवाओं की वीडियो सामने आई है। जिससे की समाज में नकारात्मक प्रभाव बढ़ता जा रहा है और युवाओं में साथ ही साथ अन्य समाज में भी नशे का प्रचलन देखा जा रहा है। अतः विद्यार्थी परिषद ने इस पर मांग रखते हुए इस पर समिति का गठन करने की मांग की है जिसमें उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद भी प्रशासन का इस समिति में साथ देगी। इसके साथ ही उन्होंने गो रक्षा हेतु प्रशासन से मांग रखी है की समाज में ऐसे व्यक्ति जो गाय की जरूरत खत्म होने के बाद उन्हें बेसहारा उनके हाल पर छोड़ देते है उनके उपर कानूनी कार्यवाही अमल में लायें। गो रक्षा के लिए गौशाला के निर्माण की बात भी कही और सरकार को गंभीरता से इस विषय पर पहल करने की मांग की।



विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

**धरना-प्रदर्शन** तीन तारीख तक वेतन न मिलने के कारण उपजी गंभीर स्थिति पर बोर्ड प्रबंधन को खूब लताड़ा

# मांगों को लेकर बिजली बोर्ड कर्मियों ने किया प्रदर्शन



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड इंप्लाइज यूनियन ज्वाइट फ्रंट ने वेतन न मिलने के विरोध में बुधवार को भोजन अवकाश के दौरान में गेट मीटिंग कर बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया।

इस मौके पर इंप्लाइज यूनियन के कुल्लू यनिट के मुख्य सलाहकार रमेश चंद, अध्यक्ष जगदीश चंद, उपाध्यक्ष कुसम, अमर चंद, मनीष कुमार, धर्मचंद सचिव, ज्ञान चंद आदि ने हिस्सा लिया। इस धरने में मुख्य रूप से 52 वर्ष में पहली बार बोर्ड कर्मचारियों को तीन तारीख तक वेतन न मिलने के कारण उपजी गंभीर स्थिति होने पर बोर्ड प्रबंधन को खूब लताड़ा गया।

कर्मचारियों की मांग है कि बोर्ड पिछले नौ माह से अस्थायी प्रबंधक निदेशक की नाकाबिलियत के कारण बोर्ड के कर्मियों को वेतन पेंशनरों की पेंशन नहीं नहीं दे पाया है। अत: वर्तमान निदेशक को तुरंत पद से हटाया जाए एवं स्थायी प्रबंधक निदेशक की नियुक्ति की जाए।

### इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन का आनी में धरना

**आनी।** वेतन न मिलने को लेकर बुधवार को हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन की आनी इकाई आनी में सांकेतिक धरना किया। यह धरना लंच समय में एक बजे से दो बजे के बीच हुआ। आनी इकाई के सचिव रघुबीर भारती ने बताया कि धरने का उद्देश्य सैलेरी जल्द दिलवाने के अलावा ओपीएस की बहाली, बिजली बोर्ड की वित्तीय स्थिति को सुधारना, बिजली बोर्ड में स्थायी एमडी की नियुक्ति और फ्री कलर, फ्री कल्चर का विरोध करना था। उन्होंने बताया कि इस धरना-प्रदर्शन में केंद्रीय कार्यकारिणी से राज्य मुख्य संगठन सचिव झाबे राम शर्मा, आनी इकाई के प्रधान प्रमोद शर्मा, इंजीनियर संगठन से इंजीनियर एमआर कश्यप, नीतीश, पूर्ण शर्मा, निहाल ठाकुर, शेर सिंह, भाग चंद आदि ने भाग लिया। संघ ने सरकार से उनकी मांगों पर जल्द गौर करने की अपील करते हुए चेताया है कि यदि अनदेखी हुई तो प्रदर्शन उग्र रूप धारण कर लेगा।

### वित्तीय बदहाली के लिए प्रबंधक वर्ग को ठहराया दोषी


मनाली में धरना-प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

**पतलीकूहल।** मनाली में विद्युत कर्मचारियों ने भोजनावकाश के बाद धरना-प्रदर्शन कर वित्तिय बदहाली के लिए अपना रोष प्रकट किया। बुधवार को हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज एंड इंजीनियर के ज्वॉइंट फ्रंट द्वारा यहां बिजली बोर्ड डिवीजन मनाली के प्रांगण में भोजनावकाश के दौरान शॉर्ट नोटिस में धरना-प्रदर्शन कर बिजली बोर्ड की इस वित्तीय बदहाली के लिए प्रबंधक वर्ग को दोषी ठहराया और बिजली बोर्ड में तुरंत एक स्थायी प्रबंध निदेशक को लगाने की मांग की है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष लीला चंद, मनाली यूनिट प्रधान विपिन कुमार, यूनिट सचिव केशव, जोनल सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि बोर्ड में पिछले नौ माह से आस्थायी प्रबंध निदेशक से चलाया जा रहा है। जिससे बोर्ड के के कार्यप्रणाली बुरी तरह से प्रभावित हुई है जिसके परिणामस्वरूप बोर्ड कर्मचारियों व पेंशनर्ज का वेतन व पेंशन पहली जनवरी को नहीं मिल पाई।

# शरद सुंदरी के ताज को लेकर देश की 28 सुंदरियों के बीच होगा मुकाबला

## आज मनाली मनु रंगशाला में होगा पहला राउंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली में आयोजित हो रहे राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में हर साल की तरह इस बार भी शरद सुंदरी (विंटर क्वीन) प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस बार विंटर क्वीन प्रतियोगिता के लिए देशभर की 28 युवतियों का चयन हुआ है। कार्निवाल के तीसरे दिन वीरवार को सुंदरियों का पहला राउंड होगा। वीरवार, शुक्रवार व शनिवार को लगातार तीन दिन मनु रंगशाला में सुंदरियां अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगी और दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। विंटर कार्निवाल कमेटी विंटर क्वीन को एक लाख नकद ईनाम व ताज से सम्मानित करेगी। कार्निवाल कमेटी ने चंडीगढ़, शिमला, मंडी, कुल्लू व मनाली में आडिशन कर इन सुंदरियों का चयन किया है। आज दिनभर इन सुंदरियों ने होटल के प्रांगण में प्रतियोगिता के टिप्स व गुर सीखे। ग्रूमर दिव्यांगना मेहता ने बताया कि सभी 28 प्रतिभागियों के पांच ऑरेंज, लेमन, ब्लू, पिंक, पर्पल व ग्रीन ग्रुप बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज सभी प्रतिभागियों को मनु रंगशाला के लिए तैयार किया गया। उन्होंने बताया कि कल सभी प्रतिभागियों को मनु रंगशाला में उतारा जाएगा। कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि सभी प्रतियोगिताएं शुरू हो गई है। कार्निवाल के सफल आयोजन को हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**ग्रूमर दिव्यांगना मेहता ने सुंदरियों को सिखाए गुर, बढ़ाया मनोबल**

वैष्णवी सोलन, नूपुर मंडी, शिवानी पालमपुर, अदिति मनाली, साक्षी शिमला, शीतल कुल्लू, निशा मनाली, निकिता मंडी, नैंसी मंडी, संयोगिता मनाली, जैस्मिन कुल्लू, कंचन राणा बंजार, साक्षी ठाकुर कसोल, श्रेया मंडी, सहज शिमला, कोहिनूर शिमला, रिया हमीरपुर ब, दीपाली मंडी, आभा शिमला, शगुन कुल्लू, अंकिता मनाली, स्नेहा मंडी, भव्या मनाली, साची गोवा, शिवानी कटोच पालमपुर, सुमन सिंह मंडी विंटर क्वीन प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार कर रही एसपीयू की अनदेखी



पत्रकारों को संबोधित करते एबीवीपी के प्रांत सहसंयोजक विशाल ठाकुर व अन्य।

**मंडी।** कांग्रेस सरकार सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को कमजोर करने पर तुली हुई है। एक ओर जहां सरकार द्वारा यूनिवर्सिटी का दायरा कम कर दिया गया है और दूसरी ओर स्टाफ की तैनाती भी नहीं की जा रही है। यह आरोप मंडी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सहसंयोजक विशाल ने लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की अनदेखी कर रही है। यूनिवर्सिटी में रिक्त पड़े पदों को नहीं भरा जा रहा है जिससे छात्रों के परीक्षा परिणाम आने में देरी हो रही है। गत एक वर्ष से वल्लभ कॉलेज मंडी के बनने वाले नए भवन का निर्माण कार्य भी रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इसका कार्य शुरू नहीं होता है, तो विद्यार्थी परिषद धरना-प्रदर्शन करेगी।

### प्रदेश में नंबर वन होगा धर्मपुर बस डिपो


आरएम विनोद शर्मा का स्वागत करने के बाद चालक व डिपो प्रबंधक।

**सरकाघाट।** अड्डा प्रबंधक धर्मपुर विनोद शर्मा ने कहा कि डिपो को पटड़ी पर लाने के लिए कुछ बस रूटों में बदलाव किया जाएगा, ताकि परिवहन निगम को अधिक से अधिक आय हो सके। उन्होंने कहा कि कुछ बसों को फोरलेन टनल से चलाया जाएगा ताकि सवारियां भी अधिक मिलें और समय तथा तेल की बचत हो सके। वहीं विनोद शर्मा से चालक संघ की वार्ता हुई, जिसमें बस ड्राइवरों को आने वाली असुविधाओं के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने बस ड्राइवरों से बात करते हुए कहा कि धर्मपुर बस डिपो को प्रदेश में नंबर वन पर लाया जाएगा और पथ परिवहन निगम की आर्थिकी को मजबूत किया जाएगा। इसके लिए शर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर पुरजोर ताकत लगाएंगे।

### रोटरी आई हॉस्पिटल को दिए अढ़ाई लाख


चेक भेंट करते पूर्व छात्र एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**सुंदरनगर।** राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुंदरनगर की पूर्व छात्र एसोसिएशन की 19वीं कार्यकारी बैठक का आयोजन अध्यक्ष ई. नरिंद्र प्रार्थी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने भाग लिया। ई. अंबा प्रसाद राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुंदरनगर के पूर्व छात्र और अमेरिका के समाजसेवी ने इस अवसर पर उपस्थिति दर्ज कर बैठक की शोभा बढ़ाई। गौरतलब है कि ई. अंबा प्रसाद समय-समय पर समाज की मदद करते आ रहे हैं। वह सुंदरनगर में रोटरी आई हॉस्पिटल के निर्माण के लिए बड़ी रकम दान कर रहे हैं। पूर्व छात्र एसोसिएशन ने रोटरी आई अस्पताल के लिए दो लाख 51 हजार रुपए का चेक सौंपा है। पूर्व छात्र संघ ने आश्वासन दिया है कि वे भविष्य में जरूरतमंद और मेधावी छात्रों की मदद करेंगे। इस अवसर पर ई. बीबी कौशल, ई. होशियार जम्वाल, ई. आरके शर्मा प्राचार्य, ई. हार्मिक जॉनी, ई.राजेंद्र शर्मा, ई. राजेश कौंडल, ई. राजेश शर्मा, ई. कुसुम, ई.नीतू सोनी और ई. ऋषभ शर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

### प्रदेश सरकार के कार्यों की सराहना की


सदर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक के दौरान मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी।

**मंडी।** कांग्रेस सदर ब्लॉक मंडी की बैठक मंडल अध्यक्ष योगेश पटियाल की अध्यक्षता में हुई जिसमें सदर से पूर्व प्रत्याशी चंपा ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रही। शहरी प्रधान भगवन सिंह, जिला महासचिव सीएम वर्मा, चमन ठाकुर, शहरी महिला अध्यक्ष वंदना सैनी, जिला उपाध्यक्ष खेम सिंह सेन, एससी सेल मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र कौंडल व अन्य कार्यकर्ता दीपक पठानिया, राम लाल शर्मा तोश कुमार भी उपस्थित रहे। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के ऊपर बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं व विभिन्न पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया और पार्टी को मजबूत करने के निर्देश दिए। इसमें चंपा ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इनको लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और केंद्र की भाजपा सरकार लोगों को राहत देने की बजाय टैक्स पर टैक्स लगा रही है।

# मांगें नहीं मानी तो करेंगे ब्लैक आउट

## बिजली बोर्ड एंप्लाइज यूनियन मंडी ने दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड एंप्लाइज यूनियन मंडी यूनिट ने मांगों को लेकर बुधवार को मुख्य अभियंता परिचालन सेंट्रल जोन एचपीएसईबीएल मंडी के प्रांगण में सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया।

यह धरना-प्रदर्शन प्रधान रामदास के नेतृत्व में एवं राज्य कार्यकारिणी के वाइस प्रेसिडेंट स्टेनो मुनी लाल एवं ज्वाइंट फ्रंट के सेक्रेटरी इंजीनियर सुनील शर्मा ग्रेजुएट इंजीनियर एसोसिएशन सक्रेटरी इंजीनियर गजल ठाकुर एवं डिप्लोमा होल्डर एसोसिएशन के मेंबर इंजीनियर बलवंत सेन एवं मंडी यूनिट शामिल रही। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कहने के बावजूद बिजली बोर्ड की मैनेजमेंट द्वारा कर्मचारियों की पुरानी पेंशन अभी तक बहाल नहीं की गई है।


धरना-प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड के कर्मचारी।

बिजली बोर्ड की यूनियन के पदाधिकारी व कर्मचारियों ने बुधवार को शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी तो धरना प्रदर्शन को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि फिर भी बिजली बोर्ड मैनेजमेंट नहीं मानती है, तो प्रदेशभर में ब्लैक आउट भी किया जाएगा। इस मौके पर सेवानिवृत्त कर्मचारी हिमाचल प्रदेश पेंशनर फॉर्म के जनरल सेक्रेटरी चंद्र सिंह मंडयाल, फाइनेंस सेक्रेटरी जितेंद्र वालिया, सेक्रेटरी जिला मंडी डीडी राणा एवं प्रधान राजेश बहल उपस्थित रहे।

### सुंदरनगर में भड़के स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के कर्मी

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड एंप्लाइज यूनियन सुंदरनगर यूनिट ने बुधवार को भोजन अवकाश के दौरान अपनी मांगों को लेकर प्रदेश सरकार और प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का आयोजन मुख्य अभियंता जनरेशन कार्यालय के बाहर यूनिट प्रधान कनव राणा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड के 52 वर्ष के इतिहास में पहली बार विद्युत कर्मचारियों व पेंशनरों को समय पर सैलरी व पेंशन उपलब्ध नहीं हो पाई है। बिजली बोर्ड के कर्मचारी काफी लंबे समय से बोर्ड में स्थायी निदेशक की मांग कर रहे हैं। इस विरोध-प्रर्दशन में यूनियन के पूर्व उपमहामंत्री जगमेल सिंह ठाकुर, राज्य संगठन सचिव संदीप जम्वाल, यूनिट सचिव रमेश शर्मा और पेंशनर के सचिव सोहन सिंह चौहान ने भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को एकजुट रहकर आगामी समय में संघर्ष के लिए तैयार रहने की अपील की।


सुंदरनगर में धरना-प्रदर्शन करते हुए कर्मी।

## हैप्पी बर्थडे


नया बाजार सुंदरनगर के रोनित शर्मा को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

### ई-केवाईसी करवाएं

**नारला।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर के किसान जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत छूट गए थे या इसके लिए आवेदन नहीं कर पाए थे वे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए अपने सर्कल के पटवारी से मिलकर इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। एसडीएम पधर ने कहा कि जिनकी किसान सम्मान निधि की किस्त रुकी हुई है वे किसान अपनी ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें।

# सरकाघाट में जमकर लगाए नारे

## कर्मचारियों ने सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

विद्युत विभाग कार्यालय सरकाघाट के प्रांगण में अपनी मांगों को लेकर हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों व पेंशनरों ने बुधवार को भोजन अवकाश पर जमकर नारेबाजी की और सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। सरकार से मांग करते हुए कहा कि जनवरी माह की तीन तारीख हो गई लेकिन अभी तक विद्युत विभाग के कर्मचारियों व पेंशनरों को वेतन-पेंशन नहीं दी गई है और न ओपीएस बहाल किया जा रहा है न ही एमडी की स्थायी नियुक्ति की जा रही है। लेखा परीक्षक मदन लाल भारती ने उपस्थित कर्मचारियों व पेंशनरों को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय था जब बिजली बोर्ड को सोने की चिड़िया कहा जाता था परंतु आज 53 वर्ष के इतिहास में पहली बार तीन तारीख तक भी बिजली बोर्ड के कर्मचारियों एवं



अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते विद्युत कर्मचारी।

पेंशनरों को प्रबंधक वर्ग उनके मासिक वेतन एवं पेंशन की अदायगी करने में विफल रहा। चिंतनीय विषय है कि यह परिस्थितियां प्रबंधक वर्ग की गलत नीतियों का नतीजा है जिसका भुगतान बिजली कर्मचारी व पेंशनर्स भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को बने हुए एक वर्ष हो चुका है लेकिन एनपीएस शेयर से अभी भी 7200 कर्मचारियों से कट रहा है। इस मौके पर सहायक अभियंता कमलेश कुमार गौतम ने अपने विचार रखे और प्रबंधक वर्ग से मासिक वेतन एवं पेंशन की अदायगी जल्दी से जल्दी करने की मांग रखी। इस दौरान स्थानीय यूनिट के प्रधान अश्वनी कुमार शर्मा, सचिव गुड्डू राम व यूनिट के पदाधिकारी व पेंशनर्स फोरम सरकाघाट के प्रधान वीरी सिंह ठाकुर व उपमंडलों से आए हुए अभियंताओं, कर्मचारियों व पेंशनरों ने भाग लिया।

### ईवीएम प्रदर्शन का दूसरा चरण आज से

**मंडी।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मंडी सदर ओमकांत ठाकुर ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम मशीन और वीवीपैट का प्रदर्शन व प्रशिक्षण का दूसरा चरण चार जनवरी से शुरू होकर 30 जनवरी तक चलेगा। अभियान के अंतर्गत मंडी सदर विधानसभा के सभी 117 मतदान केंद्रों के मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। इसके लिए निर्धारित स्थानों का चयन और टीमों का गठन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं के समक्ष ईवीएम और वीवीपैट मशीन का प्रदर्शन और परिचालन संबंधी प्रयोग कराया जाएगा। मतदाताओं को मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का बटन दबाकर वोट डालने और वीवीपैट पर वोट की पर्ची से मिलान दिखाया जाएगा।

# कांग्रेस ने राम नाम पर की खुल कर राजनीति : रणवीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली है और यह तारीख भारतवर्ष और सनातन संस्कृति के इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित तारीख के रूप में स्थापित हो जाएगी। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणवीर सिंह ने



मीडिया को जारी बयान में ये बात कही। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों से हर सनातनी मर्यादा पुरुषोत्तम राम के मंदिर की कल्पना करता रहा, पंरतु पहले विदेशी आक्रांताओं ने और आजादी के बाद कुछ राजनीतिक परिवारों द्वारा अपने आप को सेक्युलर साबित करने के प्रयासों ने देश की भावनाओं को हमेशा रौंदने का कार्य किया। भाजपा के लिए राम केवल एक नाम नहीं अपितु संपूर्ण सनातन और भारतवर्ष की श्रद्धा और एकता का केंद्र रहा है। जब संपूर्ण विपक्ष मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर अदालतों में वकीलों की फौज खड़ा करता था तब भी भाजपा के लिए राम मंदिर किसी संकल्प से कम नहीं था।

### अस्तित्व को नकारना निंदनीय है

रणवीर सिंह ने कहा कि राम के नाम पर राजनीति कांग्रेस की आदत है। यही कारण है कि आज एक ओर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अस्तित्व के खिलाफ अदालतों में हलफनामा दाखिल करते थे आज वो लोग अयोध्या आने के निमंत्रण पत्र का इंतजार केवल वोट की राजनीति के लिए कर रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय है।

# मंत्री अनिरुद्ध सिंह आज प्रभावितों का जानेंगे हाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रदेश के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह वीरवार को धर्मपुर के सैकड़ों आपदा प्रभावित लोगों का न सिर्फ हाल सुनेंगे, बल्कि पहली बार वार्ड मेंबर स्तर पर होने वाले विशाल पंचायतीराज सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। अनिरुद्ध सिंह धर्मपुर में विधायक चंद्रशेखर द्वारा विधानसभा में धर्मपुर के आपदा प्रभावित जनता के नुकसान और अब तक नुकसान की भरपाई न होने का मामला उठाने के बाद ग्रामीण विकास पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने मुख्यमंत्री और विधायक चंद्रशेखर को विधानसभा में भरोसा दिलाया था कि वह खुद व्यक्तिगत रूप से धर्मपुर की प्रत्येक पंचायत की समीक्षा करेंगे जिसके लिए वह धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र का दौरा भी करेंगे। वीरवार को मंत्री धर्मपुर में आकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ आपदा प्रभावित सैकड़ों परिवारों का दुखड़ा भी सुनेंगे इसके अलावा अधिकारियों ने अब तक आपदा प्रभावित परिवारों के नुकसान की क्या-क्या मदद की इसे लेकर भी समीक्षा बैठक में फीडबैक लेंगे। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि मंत्री अनिरुद्ध सिंह वीरवार को धर्मपुर आपदा प्रभावित लोगों के जख्मों पर मरहम लगाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार की बरसात में मंडी जिला में सबसे ज्यादा नुकसान धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में हुआ है। जहां न सिर्फ तीन लोगों की जान गई थी बल्कि करीब 5200 लोगों के घरों और जमीनों को नुकसान पहुंचा था। उन्होंने कहा कि पहली बार सुक्खू सरकार ने मनरेगा के तहत सुरक्षा दीवार लगाने का प्रावधान करने के साथ-साथ राहत राशि के मैनुअल में भी भारी वृद्धि की है। आपदा में प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद प्रदान की जा रही है।

### करसोग में अब की बार 450 पार

**करसोग।** बीजेपी मंडल करसोग के पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक पुराना बाजार में हुई। इसमें भाजपा मंडी संसदीय के संगठन मंत्री सुरेश शर्मा ने करसोग विधानसभा के वर्तमान हालात से कार्यकर्ताओं को अवगत करवाया। पूर्व भाजपा विधायक हीरालाल ने कहा कि पिछले 11 महीनों में जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है तब से प्रदेश के सारे विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं और अपने सारे वादे भूल चुकी है जो काम भाजपा सरकार नें चलाए थे उन्हें भी रोक दिया। इसका बदला जनता लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस से लेगी। बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने अब की बार 450 पार के नारे लगाकर भाजपा को फिर से सत्ता में लाने का प्रण लिया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कैप्टन नेतराम शर्मा, कमल ठाकुर, नेत्र सिंह ठाकुर, छयाल ठाकुर, सीमा ठाकुर, बबीता ठाकुर व मीना शर्मा, चेतन गुलेरिया, नवीन गुप्ता, हरिशरण भाटिया के अलावा भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फोरलेन प्रभावित किसानों को जल्द दी जाए बकाया राशि

## भंगरोटू में ग्राम सुधार सभा बल्ह ने बैठक के दौरान उठाई मांग


नेरचौक। भंगरोटू में बुधवार को आयोजित बैठक के दौरान उपस्थित ग्राम सुधार सभा बल्ह के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

ग्राम सुधार सभा बल्ह की बैठक सभा के प्रधान यशवंत सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में भंगरोटू में हुई। बैठक में फोरलेन प्रभावित किसानों को कंपनी द्वारा बकाया राशि शीघ्र दिए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर प्रधान ने बताया कि अभी भी बहुत से प्रभावित किसानों को फोरलेन निर्माण में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा दिए जाने वाले मुआवजे की बकाया राशि नहीं दी गई है, जिससे किसानों में खासा रोष व्याप्त है। उन्होंने फोरलेन निर्माण में लगी रोड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी से फोरलेन प्रभावित किसानों की बकाया राशि का भुगतान शीघ्र करने की मांग की है अन्यथा किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इसके साथ ही किसानों को खेतों की जुताई के लिए भी रास्ते का प्रावधान किया जाए तथा पानी की निकासी के नालियां बनाई जाएं। इस मौके पर प्रधान के अलावा सभा के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य सूरत सिंह गुलेरिया, कमलकांत, मुनी लाल, जंगी राम, परम देव, जयदेव, चुगानू राम व हरि सिंह सहित अन्य बहुत से प्रभावित किसानों ने भाग लिया।

# भरौण के गोद लिए दुदर गांव में 150 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

## रोटरी क्लब के सहयोग से लगाया गया स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन ग्राम पंचायत भरौण (दूदर) में रोटरी क्लब के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस यूनिट द्वारा यह गांव गोद लिया गया है। कैंप में भानु अस्पताल मंडी से चिकित्सकीय टीम ने अपनी सेवाएं दी व कैंप को सफल बनाया। एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सूरज मनी और डॉ दीपाली अशोक के समन्वयन में रोटरी क्लब के अध्यक्ष विजय कुमार व उनकी टीम के साथ भानु हॉस्पिटल के हयूमन रिसोर्स मैनेजर संजीव ठाकुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ नीरज अल्फ्रेड, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित, स्टाफ नर्स रीना व प्रियंका और ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट प्रिंस ने स्कूली बच्चों के साथ लगभग 150 लोगों का चेकअप किया और उन्हें बीमारियों के प्रति जागरूक कर समाधान के बारे में बताया। कुछ मरीजों को दवाइयां भी दी गई। दोनों कार्यक्रम अधिकारियों ने बच्चों तथा ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया। पंचायत प्रधान विजेद्र सिंह चंदेल व सचिव धनीराम ने एनएसएस यूनिट को भविष्य में भी कैंप लगाने का अनुरोध किया।



स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधी , बच्चे व एनएसएस स्वयंसेवक।

### चल्हारग पंचायत में 33 लोगों के टेस्ट किए

**जोगिंद्रनगर।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के द्वारा चल्हारग पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. शगुन ने बताया कि चल्हारग पंचायत के लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इसमें 73 लोगों की ओपीडी व 33 लोगों के टेस्ट किए गए। चल्हारग पंचायत के लोगों ने बताया कि सांसद अनुराग ठाकुर के द्वारा सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के द्वारा आम लोग भी अपने स्वास्थ्य की जांच कर सकते हैं और निशुल्क टेस्ट ओर दवाइयां मिलती है। लोगों ने सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की डॉक्टर की टीम और अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया। इस शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और लाभ उठाया।



**कार्यक्रम** सुंदरनगर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# विदेशी फसलों की खेती की ली ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में परियोजना निदेशक जायका हमीरपुर फेज-दो के सौजन्य से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर की प्रधानाचार्य डॉ. प्राची, उपप्रधानाचार्य डॉ. हितेंदर सिंह तथा सभी प्रशिक्षण अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी व प्रसार अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. भारत भूषण ने बताया कि इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के 23 कृषि प्रसार अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आम और विदेशी सब्जी, फसलों की खेती के बारे में जानकारी दी गई। कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के डॉ. विद्यासागर, डॉ. हितेंदर सिंह, डॉ. किशोर कुमार, डॉ. बीएस देओल, डॉ. राजेंद्र ठाकुर और डॉ. बीडी शर्मा ने प्रतिभागियों को विभिन्न कृषि तकनीक व प्रणाली की जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. नरेश व डॉ. राजेंद्र कुमार द्वारा प्रतिभागियों को प्रो-ट्रे नर्सरी उगाने, क्यारियों में नर्सरी तैयार करने पर फील्ड अभ्यास करवाया गया।


कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में प्रो-ट्रे नर्सरी उगाने की जानकारी देते डॉ. राजेंद्र कुमार।

### सिराज में पंचायत प्रधान संवेदीकरण कार्यशाला

**मंडी।** भारतीय मानक ब्यूरो परवाणू शाखा कार्यालय द्वारा पंचायत समिति सभागार खंड सिराज हिमाचल प्रदेश में ग्राम पंचायत प्रधान संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन निदेशक के विजयवीरन के निर्देशन में किया गया। रिसोर्स पर्सन सोहन लाल ने विभिन्न क्षेत्रों में ब्यूरो द्वारा किए जा रहे नए प्रयासों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रोडक्ट के बारे में ग्राम पंचायत प्रधान से चर्चा की गई। विभिन्न प्रोडक्ट के बारे में उपस्थित प्रधान द्वारा प्रोडक्ट के मानक में क्या सुधार तथा क्या बेहतर कार्य किया जा सकता है, इसके लिए अपने सुझाव भी रखे। भारतीय मानक ब्यूरो के एंड्राइड एप्लीकेशन बीआईएस केयर ऐप के बारे में भी उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी।

# भरमौर में सैलरी के लिए प्रदर्शन

## एसडीओ कार्यालय के बाहर गरजे बिजली बोर्ड के कर्मचारी, मैनेजमेंट को भी घेरा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पहली जनवरी को हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के कर्मचारियों के खाते में सैलरी न आने के कारण भरमौर में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने सब डिवीजन में सांकेतिक धरना दिया। कर्मचारियों का कहना है कि पहली बार हुआ है कि तीन जनवरी बीत जाने के बाद भी अभी तक कर्मचारियों के खातों में सैलरी नहीं आई है।

इस मौके पर कर्मचारियों ने मैनेजमेंट पर बोर्ड को खत्म करने की साजिश करने का आरोप भी लगाया है। कर्मचारियों का कहना है कि सभी कर्मचारी अपने-अपने हेडक्वार्टर पर सर्दियों में अपनी ड्यूटी को बखूबी निभा रहे हैं बावजूद इसके मैनेजमेंट द्वारा अभी तक उनकी सैलरी का भुगतान नहीं किया गया है। इस मौके पर उन्होंने स्मार्ट मीटरिंग को लागू करने पर भी बोर्ड मैनेजमेंट को घेरा है। यह सरासर घाटे का मसौदा है। कर्मचारियों ने कहा है कि बोर्ड के पास कर्मचारियों को देने के लिए पैसे तक नहीं है और उनकी मांगों को भी पूरा नहीं किया जा रहा है। इन कर्मचारियों का कहना है कि उनका ओपीएस का मुद्दा अभी तक भी लंबित पड़ा हुआ है।


सहायक अभियंता कार्यालय भरमौर में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड के अधिकारी व कर्मचारी।

उन्होंने सरकार व मैनेजमेंट को चेताते हुए कहा कि समय रहते उनकी मांगों पर गौर किया जाए अन्यथा उक्त कर्मचारी उग्र हड़ताल पर चले जाएंगे। इसकी सारी जिम्मेदारी मैनेजमेंट व सरकार की होगी। उन्होंने कहा है कि सर्दियों के सीजन में जहां बिजली की आपूर्ति अति आवश्यक है अगर ऐसे में कर्मचारी हड़ताल पर चले जाते हैं तो इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी।

ऐसी स्थिति में पूरे प्रदेश में सभी कार्यालय, संस्थान, और फैक्टरियों में बिजली सप्लाई बाधित हो जाएगी जिससे इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। इन कर्मचारियों ने सरकार व मैनेजमेंट को चेतावनी देते हुए कहा है कि समय रहते उनकी मांगों पर गौर किया जाए अन्यथा अगर कर्मचारी ब्लैकआउट पर चले गए तो इससे राजकोषीय घाटा तो होगा ही वहीं प्रदेश की आर्थिक स्थिति भी बुरी तरह से प्रभावित होगी। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों का कहना है की आने वाले समय में बर्फबारी का सीजन है।

ऐसे में कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं, लेकिन मैनेजमेंट और सरकार द्वारा समय पर उनकी सैलरी का भुगतान न करना और उनकी मांगों पर गौर न करना अन्याय है। धरना-प्रदर्शन में सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और सभी कर्मचारी शामिल रहे।

# अंगलोट स्कूल में ईमानदारी की दुकान

## एसएमसी अध्यक्ष ने किया उद्घाटन, बच्चों को मिलेगी पठन पाठन सामग्री

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

शिक्षा खंड बनीखेत के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला अंगलोट ने अपनी तरह की अनूठी पहल करते हुए विद्यालय परिसर में ही पठन पाठन से संबंधित वस्तुओं में लिए ईमानदारी की दुकान शुरू की है। इसको ईमानदारी की दुकान इसलिए कहा गया है क्योंकि इसमें बच्चे अपनी जरूरत का सामान खुद लेंगे और उसके पैसे भी अपनी ईमानदारी से उसमे जमा करेंगे। पाठशाला प्रभारी शाम अजनबी ने बताया कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला अंगलोट ऐसे स्थान पर स्थित है जिसके लगभग एक किलोमीटर के दायरे में ऐसी कोई दुकान नहीं है जहां पठन पाठन से संबंधित वस्तुएं मिलती हों। ऐसे में बच्चों को इन वस्तुओं के खत्म होने पर काफी दूरी का सफर तय करना पड़ता है। इसके चलते उन्होंने अपने स्तर पर ये सारी मूलभूत वस्तुएं खरीद कर इस ईमानदारी की दुकान में रख दी हैं। अब बच्चों को जो भी वस्तु चाहिए होगी वे स्वयं ईमानदारी की दुकान के कोने में जाकर वहां से ले सकते हैं और अपनी ईमानदारी से उस वस्तु के मूल्य के बराबर पैसे साथ में लगे बॉक्स में डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कदम से एक तो बच्चों को दैनिक जीवन मे लेन देन करने के पहलू का ज्ञान होगा और दूसरा उनको ईमानदारी की सीख भी मिलेगी। इस दुकान पर हर वस्तु के साथ एक मुफ्त इनाम भी रखा गया है। ईमानदारी की दुकान का उद्घाटन पाठशाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रेखा देवी ने किया। इस मौके पर पाठशाला प्रभारी शाम अजनबी, सहयोगी अध्यापिका सपना कुमारी, अन्य स्टाफ सदस्य व समस्त अभिभावक उपस्थित रहे।



ईमानदारी की दुकान के शुभारंभ पर पाठशाला प्रभारी शाम अजनबी व अन्य।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


अपर जुलाकड़ी निवासी नीरज गुप्ता अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


रामपुरा निवासी मौलाना अब्दुल शकुल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


भाजपा वरिष्ठ नेता डीके सोनी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सरोल पंचायत निवासी बजीर सिंह यादव अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सुल्तानपुर निवासी अशोक शर्मा अपने साथियों संग अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# 19 तक मांगें नहीं मानी तो होगा आंदोलन

## भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सरकार को दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए व सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों की मुख्य मांगें 19 जनवरी तक पूरी न करने पर बाकी संगठनों के साथ मिलकर बहुत बड़ा आंदोलन की चेतावनी दी है। यह चेतावनी भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने राज्य सकार को चंबा मुख्यालय में होटल इरावती में पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

घनश्याम शर्मा ने कहा कि प्रदेश में एचआरटीसी के पेंशनरों को स्थायी पेंशन का प्रावधान नहीं हो पाया है। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को भी वेतन के लाले पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री कहते हैं कि सरकार की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने जवाब तलब किया है कि अगर सरकार की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है तो प्रदेश में बड़ी तादाद में सलाहकारों की फौज किस लिए बनाई है। उन्होंने सरकार से जवाब-तलब किया है कि क्या उनके ऊपर करोड़ों रुपए का सरकार का खर्च नहीं हो रहा है। हिमाचल में संवैधानिक तरीके से कई पदों का सृजन करते हुए सीपीएस बनाएं गए हैं। करोड़ों रुपए उन पर सरकार खर्च कर रही है। तब तो सरकार को घाटा नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर सरकार किसी भी मोर्चे पर कोई विशेष प्रभाव नहीं दिखा पाई है और प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कहा चहेतों को रेवड़ियां बांटने के सिवाय अभी तक कोई भी प्रमुख कार्य प्रदेश में मुख्यमंत्री नहीं करवा पाए हैं। प्रदेश के हजारों कर्मचारियों और पेंशनरों के छठे वेतन आयोग के पेंडिंग एरियर का भुगतान भी प्रदेश सरकार नहीं कर पाई है। एरियर के भुगतान नहीं करने के मामले में आपदा एक बहुत बड़ा बहाना सरकार को मिल गया है। उन्होंने कहा कि जब आपदा आई थी तो उस वक्त सबसे पहले भारतीय राज्य पेंशनर संघ ने ऐलान किया था कि आपदा की इस घड़ी में सभी कर्मचारी और पूर्व कर्मचारी उनके साथ चट्टान की तरह खड़े हैं और सबने एक एक दिन का वेतन सरकार के खजाने में जमा करवाया था। उस वेतन को सरकार के खजाने में इसलिए नहीं जमा करवाया था कि उस खजाने को सरकार जश्न में उड़ाए। आपदा हो गई और केंद्र सरकार से सैंकड़ों हजारों करोड़ों रुपए का वित्तीय लाभ प्रदेश सरकार को मिला है अब वो पैसा कहां गया प्रदेश की जनता जानना चाहती है। इस मौके पर भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ प्रदेशाध्यक्ष ब्रह्मानंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. डीके सोनी और जिलाध्यक्ष बजीर यादव मौजूद रहे।


बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा व अन्य।

# स्कूल समय में मोबाइल का प्रयोग किया तो की जाएगी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंबा**

आज की युवा पीढ़ी अपना आधे से ज्यादा समय मोबाइल फोन में व्यतीत कर रही है जो कि आज के समय की सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है। इस कारण कुछ बच्चे घरवालों से छुपाकर मोबाइल फोन स्कूल ले जाते है। अब सरकारी स्कूलों में मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वाले विद्यार्थियों के साथ ही अध्यापकों के लिए भी भारी पड़ सकता है।

यदि स्कूल समय में स्कूल का कोई भी कर्मचारी, अध्यापक या फिर विद्यार्थी मोबाइल का प्रयोग करते हुए पाया जाता हैं, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है। इस बारे में सभी स्कूल के प्रधानाचार्य को आदेश जारी कर दिए हैं।

ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और समय के सदुपयोग को लेकर शिक्षा विभाग ने ये निर्देश जारी किए हैं। प्यार सिंह चाढ़क, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग चंबा का कहना है कि सरकारी स्कूलों में मोबाइल फोन का इस्तेमाल विद्यार्थियों के साथ ही अध्यापकों के लिए भी भारी पड़ सकता है। यदि स्कूल समय में कोई भी कर्मचारी, अध्यापक या फिर विद्यार्थी मोबाइल का प्रयोग करते हुए पाया जाता है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


प्यार सिंह चाढ़क, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग चंबा

# चंबा कॉलेज के स्वयंसेवियों ने शीतला माता मंदिर में सफाई की

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर समर्पण के दूसरे दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अविनाश ने कहा कि दूसरे दिन सर्वप्रथम स्वयंसेवी प्रिया शर्मा द्वारा पहले दिन की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने शीतला माता मंदिर के साथ नदी किनारे सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने रास्तों की सफाई की, बाढ़ की वजह से नदी किनारे व रास्तों में आयी रेत को हटाया, मंदिर परिसर की सफाई की, नदी किनारे पड़ा कूड़ा व प्लास्टिक इकट्ठा किया। स्वयंसेवियों द्वारा इकट्ठा किया हुआ प्लास्टिक नगर परिषद चंबा को सौंपा गया। कसाकड़ा वार्ड, शीतला पुल के आस पास के दुकानदारों व अन्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। इस दौरान नगर परिषद चंबा के कर्मियों द्वारा भी अभियान में सहयोग किया गया। अकादमिक सत्र में सहायक आचार्य प्रोफेसर संतोष देवी ने स्त्रोत व्यक्ति के रूप में शिरकत की। प्रोफेसर संतोष ने स्वयंसेवियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कसाकड़ा वार्ड के नगर परिषद सदस्य देवेंद्र शर्मा, नगर परिषद चंबा के कर्मचारी, कार्यक्रम अधिकारियों में प्रो.संतोष, शीतला माता मंदिर सदस्य, पुजारी व स्वयंसेवियों में तरुण, दीक्षा, प्रियंका, कुलदीप, जश्नदीप, लेख राज, धीरेंद्र सिंह, रोहन, सूजल, वर्षा जरयाल, नवीन, विजय, पिंकू, दीपक, आरती, शालू, जितेंद्र, मनु, लतू, प्रिया शर्मा, ज्योति, सुनीता, अंजली इत्यादि उपस्थित रहे।

## मोरठू स्कूल के समारोह के दौरान बोले विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया

# सिहुंता कॉलेज के भवन का निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू


मोरठू स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान स्कूल के मेधावी मुख्यातिथि के साथ।

**अनंत ज्ञान, सिहुंता**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के भवन निर्माण को लेकर विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह बात उन्होंने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरठू के वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि कही। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि अगले दो वर्षों के भीतर राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के एक भव्य भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने स्कूल भवन के अतिरिक्त कमरों के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि देने की घोषणा करते हुए रिक्त पदों को जल्द भरने का आश्वासन भी दिया।

इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 21 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। प्रधानाचार्य दिनेश कुमारी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# मोरठू-भेड़खड्ड संपर्क मार्ग का भूमि पूजन

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, सिहुंता**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बुधवार को मोरठू-भेड़खड्ड संपर्क मार्ग का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण पर 90 लाख की धनराशि व्यय होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मोरठू-भेड़खड्ड संपर्क मार्ग को इंटर डिस्ट्रिक्ट मार्ग के रूप में विकसित कर इसके पुराने स्वरूप को वापस लाया जाएगा।

इस संपर्क मार्ग के निर्मित होने से लोगों को नूरपुर, कांगड़ा तथा पठानकोट जाने के लिए एक अतिरिक्त वैकल्पिक मार्ग की सुविधा उपलब्ध होगी। कुलदीप सिंह पठानिया ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मोरठू-भेड़खड्ड संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। पठानिया ने लोगों को आश्वासन दिया कि सड़क घनत्व के मामले में भटियात विधानसभा क्षेत्र जिला में अग्रणी बनेगा। उन्होंने कहा कि मोरठू-जोलना संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

उन्होंने बनेट-मोरठू संपर्क मार्ग निर्माण के लिए विभाग को वन अनुमति (एफआरए) मामले की प्रक्रिया को जल्द शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना मोरठू के उन्नयन कार्यों पर 87 लाख व्यय किए जा रहे है। इसके उपरांत विधानसभा अध्यक्ष ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया व शेष समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम पारस अग्रवाल, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग हर्ष पुरी, अनिल ठाकुर, मनीष कुमार,जोलना पंचायत प्रधान मुन्नी देवी, मोरठू प्रधान वीना देवी सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि व लोग उपस्थित रहे।


मोरठू-भेड़खड्ड संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करते विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

# कुढन, गवाड, गंधर व पधर गांवों को चूड़ी-बकल सड़क से जोड़ा जाए

## राड़ी में बैठक के दौरान ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से उठाई मांग

**ओपी शर्मा, भरमौर**

गैर जनजातीय क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछे इसके लिए प्रयास तेज हो गए है। इसी कड़ी में भरमौर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत राड़ी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन चूड़ी बकल सड़क को लेकर ग्रामीणों तथा लोक निर्माण विभाग के बीच समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक व जिला परिषद सदस्य ललित ठाकुर ने की। इस बैठक में लोगों ने बहु प्रतीक्षित सड़क योजना के तहत मांग की कि इस सड़क परियोजना को इस तरह से बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक गांव इस सड़क सुविधा से जुड़ सके। इस मौके पर लोगों ने मांग की उठाई कि इस सड़क निर्माण के दौरान गांव कुढन, गवाड, गंधर, पधर व बकल को भी सड़क सुविधा से जोड़ा जाए इस तरह की व्यवस्था विभाग करें। इस मौके पर लोगों ने ललित ठाकुर से मांग की कि इस सड़क का निर्माण गांव वाया प्रनौण होकर किया जाए ताकि यह गांव भी सड़क सुविधा से जुड़ सके।

बैठक में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं ललित ठाकुर की अगुआई में अधिशाषी अभियंता मीत शर्मा को बताई तथा आपसी विचार विमर्श के बाद विभाग ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य ललित ठाकुर ने कहा कि लोगों की मांगों को प्रमुखता से विभाग के सामने रखा गया है और उम्मीद करते हैं कि लोगों की मांगों के अनुसार ही इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। वहीं लोगों ने इस सड़क निर्माण के दौरान जिला परिषद सदस्य व विभाग की टीम द्वारा मौके पर आने का स्वागत किया। (अनंत ज्ञान)


बैठक के दौरान, अधिशाषी अभियंता, जिला परिषद सदस्य व ग्रामीण।

**आक्रोश** छोऊ गांव के युवक की मौत मामले पर एडीएम चंबा को ज्ञापन सौंपकर चेताया

# निष्पक्ष जांच नहीं की तो करेंगे भूख हड़ताल

**आरके रांगड़ा, चंबा**

चंबा जिला मुख्यालय के निकटवर्ती छोऊ गांव के युवक की गत माह हुई मौत का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है, जिसमें पीड़ित परिवार ने युवक की मौत पर हत्या का संदेह जाहिर किया है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने पीड़ित परिवार के संग न्याय एवं निष्पक्ष जांच को लेकर मोर्चा खोलने की तैयारी आरंभ कर दी है।

जिसके चलते भाजपा प्रदेश सचिव जय सिंह ने एडीएम चंबा अमित मैहरा को मामले की जांच नए सिरे से करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आगामी 24 घंटे में कार्रवाई न होने का अल्टीमेटम देते हुए पीड़ित परिवार व ग्रामीणों के साथ पांच जनवरी को उपायुक्त कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी भी जारी की है। युवक की हत्या होने का संदेह व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने बताया कि पंचायत सरोल के अधीन गांव छोऊ निवासी अजय कुमार नामक युवक की 12 दिसंबर को मृत्यु हो जाती है, जिसमें युवक अपने तीन अन्य साथियों के साथ पार्टी कर रहा था। इस बीच युवक की अचानक मृत्यु होने पर साथियों द्वारा उसे बचाने या घर पहुंचाने की बजाय मौके से फरार होने सहित युवक के परिजनों को फोन के माध्यम से उसके पार्टी स्थल पर बेसुध अवस्था में पड़ने की सूचना दी, लेकिन जब परिजन उस स्थल पर पहुंच कर युवक को चंबा चिकित्सालय लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृतक घोषित कर दिया। वहीं युवक के शव का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक द्वारा उसे प्रारंभिक रिपोर्ट में गिरने के कारण मृत्यु होने बात बताई गई, जबकि युवक के सिर पर आए घाव व मौके वारदात स्थल आपस में मेल नहीं खाते है। इस बात के संदेह पर पीड़ित परिवार द्वारा मामले को हत्या के तहत दर्ज करवाने को लेकर 28 दिसंबर को उपायुक्त को भी ज्ञापन सौंपा था, लेकिन इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसकी वजह से उन्हें भूख हड़ताल करने का फैसला लेना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि एडीएम चंबा को सौंपे गए ज्ञापन में भी यह मामला हत्या के तहत दर्ज करवाने की मांग की गई है। यदि इस दिशा में आगामी कार्रवाई नहीं होती है तो वह पीड़ित परिवार सहित गांव वासी उपायुक्त कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठने के लिए बाध्य हो जाएंगे। वहीं यह हड़ताल तब तक नहीं खत्म होगी जब तक जब तक मामले को हत्या के तहत दर्ज करने सहित इसकी निष्पक्ष जांच आरंभ नहीं हो जाती। इस मौके पर किशोरी लाल, ओम प्रकाश, अभिषेक, मुकेश, पिंकू, अनिल और अतुल सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



एडीएम चंबा अमित मैहरा को ज्ञापन सौंपते भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह व अन्य।

# वेतन व पेंशन न मिलने पर बिजली बोर्ड कर्मियों व पेंशनर्स का प्रदर्शन

## आरोप, प्रबंधक वर्ग की गलत नीतियों के कारण बोर्ड का आर्थिक ढांचा बुरी तरह से चरमराया


वेतन व पेंशन की अदायगी न होने पर बिजली बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

बिजली बोर्ड के कर्मचारियों व पेंशनर्स ने संयुक्त रूप से मंडलीय कार्यालय गगाल में महीने का वेतन और पेंशन न मिलने पर पर विरोध-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में उपस्थित कर्मचारी के राज्य सहसचिव पंकज परमार, जिला संगठन सचिव राकेश चौधरी, नादौन इकाई प्रधान नितिश भारद्वाज, वरिष्ठ उपप्रधान आशीष शर्मा, यूनिट सचिव रजत कौंडल, पेंशन इकाई नादौन के प्रधान राजकुमार चौधरी, सचिव विधि चंद सनौरिया ने संबोधित करते हुए बिजली बोर्ड के प्रबंधक वर्ग की नाकामियों की जोरदार निंदा की।

वक्ताओं ने कहा कि बिजली बोर्ड के इतिहास में पहली बार कर्मचारियों व पेंशनर्स को वेतन व पेंशन का भुगतान दो तारीख तक नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड के प्रबंधक वर्ग की गलत नीतियों के कारण बिजली बोर्ड का आर्थिक ढांचा बुरी तरह से चरमरा गया है। बिजली बोर्ड में किसी सक्षम अधिकारी को बिजली बोर्ड का स्थायी प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की मांग की है। वक्ताओं ने कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से आह्वान किया कि अगर वेतन व पेंशन की अदायगी नहीं होती है, तो यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

### कहा-बोर्ड दिवालिया होने की कगार पर

**हिमाचल** प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड यूनियन के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड कार्यवाहक व गैर-जिम्मेदार एमडी के चलते विद्युत बोर्ड दिवाला होने की कगार पर पहुंच गया है, जिसके चलते इस माह पेंशन व वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। बिजली बोर्ड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का ध्यान बिजली बोर्ड की संपत्तियों का हस्तांतरण करके इसके अस्तित्व को समाप्त करने की ओर केंद्रित है। मुख्यमंत्री सुक्खू तुरंत हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई करें।

# नववर्ष में बाबा बालक नाथ मंदिर में चढ़ा 43,42,247 रुपए चढ़ावा

**पचास हजार श्रद्धालुओं ने किए बाबा जी के दर्शन**

**बिझड़ी।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध 50000 के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके 43 लाख 42 हजार 247 रुपए मंदिर में चढ़ावे के रूप में चढ़ाए। इसमें 30 लाख 28 लाख 606 रुपए गुफा में चढ़ावा 13 लाख 13 हजार 641 रुपए दान के रूप में प्राप्त हुए हैं। सोना एक ग्राम 20 मिलीग्राम चांदी 682 ग्राम 500 मिलीग्राम, इंग्लैंड पाउंड 40, अमेरिका पाउंड पांच यूरो 75 कनाडा डॉलर 75 ऑस्ट्रेलिया डॉलर 10 यूएई रियल 1285, कतर 11 सऊदी अब 10 ओमान 01 सिंगापुर डॉलर 05 विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुए हैं। यह जानकारी मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी ने दी है।

उनका कहना है कि नववर्ष के आगमन पर लगभग 50000 के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 24 घंटे लंगर खुल रहा है, ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को खाने-पीने में कोई समस्या ना हो सके।

# डिनोटिफाई किए कार्यालय को खोलने की मांग को लेकर भाजपा ने निकाली रैली



सुजानपुर भाजपा ने डिनोटिफाई किए गए कार्यालय को दोबारा खोलने की मांग को लेकर निकाली रैली।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर भाजपा ने वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा खोले गए डिवीजन लेवल के दो कार्यालय को दोबारा खोले जाने की मांग को लेकर रोष रैली निकाली।

इसके बाद एक मांग पत्र उपमंडल अधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को भेजा गया और चेतावनी देते हुए कहा गया कि प्रदेश सरकार दोनों बंद किए गए डिवीजन कार्यालयों को एक महीने के भीतर खोले अन्यथा सुजानपुर भाजपा आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर उग्र प्रदर्शन करेगी। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी मंडल सुजानपुर के तमाम मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय नजदीक पंजाब नेशनल बैंक से होते हुए एक रोष रैली निकाली जो सुजानपुर बस स्टैंड से होते हुए सचिवालय परिसर तक पहुंची। वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही सुजानपुर में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा खोले गए इलेक्ट्रिसिटी और आईपीएस के दो सब डिवीजनों को डिनोटिफाई कर दिया था। सुजानपुर में पूर्ववर्ती सरकार ने दोनों सब-डिवीजन लोगों की मांग पर खोले थे, लेकिन वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का हवाला देते हुए इनको डिनोटिफाई कर दिया था।

सीएम सुक्खू ने आईपीएच का सब-डिवीजन दोबारा से खोले जाने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक इसे अमलीजामा नहीं पहनाया। इसके बाद एक मांग पत्र एसडीएम ऑफिस में वहां पर तैनात तहसीलदार अशोक पठानिया के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को भेजा गया।

# विकास कार्यों में नहीं होनी चाहिए कोई राजनीति: इंद्रदत्त लखनपाल


विधायक इंद्रदत्त लखनपाल का स्वागत करते शिक्षक।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैली-जजरी में लगभग 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित अतिरिक्त कमरों का उद्घाटन किया। स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

लखनपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार की दिशा में कई सराहनीय कदम उठाए हैं। समय की मांग को देखते हुए सरकारी स्कूलों में भी अब इंग्लिश मीडियम शुरू किया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का निर्णय लिया गया है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र के गांव कोहडरा में भी डे-बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है और इसमें कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैली-जजरी को 11 हजार रुपए और प्राइमरी स्कूल को भी पांच हजार रुपए देने की घोषणा भी की। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

# उपप्रधान पर लगाए जाति सूचक शब्द बोलने के आरोप नकारे

**एसपी हमीरपुर से की जांच की मांग**

**हमीरपुर।** जिला हमीरपुर के अंतर्गत आने वाली नाल्टी पंचायत के उपप्रधान पर जातिसूचक शब्द बोलने के आरोपों को पंचायत प्रतिनिधियों ने नकारा है। नाल्टी पंचायत के एक व्यक्ति द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा करार दिया है। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस सिलसिले में एसपी हमीरपुर डॉ. आकृति शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। इस मामले में पहले भी पंचायत प्रतिनिधियों और लोगों में समझौता हो गया था, लेकिन शिकायत के बाद अब मामला फिर से गरमा गया है। उपप्रधान राजीव शर्मा ने बताया कि उन पर झूठा आरोप लगाया गया है। वार्ड में वह पाइपें डालने का कार्य कर रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति ने जातिसूचक शब्द कहने की झूठी शिकायत पुलिस को दी है। विरोध के बाद कार्य को रोक दिया गया है, लेकिन जातिसूचक के झूठे आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने एसपी हमीरपुर से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग है। प्रधान सविता कुमारी ने कहा कि उपप्रधान पर जातिसूचक शब्द कहने की झूठी शिकायत दी गई है।

# बेटी ने पिता को दी मुखाग्नि


पिता के अंतिम संस्कार के दौरान एक बेटे का फर्ज निभाती हुई बेटी।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

पुराने रीति-रिवाजों को दरकिनार करते हुए एक बेटी ने एक बेटे का फर्ज निभाते हुए अपने पिता का अंतिम संस्कार करते हुए उनको मुखाग्नि दी और अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए वे सभी रीति-रिवाज निभाएं जो एक बेटे द्वारा निभाए जाते हैं। नादौन विधानसभा क्षेत्र में इस तरह का यह पहला मामला सामने आया हैं।

यह घटना नादौन के पंचायत जलाड़ी की है। 80 वर्षीय शशि राज जो काफी समय से बीमार चल रहे थे, उनका जब निधन हो गया, तो बेटा न होने के कारण उनकी चिता को मुखाग्नि उनकी बेटी मीनू कुमारी ने दी।

## न्यूज ब्रीफ

### पांच को रहेगी विद्युत आपूर्ति बाधित

**रंगस।** 11 केवी रंगस-रेल लाइन में नई लाइन जोड़ने के लिए 33/11 केवी सब-स्टेशन रंगस के तहत आने वाले कई इलाकों में बिजली आपूर्ति पांच को सुबह नौ से पांच बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत सब-स्टेशन रंगस के एसडीओ संदीप संगल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन डोल, लच्छरुई, बरदियार, टिकरू जटियाला आदि गांवों जिनकी आपूर्ति विद्युत सब-स्टेशन रंगस से होती है।

### छह जनवरी को एनआईटी में उपराष्ट्रपति संवादात्मक चर्चा में लेंगे भाग : नैनोटी

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर छह जनवरी को विकसित भारत @2047 में युवाओं की भूमिका पर एक महत्वपूर्ण आयोजन की मेजबानी करेगा। एनआईटी की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना नैनोटी ने बताया कि कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर 2047 के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर एक संवादात्मक चर्चा के लिए आएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति के साथ एक संवादात्मक सत्र होगा, जो इस दृष्टिकोण को आकार देने में युवकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहराई से विचार करेगा। इस अवसर पर हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### माइक्रोबायोलॉजी के तीन स्टूडेंटस को मिली नौकरी

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तीन स्टूडेंटस का शालिनी वर्मा, आंचल व नेहा राणा का चयन आल्प्स प्राइवेट लिमिटिड कंपनी में हुआ है। विभाग की असिस्टेंट प्रो. अंजु बाला ने बताया कि विभाग जिसमें एमएससी माइक्रोबायोलॉजी के अंतिम वर्ष के स्टूडेंटस ने भाग लिया था। चयनित स्टूडेंटस को छह महीने ट्रेनिंग पर रखा जाएगा, उसके बाद उन्हें कंपनी द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

### चार-पांच को लगाई जाएंगी राजस्व आदलतें

**हमीरपुर।** डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि आम लोगों के जमीन से संबंधित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चार और पांच जनवरी को जिला हमीरपुर की विभिन्न तहसीलों और उपतहसीलों के अंतर्गत राजस्व अदालतें लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन राजस्व अदालतों के दौरान जमीन के इंतकाल और तक्सीम के मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने संबंधित लोगों से इन राजस्व अदालतों का लाभ उठाने की अपील की है।

### अस्पताल में छोड़े शिशु को परिजनों ने नहीं अपनाया तो दंपती को गोद दिया जाएगा

**हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज अस्पताल हमीरपुर में पिछले माह छोड़े गए एक शिशु को शिमला के टूटी कंडी स्थित बाल-बालिका शिशु गृह में भेज दिया गया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलक राज आचार्य ने बताया कि इस शिशु के माता-पिता अपनी पहचान के दस्तावेज दिखाकर शिशु को टूटी कंडी स्थित बाल-बालिका शिशु गृह से प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए बाल बालिका शिशु गृह टूटीकंडी के दूरभाष नंबर 0177-2807530 पर या जिला बाल संरक्षण अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के दूरभाष नंबर 01972-223344 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अगर इस शिशु को लेने के लिए कोई भी परिजन सामने नहीं आता है तो उसे किसी अन्य दंपत्ति को गोद देने के लिए कानूनी रूप से मुक्त करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी।

### हमीरपुर में सामान्य हुई डीजल-पेट्रोल की खपत



हमीरपुर शहर में एक पेट्रोल पंप पर खड़ा टैंकर।

**हमीरपुर।** पेट्रोल-डीजल को लेकर पिछले दो दिनों से जारी अफरा-तफरी कम हाल खत्म हो गया है, क्योंकि हड़ताल के खत्म होते ही हमीरपुर में बुधवार को पेट्रोल और डीजल के टैंकरों का आना शुरू हो गया है। हमीरपुर शहर में भी टैंकर पहुंचते ही लोगों ने बड़ी राहत की सांस ली है। जिला के अन्य इलाकों में भी स्थिति सामान्य हो गई है, क्योंकि अब अफरा-तफरी है नहीं। हमीरपुर शहर में तकरीबन आधा दर्जन पेट्रोल पंप हैं, जिन पर आज वाहनों की लंबी-लंबी कतारें तो देखी गईं, लेकिन पेट्रोल और डीजल इन्हें उपलब्ध होना शुरू हो गया है। पिछले कल से लगभग सारे पेट्रोल पंप ड्राई हो चुके थे।

### अंश ठाकुर राष्ट्रीय बॉस्केटबाल के लिए चयनित



**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणीदेवी के आठवीं कक्षा के स्टूडेंट अंश ठाकुर का राष्ट्रीय बॉस्केटबाल अंडर-14 प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वह प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ रवाना हो गया है। छोटी उम्र में राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने पर परिजन, ग्रामीण, रिश्तेदार काफी उत्साहित है। बेहतर प्रदर्शन के कारण निर्णायक मंडल ने उनका चयन किया है। प्रिंसिपल रजनीश रांगडा के साथ ही शारीरिक शिक्षक संजय ठाकुर ने भी परिजनों को बधाई दी है।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर शिक्षा वार्ता का आयोजन



सावित्रीबाई फुले की जयंती पर महिला मंडल बटराण जागरूकता रैली निकालती हुई।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

माता सावित्रीबाई फुले की जयंती सावित्रीबाई फुले महिला मंडल बटराण ने धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा गांव में शिक्षा वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गांव के सभी बच्चों ने भाग लिया। सावित्रीबाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं।

बच्चों व महिलाओं को संबोधित करते हुए महिला मंडल प्रधान रेखा रानी और कोषाध्यक्ष निर्मला देवी ने कहा कि जब लड़कियों की शिक्षा पर सामाजिक पाबंदी थी सावित्रीबाई फुले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ीं, बल्कि दूसरी लड़कियों के पढ़ने का भी बंदोबस्त किया और पांच सितंबर 1848 में पुणे में अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ उन्होंने महिलाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले पांच नए विद्यालय खोलने में सफल हुए। रेखा रानी ने माता सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके संघर्षों के बारे में सभी लोगों को अवगत करवाया।

उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले का जन्म तीन जनवरी 1831 को पिता खंदोजी नैवेसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई के घर हुआ। उन्हें महिलाओं और दलित जातियों का शिक्षित करने के प्रयासों के लिए जाना जाता है। सावित्रीबाई ने अपने जीवन को एक मिशन की तरह से व्यतीत किया, जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। इस अवसर पर आयोजित शिक्षा वार्ता कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले के जीवन पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

# बिझड़ी में शिक्षकों की भारी कमी

**नौनिहालों का भविष्य अधर में**

**बिझड़ी।** विकास खंड बिझड़ी के अंतर्गत पढ़ने वाले राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं में शिक्षकों की भारी कमी की चलते नौनिहालों का भविष्य अधर में लटकता नजर आ रहा है। बताते चलें कि अगर किसी दीवार की नींव ही कच्ची होगी तो वह दीवार कैसे लंबे समय तक टिक सकती है? खंड बिझड़ी के अंतर्गत 102 प्राथमिक पाठशाला खोले गए है, जिसमें 2930 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था हो सके, जिसके लिए प्रदेश सरकार ने 166 अध्यापकों की नियुक्ति की थी, परंतु खंड में 74 शिक्षकों के पद खाली चल रहे हैं इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि नौनिहालों की पढ़ाई किस कदर हो रही है। बता दें कि 35 के करीब प्राथमिक पाठशाला में एक ही अध्यापक के सहारे चल रहे हैं, जबकि जीपीएस लोहारडा, धबड़ियाना, झझयाणी, गुजरेडा, नैन, बीहड़ू, खज्जियां तथा जोल बिना टीचर के ही चल रहे हैं। इससे पता चलता है कि हिमाचल सरकार नौनिहाल के भविष्य के प्रति कितनी जागरूक है।

# प्रबंधन ने इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को बना दिया प्रयोगशाला : कामेश्वर दत्त शर्मा


गेट मीटिंग के दौरान विद्युत बोर्ड के कर्मचारी।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन ने आरोप लगाया है कि प्रबंधन ने इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड को प्रयोगशाला बना दिया है। यूनियन का कहना है कि उनकी समस्याएं लगातार गंभीर रूप धारण कर रही हैं। लंबे समय से इनका निवारण करने की गुहार लगाई जा रही है, लेकिन कोई गौर नहीं हो रहा। अब यदि समस्याओं का शीघ्र निपटारा नहीं हुआ, तो फिर छह जनवरी को ऊना से आंदोलन का आगाज कर दिया जाएगा। बुधवार को अणु में स्थित एसई ऑफिस के बाहर लंच के समय इकाई के सदस्यों ने गेट मीटिंग करके प्रबंधन को अच्छी-खासी खरी-खोटी सुनवाई।

यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वरदत्त शर्मा ने कहा कि विद्युत बोर्ड प्रबंधन द्वारा बनाई जा रही गलत नीतियों का कर्मचारियों ने पुरजोर विरोध किया है। विद्युत बोर्ड प्रबंधन वर्ग द्वारा विद्युत बोर्ड को एक प्रयोगशाला बना दिया है और हर दिन नए-नए प्रयोग किया जा रहे हैं, जिसका खामियाजा विद्युत बोर्ड से जुड़े पचास हजार परिवारों को भुगतना पड़ रहा है। जिसका ताजा उदाहरण नव वर्ष पर भी कर्मचारी और पेंशनर्स को भुगतान नहीं होना इसकी भीतरी व्यवस्था को उजागर कर रहा है।

शर्मा का कहना है कि पिछले नौ माह से विद्युत बोर्ड को अस्थायी प्रबंधक से चलाया जा रहा है। जिससे बोर्ड की कार्य प्रणाली बुरी तरह से प्रभावित हुई है। कर्मचारियों द्वारा सरकार से यह भी मांग की गई कि विद्युत बोर्ड में स्थायी प्रबंधक की नियुक्ति की जाए। गेट मीटिंग वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की बार-बार की घोषणाओं के बावजूद विद्युत बोर्ड प्रबंधन वर्ग द्वारा पुरानी पेंशन को बहाल न करने से भी कर्मचारियों में भारी रोष है। संयुक्त मोर्चा के सदस्यों का कहना है कि विद्युत बोर्ड में सीसीएस पेंशन रूल्ज 1972 राज्य सरकार की तर्ज पर लागू किए गए हैं। संयुक्त मोर्चा का कहना है कि जब तक कर्मचारी, अधिकारी व पेंशनर्ज को वेतन और पेंशन का भुगतान नहीं होता, तब तक भोजनावकाश के दौरान धरना-प्रदर्शन जारी रहेंगे। यूनियन के उपमहासचिव मनीष कुमार, स्नातक अभियंता यूनियनक के प्रधान दीपक चौहान, डिप्लोमा यूनियन से महासचिव मनोहर लाल, संयुक्त सचिव विनोद कालिया, हमीरपुर इकाई के प्रधान कृष्णपाल, जोनल सचिव राज कुमार, सुमित गौतम, विजय धीमान, डिंपल, अनिल कुमार, रवि कुमार, टौणीदेवी इकाई के प्रधान सुभाष कुमार, सुजानपुर इकाई के प्रधान अमर सिंह, पेंशन संगठन हमीरपुर के पदाधिकारियों में जेपी चौहान, देशराज शर्मा व विजय शर्मा भी कई सदस्यों सहित मौजूद थे।

**बदहाली** | मरीजों की जगह पर इसी का कब्जा, बाहर खुले में भी जहां देखो वहीं कबाड़ ने पसारे हैं पांव

# हमीरपुर मेडिकल कॉलेज की हर मंजिल पर बेशुमार कबाड़

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**प्रशासक** जब निरंकुश हो जाएं, तो फिर उस संस्थान की हालत कहीं से भी देख लो, खराब ही दिखेगी। हमीरपुर स्थित मेडिकल कॉलेज की भीतरी व्यवस्था भी वैसे तो कई तरह की खामियों का शिकार है, लेकिन कबाड़ ने जिस बड़े स्तर पर यहां पर अपने पांव पसारे हुए हैं, उससे मरीजों के खड़ा होने की जगह भी अब कम पड़ गई है।

जहां देखो वहीं कबाड़ नजर आता है। अस्पताल की कोई भी मंजिल ऐसी नहीं है, जहां कबाड़ आपको बड़ी तादाद में बिखरा हुआ न दिखे। (अनंत ज्ञान)


अस्पताल के बाहर बिखरा पड़ा कबाड़।

### जिधर मिली जगह, फेंक दिया

**अस्पताल** की इस तीन महिला इमारत में जिधर भी जगह मिली, वहीं पर कबाड़ फेंक दिया जाता है। टूटा-फूटा किसी भी तरह का सारा सामान दाएं-बाएं ऐसे पड़ा हुआ मिल जाएगा, मानों किसी की कोई जिम्मेदारी और जवाबदेही है ही नहीं। अस्पताल के भीतर इस कबाड़ को देखकर रोगी और उनके साथ आए तामीरदार वैसे ही परेशान हो जाते हैं। इलाज कितना बेहतर होगा, इसका पता तो इसी सिस्टम से लग जाता है।

### बारिश होने पर भीतर आती है बदबू

**किसी** भी छत पर जहां बाहर की ओर जगह मिली, वहां भी कूड़ा-कचरा और चाहे टूटा-फूटा स्टील का सामान हो, गद्दे हों, सब कुछ इसी जगह पर फेंका गया है। ऐसा नहीं है कि अस्पताल प्रशासन के पास इसे ठिकाने लगाने के लिए कोई और जगह न सूझ रही हो? टूटा-फूटा स्टील का सामान और पुराने गद्दे उठाकर ऐसी जगह खुले में फेंक दिए गए हैं जहां पर जब बारिश होती है, तो सामान सड़ने लगता है और बदबू भीतर आती है। यहां बिखरा स्टील का सामान जो आज की तारीख में यदि ऑक्शन हो जाए, तो चार अच्छे पैसे अस्पताल प्रशासन को मिल जाएंगे, वरना कुछ भी हाथ नहीं लगेगा।

### मरम्मत होने वाली व्हीलचेयर भी फेंक दीं

**हैरानी** इस बात की है कि हजारों की व्हीलचेयरें भी कबाड़ के हवाले कर दी गई हैं। यदि किसी व्हीलचेयर का एक पहिया टूट जाता है तो उसकी मरम्मत नहीं करवाई जाती , बल्कि उसे सीधे कबाड़ में फेंक दिया जाता है। ऐसी व्हीलचेयरों की रिपेयर हो सकती है और उनका दोबारा इस्तेमाल हो सकता है, लेकिन करवाए कौन? यह व्हीलचेयरें ज्यादातर दानी सज्जनों ने दी हुई हैं, लेकिन प्रशासन की बेकद्री यहां दानी सज्जनों को भी मायूस ही कर रही है। स्टील का 60 फीसदी कबाड़ में फेंक दिया गया सामान मरम्मत लाइक है, लेकिन इस पर ध्यान कौन देगा? क्या हमारे राजनीतिज्ञ या फिर सत्ता में बैठे लोग और प्रशासक इस लापरवाही पर गौर करेंगे?

### नीलामी के लिए सरकार को लिखा है

इधर, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती का कहना है कि कबाड़ को नीलाम करने के लिए सरकार को पत्र लिखे गए हैं। जैसे ही स्वीकृति आएगी, इसे उठवा दिया जाएगा।




कॉरिडोर में जगह-जगह इसी तरह की टूटी-फूटी अलमारियां और अन्य सामान दिखाई देता है।

# डॉक्टरों की कमी से झंडूता में नहीं हो रहा इलाज, सीएचसी बना रेफर सेंटर

## दंत, आंख व गायनी के चिकित्सक नहीं, निजी अस्पतालों में करवाना पड़ रहा महंगा इलाज

**गोपाल कपिल, झंडूता**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में चिकित्सकों की कमी का खामियाजा आम जनता का भुगतना पड़ रहा है। यहां पर एमडी, दंत, आंख व गायनी के विशेषज्ञ न होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों को अपना इलाज करवाने के लिए निजी अस्पताल या फिर क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर आना पड़ रहा है, जिससे इसका सीधा असर लोगों की जेब पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन व सरकार से भी गुहार लगाई है, लेकिन उक्त स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी को पूरा नहीं किया जा रहा है।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता।

आपातकाल स्थिति में अगर कोई मरीज स्वास्थ्य केंद्र लाया जाता है, तो उसको सीधे बिलासपुर अस्पताल या फिर एम्स में रेफर कर दिया जाता है, जिससे मरीज और उनके साथ आए तीमारदारों को दिक्कतें पेश हो रही हैं।

प्रदेश सरकार वैसे तो सूबे के हर क्षेत्र में चिकित्सकों की कमियों को पूरा करने का दावा करती है, परंतु धरातल पर यह दावे पूरी तरह से फेल होते हुए नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यहां पर एमडी चिकित्सक होने अति आवश्यक हैं।

क्योंकि एमडी चिकित्सक होने से लोगों को इसका अधिक लाभ मिलेगा। झंडूता क्षेत्र के कोटधार, बड़ोलीकलां, कलोल व अन्य साथ लगती पंचायतों में सैकड़ों लोगों की संख्या है। (अनंत ज्ञान)

### आपातकालीन सेवाएं नहीं मिल रहीं

चिकित्सक नहीं मिलते है। अस्पताल में 24 घंटे चिकित्सा सेवा की सुविधा तो दूर, मरीजों के उपचार के लिए दिन में भी पर्याप्त संख्या में चिकित्सक नहीं हैं। यहां आवश्यक स्टाफ को भरने की दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस कारण लोगों को न तो ठीक से स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है और न ही यहां पर आपातकालीन स्थिति में सेवाएं मिल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आलीशान अस्पताल तो बना दिया, लेकिन उपचार के लिए डॉक्टर कब तैनात होंगे कोई नहीं जानता।

### झंडूता में डेंटल की पोस्ट है खाली

उक्त कई क्षेत्रों में डिस्पेंसरी होने के बावजूद भी इस संदर्भ में जब बिलासपुर सीएमओ डॉ. प्रवीण कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि झंडूता में डेंटल की पोस्ट खाली है और आई स्पेशलिस्ट नहीं है। इस संदर्भ में सरकार को अवगत करवा दिया गया है।

# तट रक्षक बल में डीआईजी पदोन्नत होने वाले आशीष जिले के पहले व्यक्ति

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

बिलासपुर जिले के पंजगाई कस्बे के आशीष शर्मा सुपुत्र हंस राज शर्मा तट रक्षक बल (कोस्ट गार्ड) में डीआईजी पद पर पदोन्नत हुए हैं, जो कि जिले के लिए गौरव का विषय है।

उल्लेखनीय है कि इस पद पर पहुंचने वाले आशीष शर्मा जिला के पहले युवा हैं, जिन्होंने अपनी काबलियत के बूते पर इस मुकाम को हासिल किया है। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त स्वर्गीय हंसराज शर्मा के सबसे छोटे पुत्र आशीष शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय स्कूल और फिर सैनिक स्कूल सुजानपुर में हुई। बिलासपुर कॉलेज में स्नातक की उपाधि हासिल करने के बाद आशीष शर्मा वर्ष 2003 में भारतीय तटरक्षक बल में एक कमीशन आफिसर के पद पर तैनात हुए। घर में इसकी सबसे बड़ी बहन आरती चंदेल मिनर्वा शिक्षण संस्थान में प्रबंधन समिति सदस्य हैं, जबकि इनके बड़े भाई अमित शर्मा भारतीय सेना में कर्नल हैं। आशीष शर्मा वर्ष 2009 मार्च में हमीरपुर लदरौर पट्टा की शाइनी के साथ परिणय सूत्र में बंधे।


डीआईजी पद पर पदोन्नत आशीष।

इनका एक बेटा और एक बेटी है। आशीष शर्मा वर्ष 2003 में भारतीय तटरक्षक बल में एक कमीशन अधिकारी के पद पर तैनात हुए थे। तटरक्षक बल में अपने प्रशिक्षण के साथ-साथ इन्होंने दो स्नातकोत्तर की उपाधियां प्राप्त कर अपनी योग्यता और आगे बढ़ने की लालसा का परिचय दिया। इन डिग्रीयों में एक कोचीन विज्ञान एवं प्रोद्योगिक विश्वविद्यालय और दूसरी विश्व मैरिटाइम विश्वविद्यालय स्वीडन से भी प्राप्त की है।

अपने 20 साल से ज्यादा की इस नौकरी में इन्होंने बहुत सारे कार्यों के साथ-साथ सी-135, आयुष तथा वैभव समुद्री जहाज की कमांड भी की है। इसके साथ-साथ ये करीब साढ़े तीन साल भारतीय तटरक्षक बल मुख्यालय दिल्ली में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। निरंतर उपलब्धियों की ओर अग्रसर आशीष शर्मा ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिवार, साथियों तथा अपने माता-पिता के कुशल मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद को दिया है। वर्तमान में डीआईजी तटरक्षक बल (कॉस्ट गार्ड) आशीष शर्मा अपनी माता सुनीता शर्मा, पत्नी व बच्चों सहित तूती कोरिन (तमिलनाडू) में रह रहे हैं।

## दख्यूत गांव के लोगों ने 350000 रुपए इकट्ठा कर स्वयं बना दी सड़क

**डंगार चैक।** घुमारवीं उपमंडल की डंगार पंचायत के गांव दख्यूत के लोगों ने आपसी सहयोग से निर्मित सड़क मार्ग का उद्घाटन किया। इस सड़क मार्ग का शुभारंभ गांव के वरिष्ठ नागरिक दामोदर की ओर से विधिवत पूर्जा-अर्चना व नारियल फोड़कर किया गया। जानकारी के अनुसार दख्यूत गांव के लोगों ने आपसी सहयोग से 340 बोरी सीमेंट से सड़क बनाई है।

गुग्गा जाहरवीर मंदिर दख्युत को जाने वाली सड़क गत बरसात में पूरी तरह से नष्ट हो चुकी थी, जिसको लेकर ग्रामीण कई बार राजनेताओं से मिले और प्रशासन से भी इस सड़क को दोबारा बनाने की मांग की गई, लेकिन किसी से जब कुछ हासिल नहीं हुआ, तो गांव के लोगों ने एक ग्रुप बनाकर उसका मैसेज व्हाट्सऐप में डाला की गुग्गा जाहरवीर को जाने वाली सड़क बनानी है और उसके लिए उचित सहयोग करें और देखते ही देखते 350000 रुपए इकठ्ठा हो गया।

इस रुपए से गुगा जाहर पीर मंदिर को जाने वाली सड़क, जिसमें 340 पूरी सीमेंट की लगी गांव वालों ने बना डाली। इस सड़क का वरिष्ठ नागरिक दामोदर जिनकी उम्र 88 साल है, उन्होंने उद्घाटन किया। अब लोगों को सुविधा मिलेगी।

# घुमारवीं में जल्द बनेगा इंडोर स्टेडियम

## खेल महाकुंभ के समापन समारोह में पहुंचे मंत्री अनुराग, जयराम भी रहे मौजूद

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

बुधवार को घुमारवीं में खेल महाकुंभ 2.0 के समापन पर समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने की। समारोह में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

समारोह में खेल महाकुंभ की विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों लाखों रुपए के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पहले से अधिक सशक्त हुआ है। खेलों में खिलाड़ियों ने देश व प्रदेश का मान बढ़ाया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में शीघ्र इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। इससे यहां के खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अगले खेल महाकुंभ का आगाज शीघ्र ही होगा। इस बार यह खेल महाकुंभ विधानसभा क्षेत्र स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस बार फरवरी 2024 तक खेल महाकुंभ का समापन कर दिया जाएगा। समारोह में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सभी का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री अनुराग की ओर से शुरू किए गए इस खेल महाकुंभ की गूंज देश भर में है। युवाओं को इस खेल महाकुंभ से काफी लाभ मिल रहा है। इस खेल महाकुंभ से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभा निखरकर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर नाम चमका रही है। समारोह में पूर्व मंत्री एवं विधायक बिक्रम ठाकुर, श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीत राम ठाकुर, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर व प्रदेश भाजपा प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी, जिला अध्यक्ष स्वंतत्र सांख्यान सहित अन्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



खेल महाकुंभ 2.0 के समापन समारोह पर मंत्री अनुराग व जयराम को सम्मानित करते हुए।

### इन विजेता रही टीमों को मिला सम्मान

बास्केटबाल प्रतिस्पर्धा में विजेता रही भोरंज व उपविजेता रही घुमारवीं की टीम को सम्मानित किया गया। वहीं, सेकेंड रनरअप घुमारवीं व थर्ड रनरअप रही बिलासपुर की टीम को सम्मानित किया गया। वॉलीबाल में विजेता रही झंडूता व रनरअप हरोली टीम रही। वहीं, सेकेंड रनरअप चिंतपूर्णी व थर्ड रनरअप भोरंज की टीम को सम्मानित किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम रही नादौन व रनरअप रही चिंतपूर्णी को सम्मान मिला व सेकेंड रनरअप रही हमीरपुर व थर्ड रनरअप रही घुमारवीं की टीम को सम्मानित किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता बिलासपुर, रनरअप घुमारवीं, सेकेंड रनरअप सुजानपुर व थर्ड रनरअप चिंतपूर्णी को सम्मानित किया गया। वहीं, क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में विजेता बिलासपुर, उपविजेता देहरा, सेकेंड रनरअप गगरेट व थर्ड रनरअप सुजानपुर को सम्मानित किया गया।

## 'आप' के मंत्री भ्रष्टाचार के चलते आज जेल में

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर घुमारवीं में आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर बरसे, जो कभी नारा लगाते थे कि हम राजनीति में नही आएंगे। उन्होंने कहा कि वह वादा करते थे कि हम ईमानदार सरकार देंगे। उनके वादे भी खोखले निकले।

अरविंद केजरीवाल की पार्टी के मंत्री आज भ्रष्टाचार के चलते जेल में हैं। केजरीवाल जितनों को भी ईमानदारी की चिट देते थे, वो सभी जेल में हैं। केजरीवाल तीसरी बार ईडी का सम्मन आने पर सामने नहीं आए। केजरीवाल को ऐसा क्या डर है कि वो ईडी के सामने पेश नही होते हैं। केजरीवाल क्या छिपाना और दबाना चाहते हैं। केजरीवाल कभी कांग्रेस की नसीहत देते थे केजरीवाल अब उनकी क्या मजबूरी है, जो उसी कांग्रेस के सहयोगी बन गए हैं। जब भरस्टाचारी केजरीवाल को ईडी सम्मन करती है, तब कांग्रेस के होंठ सील जाते हैं।



- केजरीवाल जितनों को भी ईमानदारी की चिट देते, वो सभी जेल में

## युवा कांग्रेस के पदाधिकारी को सौंपें लोकसभा चुनाव की जिम्मेदारी: आशीष

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने बताया कि युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से स्वीकृति के बाद जिला बिलासपुर युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी में नए पदाधिकारियों को लोकसभा चुनावों के मद्देनजर जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही 'यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो' कार्यक्रम को गति देने व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का जनता में प्रचार व प्रसार करने के लिए नए युवाओं को संगठन में तरहीज दी जाएगी।

एनएसयूआई पूर्व जिला उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है, साथ में उन्हें झंडूता विधानसभा युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। अनिकेत भारद्वाज को जिला उपाध्यक्ष, विकास शर्मा, अरुण चंदेल, अभिषेक शर्मा, नीरज शर्मा, भरत डोगरा, महेंद्र सिंह (माही), अंकित भाटिया, राकेश कुमार (समी), अजय चंदेल, मुनीश कुमार को जिला महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इमरान खान, अनीश खान, विशाल कुमार, अजय धर्माणी, सुभम कुमार, सुहैल हुसैन, मोहम्मद बिलाल को युवा कांग्रेस जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। आशीष ठाकुर ने इन नियुक्तियों के लिए युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व को आश्वस्त किया है कि आगामी लोकसभा चुनावों में युवा कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करेगी।

## उदाहरण के साथ भौतिक विज्ञान विषय का दिया स्टूडेंट्स को ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- विभिन्न कॉलेजों से 68 प्रतिभागियों ने लिया भाग

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में मंगलवार को भौतिक विज्ञान विषय पर चल रही कार्यशाला का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन समारोह पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं। कार्यशाला के समापन पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स के अध्यक्ष प्रो. पीके आहलूवालिया प्रतिभागियों से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उन्होंने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने जो भी सीखा है, वह आगे चलकर उनके काम आएगा, जो कार्य अनुशासन में रहकर सीखा जाता है, वह स्टूडेंट्स को हमेशा आगे लेकर जाता है। इसलिए जीवन में अनुशासन का होना अत्यधिक आवश्यक है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. अरुण ने बताया कि यह कार्यशाला छह दिनों तक चली। कार्यशाला नैनो मेटेरियल मॉडलिंग यूजिंग ऑफ सिएस्टा विषय पर आधारित है। छह दिनों तक डॉ. आहलूवालिया और उन्होंने इस विषय पर प्रतिभागियों को विभिन्न जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न कॉलेज और विश्वविद्यालयों से 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इसमें विशेष बात यह रही कि कॉलेज विद्यार्थियों के अलावा प्रोफेसरों ने भी बतौर प्रतिभागी कार्यशाला में भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस दौरान अपने अनुभव साझा किए। शोभना और अमरजीत ने कहा कि छोटे-छोटे उदाहरण देकर विषय को बारीकी से समझाया। उन्होंने इसके लिए कॉलेज भौतिक विज्ञान विभाग का आभार जताया। प्राचार्य नीना वासुदेवा ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# फॉरेस्ट इलेवन ने जीता क्रिकेट मैच

## आईसीएम प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रेस इलेवन व फॉरेस्ट इलेवन के मध्य खेला गया मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में आईसीएल प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच प्रेस 11 और फॉरेस्ट 11 के मध्य खेला गया।

प्रेस 11 ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाए। प्रेस 11 की ओर से शुभम राही ने 14, प्रकाश ने 13, विजय चंदेल ने 16 और विजय भारद्वाज ने 14 रन बनाए। फॉरेस्ट-11 की ओर से रवि और सुशील ने 2-2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फॉरेस्ट 11 की टीम ने 9.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाए। प्रेस 11 की ओर से शुभम राही ने दो विकेट प्राप्त किए। फॉरेस्ट 11 की ओर से रवि ने 40 रोहित में 18 और राहुल ने 14 रन बनाए। रवि को शानदार 40 रन और दो विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मैच एसपी 11 और बैंकर्स 11 के मध्य खेला गया। एसपी 11 ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 4 विकेट खोकर 186 रन बनाए। सलामी बल्लेबाजी करने उतरे ललित ने 82 रवि ने 42 और एसपी बिलासपुर में 39 रनों का योगदान दिया। बैंकर्स 11 की ओर से चंबल सिंह ने दो विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैंकर्स 11 कुल 42 रन पर ऑल आउट हो गई।

बैंकर्स 11 का कोई भी खिलाड़ी दो अंको तक नहीं पहुंच सका। एसपी 11 की ओर से खुद एसपी गोकुल चंद्र कार्तिकेय ने मोर्चा संभालते हुए तीन विकेट हासिल किए और निशांत के खाते में भी दो विकेट आए।


आईसीएम प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रेस इलेवन की टीम।

## रविंद्र और अनिकेत को जिला युकां उपाध्यक्ष की कमान

**बिलासपुर।** जिला युवा कांग्रेस ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रविंद्र कुमार और अनिकेत भारद्वाज को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा रविंद्र कुमार को झंडूता विधानसभा युवा कांग्रेस का प्रभारी बनाया है। जिला युकां अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व से स्वीकृति के बाद कार्यकारिणी में विस्तार किया है। विकास शर्मा, अरुण चंदेल, अभिषेक शर्मा, नीरज शर्मा, भरत डोगरा, महेंद्र सिंह अंकित भाटिया, निशांत हंस, प्रीतम कुमार, राकेश कुमार अजय चंदेल और मुनीश कुमार को जिला महासचिव की जिम्मेवारी दी गई है।

इसके अलावा इमरान खान, अनीश खान, विशाल कुमार, अजय धर्माणी, शुभम कुमार, सुहैल हुसैन और मोहम्मद बिलाल को सचिव नियुक्त किया गया। आशीष ठाकुर ने नियुक्तियों के लिए युवा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

# पेंशनरों का बकाया नहीं मिला तो होगा जन जागरण अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- सरकार के खिलाफ गांव-गांव निकल कर प्रचार करेंगे कर्मचारी और पेंशनर्स
- अन्य लोगों को सहूलियत दी जा रही , तो कर्मियों को क्यों वंचित रखा जा रहा

एक जनवरी तक सरकार ने कर्मचारी और पेंशनरों के बकाया भत्ते जारी नहीं किए तो एक फरवरी से सरकार के खिलाफ प्रदेशव्यापी जन जागरण अभियान आरंभ कर दिया जाएगा।

यह बात हिमाचल प्रदेश सर्व कर्मचारी पेंशनर युवा बेरोजगार श्रमिक संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष गोपाल दास वर्मा ने बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा सत्र के दौरान कहा था कि हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को बकाया एरियर दो-तीन साल के बाद मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस बात का हर कर्मचारी विरोध कर रहा है, क्योंकि यह बयान राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में अन्य लोगों को हर प्रकार की सहूलियत दी जा रही है तो कर्मचारियों को इससे वंचित क्यों रखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के कर्मचारी सरकार से खफा हैं। उन्होंने कहा कि वह सरकार को चेतावनी दे रहे हैं कि अगर एक जनवरी से पहले सारी बकाया राशि एक मुश्त न दी गई, तो उचित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पेंशनरों को मेडिकल रिंबर्समेंट के पैसे नहीं मिल रहे हैं, वहीं एरियल 12 प्रतिशत और डीए अभी तक जारी नहीं किया गया है।

**स्वास्थ्य** भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

# 386 लोगों की जांच, 27 फीसदी व्यक्ति रक्तचाप से ग्रस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स बिलासपुर ने गैर-संचारी रोगों की जांच और विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर जानकारी के प्रसार के लिए विभिन्न पंचायतों में मोबाइल वैन की ओर से आउटरीच गतिविधियां कीं और भारत सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। यह शिविर एम्स के कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. वीएस नेगी के मार्गदर्शन में लगाया गया।

एम्स प्रबंधन का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, गैर-संचारी रोगों को रोकने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल के रूप में एम्स बिलासपुर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 21 पंचायतों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। समुदाय को स्वस्थ जीवन शैली को सशक्त बनाने के लिए इन शिविरों में स्वास्थ्य संवर्धन गतिविधियों को प्रदान करने के साथ प्रचलित गैर-संचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह की जांच पर ध्यान केंद्रित किया गया।

बहु-विशिष्ट शिविर में मेडिसिन, आर्थोपेडिक्स, ईएनटी विभाग के विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। इन शिविरों का लोगों ने लाभ उठाया। प्रशिक्षित स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मधुमेह और उच्च रक्तचाप से जुड़े शुरुआती लक्षणों और जोखिम कारकों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की। कुल 386 लोगों की जांच की गई, जिनकी आयु 30 वर्ष या उससे अधिक थी। जांच करने पर लगभग 27 फीसदी व्यक्ति उच्च रक्तचाप से ग्रस्त पाए गए। इसके अलावा 6.5 फीसदी को मधुमेह होने का खतरा पाया गया, जो व्यक्ति नियमित रूप से अपनी दवाएं नहीं ले रहे थे। उन्हें इसके लिए परामर्श दिया गया।






विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोग (दाएं) स्वास्थ्य शिविर में लोगों का स्वास्थ्य जाचंते हुए डॉक्टर।

# अनुराग का मकसद गांधी परिवार पर हमलावर होना

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

- पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव ठाकुर हीरा पाल सिंह ने साधा निशाना
- वह बताएं कि उन्होंने 18 वर्षों में प्रदेश के लिए क्या किया

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का सिर्फ एक मकसद रह गया है कि वह राहुल गांधी या गांधी परिवार के ऊपर हमलावर होते हैं, जिससे उनका राजनीतिक फायदा वर्तमान सरकार के गुजरात मॉडल के माध्यम से मिलता रहे।

यह बात पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं प्रदेश सहसंयोजक राजीव गांधी पंचायतराज संगठन ठाकुर हीरा पाल सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर का 18 वर्ष का बतौर सांसद कार्यकाल हमीरपुर चुनाव क्षेत्र से रहा है, तो वह बताएं कि उन्होंने 18 वर्षों में हिमाचल के लिए क्या किया। सिर्फ गांधी परिवार के ऊपर हमला करने के सिवाय अपनी प्रमोशन भाजपा में करने के सिवाय और कुछ नहीं किया। जैसे-जैसे वह गांधी परिवार पर या कांग्रेस नेताओं के ऊपर हमला करते हैं या बयान कर देते हैं, उसी के नाम के रूप में उसको वर्तमान सरकार के गुजरात मॉडल के माध्यम से उनको प्रमोशन मिल जाती है, जबकि उनका कार्यकाल बताओ केंद्रीय मंत्री और बीसीसीआई अध्यक्ष या फिर अन्य पदों पर जब-जब रहे, तो उन्हें कंट्रोवर्सी के सिवाय कुछ नहीं किया।

## सेना में आरटी जेसीओ धर्मगुरु बने दियोध के चंचल

**बिलासपुर।** बिलासुपर जिले के कोठी गांव के चंचल भारतीय सेना में आरटी जेसीओ धर्मगुरु के पद पर नियुक्त हुए हैं चंचल ने सफलता का श्रेय बड़े भाई, माता-पिता और गुरुजनों को दिया है।

चंचल ने दसवीं तक की पढ़ाई दियोथ स्कूल से की। इसके बाद शास्त्री की शिक्षा श्री शक्ति संस्कृत कॉलेज श्री नयना देवी और ज्योतिष आचार्य राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान कांगड़ा से की। जम्मू-कश्मीर से बीएड और वृंदावन मथुरा में भागवत का अध्ययन किया।

इसके बाद भागवत कथा और कर्मकांड के साथ-साथ भारतीय सेना में धर्मगुरु के पद के लिए तैयारी शुरू की। भर्ती परीक्षा देने के बाद 2023 में उनका चयन हुआ। इसके बाद आईएमए पुणे से छह माह के प्रशिक्षण के बाद उन्हें नियुक्त किया गया। चंचल ने कहा कि वे गुरुजनों के आभारी हैं। इनके पिता रूपलाल शर्मा का देहांत हो चुका है और माता निर्मला देवी गृहिणी हैं।

# दौलतपुर-करतोली सेक्शन की ग्राउंड रिपोर्ट

# एलिवेटेड ट्रैक पर दौड़ेगी रेल

**7.800** किलोमीटर में बनेगा एलिवेटेड ट्रैक, निर्माण कार्य जारी



## दौलतपुर तक रेल सुविधा

इस सेक्शन में दौलतपुर चौक हिमाचल का अंतिम रेलवे स्टेशन है, जहां से 15 जनवरी, 2019 को रेल सेवा आरंभ हुई। इस सेक्शन तक ब्रॉडगेज रेल लाइन है, जो इलेक्ट्रीफाइड है। वर्तमान में दौलतपुर चौक से दिल्ली के बीच सीधी रेल कनेक्टिविटी है। यहां से रोजाना चार ट्रेनें चल रही हैं। इनमें जनशताब्दी एक्सप्रेस, हिमाचल एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस और अंबाला डीईएमयू शामिल हैं।

## 2025 तक पूरा होगा निर्माण

उत्तरी रेलवे कंस्ट्रक्शन विंग के एक्सईएन रवि जिंदल ने कहा कि दौलतपुर चौक से आगे रेल लाइन का निर्माण तीवग्रति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 7.800 मीटर एलिवेटेड रेल ट्रैक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिसंबर, 2025 तक इस सेक्शन का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो,ऊना**

**दौलतपुर** चौक से तलवाड़ा के बीच रेलवे लिंक जोड़ने को लेकर कदमताल तेज हो गई है। अभी दौलतपुर चौक से करतोली सेक्शन के मध्य रेल लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। यह लगभग 11 किलोमीटर लंबा सेक्शन है। जिसमें लगभग 7.800 किलोमीटर एरिया में एलिवेटेड रेल ट्रैक बनाया जा रहा है। इस सेक्शन को उत्तरी रेलवे ने दिसंबर, 2025 तक कंपलीट करने का तारगेट रखा है। फिर टेक्निकल विंग से क्लीरेंस पर उक्त सेक्शन में ट्रेनें एलिवेटेड ट्रैक पर फर्राटे से दौड़ती दिखेंगी।



दौलतपुर चौक करतोली सेक्शन में बन रहा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक।

रेलवे ट्रैक के निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीन।

एलिवेटेड ट्रैक के लिए फाउंडेशन बेस तैयार करते हुए।



## लगभग 4.800 किलोमीटर बनाया जाएगा ट्रैक

**बताते** चलें कि दौलतपुर चौक से मंदवाड़ा तक हिमाचल का लगभग छह किलोमीटर एरिया पड़ता है, जिसमें लगभग 4.800 किलोमीटर एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। इसके अलावा 1.200 किलोमीटर एरिया में रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए भूमि समतल करने और मिट्टी फिलिंग का काम चल रहा है। मरवाड़ी के नजदीक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के 80 से अधिक पेयर खड़े कर दिए गए हैं। अब एलिवेटेड ट्रैक का फाउंडेशन बेस तैयार किया जा रहा है, जिस पर जल्द एलिवेटेड ट्रैक के पेयर को स्थापित किया जाएगा। इसके लिए संबंधित कंस्ट्रक्शन कंपनी के इंजीनियरों की देखरेख में तेजी से काम चल रहा है। वहीं, करतोली के एरिया में रेलवे लाइन की भूमि को समतल किया जा रहा है। यह एरिया पंजाब में आता है, जो लगभग पांच किलोमीटर लंबा है। इसमें लगभग तीन किलोमीटर एरिया में एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा, जबकि शेष एरिया में रेल लाइन बिछाई जाएगी।

## दौलतपुर चौक से पंजाब तक आते सात गांव

दौलतपुर चौक से पंजाब सीमा तक हिमाचल के एरिया में सात गांव आते हैं। इनमें दौलतपुर चौक, डंगोह खास, बबेहड़, मैदानगढ़, रायपुर, मरबाड़ी व मंदवाड़ा शामिल हैं। दौलतपुर चौक स्टेशन से आगे मरवाड़ी के बीच रेल लाइन पर मिट्टी का भराव किया जा रहा है। इसके अलावा भूमि समतल करने का कार्य चल रहा है। लगभग 11 किलोमीटर लंबे दौलतपुर चौक करतोली सेक्शन के लिए 452 करोड़ रुपए का प्रावधान है। करतोली से आगे तलवाड़ा सेक्शन में अभी भूमि अधिग्रहण का काम चल रहा है। इस एरिया में लगभग आठ किलोमीटर रेल लाइन बनाई जाएगी।

## 22 दिसंबर, 1974 को रखा था रेल लाइन का नींव पत्थर

**22 दिसंबर,** 1974 को नंगल डैम ऊना से तलवाड़ा रेल लाइन का नींव पत्थर रखा गया था। यह रेलवे लाइन सामरिक दृष्टि से बहुत अहम है। इस रेल लाइन का पहले एकमुश्त बजट के अभाव में धीमी गति से कार्य हुआ। पिछले कुछ सालों से उक्त रेल लाइन के निर्माण कार्य में तेजी आई है। उधर, उत्तरी रेलवे के जोनल मेंबर सुमित शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार में इस रेल लाइन के निर्माण को गति मिली है। इसके लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने जोरदार प्रयास किए हैं। दौलतपुर चौक तक जनता को रेल यातायात की सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि दौलतपुर चौक से करतोली के मध्य रेल लाइन का निर्माण युद्धस्तर पर चल रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही दौलतपुर चौक का तलवाड़ा से रेल लिंक जुड़ जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रघुबीर को अद्वैता फाउंडेशन ने दी 10 हजार की सहायता, गैंग्रीन से कट चुकी है एक टांग

**ऊना।** ऊना की अद्वैता फाउंडेशन भदसाली के रघुबीर सिंह को रिजनल अस्पताल में संयोजक मोनिका सिंह ने 10 हजार आर्थिक सहायता प्रदान की। इस मौके पर फाउंडेशन के इंद्रजीत सिंह, जसबीर सिंह, अभिवक्ता लविका, मनमोहन कसाना, मोनिका और रेणु उपस्थित रहीं। रघुबीर सिंह लगभग पांच साल से गैंग्रीन की बीमारी से ग्रसित हैं, जिन्हें अद्वैता फाउंडेशन निरंतर सहायता कर रही है। गैंग्रीन के कारण पहले ही रघुबीर की एक टांग काटनी पड़ी थी। अब इंफेक्शन पैर के अंगूठे में फैल गया था, जिस कारण उसको भी काट दिया गया है। कोरोना काल में डीसी राघव शर्मा की मदद से फाउंडेशन ने रघुबीर को टांडा मेडिकल कॉलेज और पपरोला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में दो महीने इलाज के लिए भेजा था।

### विद्युत अनुभाग सोली खड्ड के तहत चार और पांच को बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-2 सुनील शर्मा ने बताया कि विद्युत अनुभाग सोली खड्ड के तहत आने वाले श्रृंगार होटल, होटल मंजुल, होटल ध्रुव, होटल रिवर बैंक, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-एक व दो तथा इसके आसपास के क्षेत्र में चार जनवरी को सुबह 11 बजे से शाम दो बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल साईगलू हुक्म चंद ने बताया कि पांच जनवरी को 22 केवी कोटली फीडर के तहत उच्च ताप लाइनों की जरूरी मरम्मत का कार्य किया जाएगा, जिस कारण कोटली फीडर के तहत आने वाले साईगलू, कसान, कोटली, धन्यारा, सकस्वाल, समराहण, भरगांव, डवाहण, कोट, कून, द्रुब्बल, अलग, माहन, चेला, खलाणू, कडकोह, सताहन, लागधार तथा साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### पटवारी के 70 रिक्त पदों के लिए सेवानिवृत्त पटवारियों-कानूनगो से मांगे आवेदन

**मंडी।** प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राजस्व विभाग में लंबित कार्यों के निपटान के लिए सेवानिवृत्त पटवारी-कानूनगो की सेवाएं ली जाएंगी। उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने बताया कि मंडी जिले में वर्तमान में पटवारियों के 70 पद रिक्त हैं। इन पदों पर सेवानिवृत्त पटवारी-कानूनगो की निर्धारित शर्तों के आधार पर अस्थायी भर्ती की जाएगी। इसके लिए इच्छुक सेवानिवृत्त पटवारी और कानूनगो उनके कार्यालय में 29 जनवरी सायं पांच बजे तक सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। नियुक्ति के बाद उम्मीदवार को 25 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाएगा तथा माह की समाप्ति पर एक दिन के आकस्मिक अवकाश का हकदार होंगे। इच्छुक पात्र उम्मीदवार की आयु पद के विज्ञप्ति होने के समय 65 साल से अधिक न हो।

### भूतपूर्व सैनिकों के वार्ड में जेबीटी अध्यापकों के भरे जाएंगे 12 पद

**ऊना।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा द्वारा भूतपूर्व सैनिकों के वार्ड में जेबीटी टेट पास के 12 पद बैच बाइज भरे जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि अनारक्षित वर्ग में चार पद 31 दिसंबर, 2018 बैच, एससी बीपीएल वर्ग में एक पद, एससी वर्ग में स्वतंत्रता सेनानी श्रेणी में एक पद, एससी वर्ग की एक्स सर्विसमेन वार्ड में तीन पद, एसटी बीपीएल श्रेणी में एक पद व एसटी की वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमेन श्रेणी में एक पद अब तक के बैच से और ओबीसी की वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमेन श्रेणी में एक पद 31 दिसंबर, 2020 बैच से भरे जाएंगे। उन्होंने कहा कि उपरोक्त बैच से संबंधित पात्र अभ्यर्थी ने यदि अपना नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं करवाया है, तो वे छह जनवरी से पहले अपना नाम संबंधित रोजगार कार्यालय में दर्ज करवाना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय के नंबर 01975-226063 पर संपर्क करें।

### कांग्रेस सरकार की सांसें केंद्रीय बजट की योजनाओं पर अटकी : अजय राणा

**मंडी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि प्रदेश के बजट की सांस केंद्रीय बजट की योजनाओं में अटकी है। मात्र केंद्र की योजनाओं से ही हिमाचल का विकास हो रहा है। मोदी सरकार की सहायता से इस तरह हिमाचल प्रदेश की भिन्न-भिन्न प्रोजेक्ट चले हैं। राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि-1 के अंतर्गत 42 करोड़ 80 लाख रुपए 16 मई 2023 में भेजी गई। अन्य डीएम परियोजनाएं (स्कूल सुरक्षा सहित)-1 के अंतर्गत पांच लाख सात हजार रुपए 25 मई, 2023 को प्राप्त हुई। राजस्व हानि के लिए राज्यों को मुआवजा-1 के अंतर्गत 29 करोड़ 11 लाख रुपए 22 जून, 2023 को प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ-1 के अंतर्गत 180 करोड़ 40 लाख रुपए 10 जुलाई 2023 को प्राप्त हुई। एसडीआरएफ-2 के अंतर्गत 180 करोड़ 40 लाख रुपए 17 जुलाई, 2023 को प्राप्त हुई।



अजय राणा।

# गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के अभिषेक और प्राची 26 जनवरी परैड के लिए चयनित

## मीनाक्षी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अंतर्गत केरल के लिए सिलेक्ट

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के एनएसएस के स्टूडेंट्स ने आरडी राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में भाग लिया था, जिसमें जमा दो क्लास के अभिषेक राय, प्राची 26 जनवरी आरडी शिविर के लिए चयनित हुए हैं।

एनएसएस के अभिषेक व प्राची शिमला में 26 जनवरी परेड में भाग लेंगे। यह जानकारी स्कूल प्रिंसिपल राजेश कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी व जिला को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार व महिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम शर्मा को इसका श्रेय दिया है। एनएसएस राज्य सलाहकार समिति सदस्य राजन शर्मा ने बताया कि जिला को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार ने आरडी शिविर में कैंप कमांडर की भूमिका निभाई है, जो गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के लिए हर्ष की बात है।

इसके अलावा गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल की जमा दो की छात्रा मीनाक्षी का एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत चयन केरल के लिए हुआ है, जो आगामी जुलाई माह में केरल जाएगी, इन स्टूडेंट्स को आज पाठशाला में सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल ओमराज, लेक्चरर, राकेश कुमार, राजन शर्मा, मनोज कालिया, सोनिका कालिया, अजय शर्मा, पूनम शर्मा सुरबाला, अविंद्र जसवाल, बलजीत कुमार, राजीव ठाकुर, बलराज ठाकुर, राजीव कुमार, दीपक शास्त्री, मोनिका कुमारी, कंचन कुमारी, मीना कुमारी, चंद्रावती, दीपिका ठाकुर, दीक्षा कुमारी, अमरपाल मीनाक्षी व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## सेरा के स्टूडेंट्स ने किया एनआईटी का भ्रमण

**धनेटा।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेरा के प्री-बोकेशनल के स्टूडेंट्स ने एनआईटी हमीरपुर का भ्रमण किया। भ्रमण पर स्टूडेंट्स ने कई प्रकार की जानकारियां हासिल की। उन्होंने नॉर्थ जोन की सबसे बड़ी कंप्यूटर लैब को देखा, जिसमें 500 स्टूडेंट्स एक साथ बैठकर कार्य कर सकते हैं। उन्होंने भौतिकी विज्ञान लैब को भी देखा। विज्ञान की गतिविधियां भी स्टूडेंट्स से करवाई गईं। प्रिंसिपल बीएल कौशल ने एनआईटी के डायरेक्टर डॉ. सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष ननौती के सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राध्यापक संजीव कुमार, डिंपल, गुरनाम सिंह, रिपना व रोहित भी मौजूद थे।

## मुबारिकपुर में स्क्रीन पर हो रहे मां चिंतपूर्णी के लाइव दर्शन



**मुबारिकपुर।** मुबारिकपुर चौक पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक सुदर्शन सिंह बबलू और विधायक चैतन्य शर्मा के प्रयासों से चिंतपूर्णी ट्रस्ट की ओर से लगाई गई स्क्रीन पर आने जाने वालों को माता चिंतपूर्णी के दर्शन इस स्क्रीन के माध्यम से हो रहे हैं। जिला परिषद सदस्यों कुलदीप शर्मा, पूर्व प्रधान ठाकुर रणजीत सिंह, विजय कुमार रविंद्र कुमार, राजीव शर्मा और सुमंत शर्मा ने मुबारिकपुर चौक मैं छिन्नमस्तिका धाम के लाइव दर्शन करवाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी धाम मंदिर चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की भीड़ होने पर श्रद्धालु पौड़ियों पर माथा टेक कर वापस आ जाते थे, जबकि अब स्थानीय लोगों तथा श्रद्धालुओं को मुबारिकपुर चौक पर ही छिन्नमस्तिका धाम के बढ़िया लाइव दर्शन हो रहे हैं। एसडीओ चिंतपूर्णी ट्रस्ट ने बताया कि जल्द ही स्क्रीन पर माता की आरती भी दिखाई जाएगी।

## करलुही मैं शिव पुराण कथा पांच जनवरी से

**मुबारिकपुर।** करलुही पंचायत में महा शिव पुराण कथा महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला पार्षद कुलदीप कुमार दीपा ने दी। उन्होंने कहा शिव महापुराण की कथा पांच जनवरी से लेकर 13 जनवरी तक शिव मंदिर करलुही मैं होगी। इस शिव पुराण कथा के कथा वाचक गोपाल स्वरूप शास्त्री बिलासपुर वाले अपने मुख से प्रवचनों की वर्षा से संगत को निहाल करेंगे। उन्होंने कहा कि शिव पुराण कथा का आयोजन सभी गांव के लोगों के सहयोग से किया जा रहा है। शिव पुराण कथा के बाद प्रतिदिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम शुरू करने से सुधरेगी शिक्षा की व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**




**भोरंज** उपमंडल के अधीन आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में सुविधा मुहैया करवाने के साथ गुणात्मक शिक्षा देने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा शुरू की गई है। इसके अलावा क्लस्टर सिस्टम को शुरू करने की भी प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिला प्रदेश भर में साक्षरता के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर है। ऐसे में जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने बस्सी से सरकाघाट सड़क पर स्कूल के साथ ओवर हैड-स्टेयर के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को सात दिनों में प्राकलन तैयार करने के आदेश दिए। इसके अलावा स्कूल भवन पर टीन की छत व कमरों के निर्माण के लिए प्राकलन बनाने तथा विधायक निधि से दो लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर बच्चों में रंगारंगा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, किशोरी लाल शर्मा, सुरेंद्र जरियाल, विजय डोगरा, सोशल मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

**तैयारी** अधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव प्रक्रिया व ड्यूटी की जानकारी दी, एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने की अध्यक्षता

# सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस मजिस्ट्रेट की वर्कशॉप आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**ऊना** स्थित डीआरडीए सभागार में लोकसभा चुनावों में मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष व सुचारु आयोजित करवाने लिए चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस मजिस्ट्रेट अधिकारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई।

इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस मजिस्ट्रेट अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया से अवगत करवाया। कार्यशाला की अध्यक्षता एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर ने की। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र और निष्पक्ष करवाने में सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस मजिस्ट्रेट की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपनी ड्यूटी को पूर्ण गंभीरता से समझें। उन्होंने सभी अधिकारियों को पोलिंग बूथों का फिजिकल सत्यापन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्त मतदान केंद्रों का दौरा करके उनके संबंध में निर्धारित प्रपत्र पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके प्रस्तुत करें। महेंद्र पाल ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का निरीक्षण सुनिश्चित करें। जिससे निर्धारित समयावधि में कमियों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर उनकी जानकारी साझा करें, ताकि उनके लिए सभी जरूरी प्रबंध किए जा सके। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय कायम रखने के निर्देश दिए।

एडीसी ने अधिकारियों से कहा कि हर बूथ के दो-तीन व्यक्तियों के मोबाइल नंबर रखें, ताकि किसी प्रकार की जानकारी के लिए उनसे संपर्क किया जा सके।



एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए।

"मैं ऐसे धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता, समानता, और भाई -चारा सिखाए।
-बीआर अंबेडकर"



# बिजली बोर्ड कर्मचारियों को वेतन के लाले

**हिमाचल** में बिजली बोर्ड कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़ गए हैं। प्रदेश की सुक्खू सरकार आर्थिक संकट से जूझ रही है। उसके पास बिजली बोर्ड कर्मचारियों को वेतन देने के पैसे नहीं हैं। हर महीने पहली तारीख को सभी कर्मचारियों और पेंशनर्स को सैलरी मिल जाती थी, लेकिन इस बार अब तक सैलरी नहीं मिली है। दरअसल, हिमाचल में उपभोक्ताओं को 125 यूनिट फ्री बिजली दी जा रही है और इसकी एवज में सरकार बोर्ड को पैसा देती है, लेकिन अक्तूबर से दिसंबर 2023 तक का पैसा सरकार की तरफ से नहीं दिया गया है। सैलरी समय पर न देने की यही असली वजह है। वेतन और पेंशन जारी न होने पर बिजली बोर्ड के कर्मचारी भड़क उठे हैं। संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर शिमला स्थित बोर्ड मुख्यालय कुमार हाउस के बाहर कर्मचारी भोजन अवकाश के दौरान हर रोज प्रदर्शन करते हैं, लेकिन उनकी डिमांड पर कोई गौर नहीं कर रहा। वे कर्मचारी वित्तीय कुप्रबंधन के लिए बोर्ड को दोषी ठहरा रहे हैं, लेकिन बोर्ड भी क्या करे जब उसके पास पैसा ही नहीं है, तो वह सैलरी कैसे दे ? बिजली बोर्ड की आठ कर्मचारी और इंजीनियरों की यूनियनें इस मसले पर लामबंद हैं। कर्मचारी अब छह जनवरी को उना से राज्य स्तरीय आंदोलन की चेतावनी देने के मूड में हैं। हिमाचल प्रदेश में बिजली बोर्ड से रिटायर पेंशनर्स को अब तक ओल्ड पेंशन योजना यानी ओपीएस का लाभ भी नहीं मिला है। 28 हजार पेंशनर्स और 15 हजार कर्मचारियों को बोर्ड की तरफ से हर माह 190 करोड़ रुपए सैलरी के तौर पर दिए जाते हैं। हर महीने बिजली बोर्ड को बिल भुगतान से 550 करोड़ की आय होती है, लेकिन सर्दियों में नदी में पानी कम होता है और बिजली उत्पादन गिर जाता है। ऐसे में दूसरे राज्यों से काफी महंगी दरों पर बिजली खरीदी जाती है। विडंबना यह है कि बोर्ड को जो आय हो रही है उसी पैसे से बिजली खरीदी जा रही है। यह भी एक वजह है कि बोर्ड के पास धनराशि की कमी है। सरकार हर तिमाही के लिए बिजली बोर्ड को एडवांस अढ़ाई सौ करोड़ रुपए देती है। जहां सरकार पिछले तीन महीने का पैसा नहीं दे पाई है, वहीं अब अगली पेमेंट भी ड्यू है। ऐसे में सरकार को बिजली बोर्ड को करीब 500 करोड़ रुपए देने हैं। हिमाचल प्रदेश में सरकार आर्थिक संकट से जूझ रही है। प्रदेश पर इस समय करीब 86 हजार करोड़ रुपए का कर्ज है। सरकारी कर्मचारियों के भत्ते के तौर पर सरकार को 10 हजार करोड़ रुपए की देनदारी है। सरकार बीते एक साल में 12 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है। सुक्खू सरकार को केंद्र से कोई खास मदद नहीं मिल रही है। यह भी एक बड़ी वजह है कि सरकार का खजाना खाली पड़ा है। दूसरा-सरकार के पास आय बढ़ाने के लिए संसाधनों की कमी है। पर्यटन को छोड़कर सरकार के पास आय बढ़ाने का कोई जरिया नहीं है। हालात ऐसे हैं कि राज्य सरकार की आमदनी 100 रुपए है तो खर्चे 170 रुपए तक हो जाते हैं। वैसे सरकार संसाधन जुटाने के लिए प्रयासरत तो है और इस दिशा में कई तरह के ठोस कदम भी उठाए जा रहे हैं। राज्य पर हो रहे अतिरिक्त खर्च को किस तरह से जुटाया जाए, यही सबसे बड़ी चुनौती है। केंद्र सरकार ने बाह्य वित्त पोषित एजेंसियों से राज्य को प्राप्त होने वाली धनराशि को सीमित कर 2900 करोड़ रुपए कर दिया है, जबकि पहले कोई लिमिट तय नहीं की थी। नतीजतन, सरकार हर साल 950 करोड़ रुपए ही प्राप्त कर पाएगी। प्रदेश के कई प्रस्तावित प्रोजेक्ट भी रुक गए हैं, जिसके चलते प्रदेश को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचता जा रहा है। उम्मीद है बिजली बोर्ड कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान सरकार शीघ्र ही निकाल लेगी।

# जाइका पहाड़ों की कृषि और आर्थिकी को कर रहा मजबूत

**जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की ओर से मशरूम की खेती की जा रही है। महिलाओं के इस समूह की ओर से मशरूम उगाने का परीक्षण सफल रहा है। जाइका वानिकी परियोजना न सिर्फ ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिकी का एक साधन बन रही है, बल्कि उनके पारंपरिक कार्यों को आधुनिक तरीकों से करवाकर आय को बढ़ाने का काम भी करती हुई नजर आ रही है। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के तहत बहुत सी महिलाएं पीढ़ी दर पीढ़ी टौर के पत्तों की पत्तलें बनाने का पारंपरिक कार्य करती आ रही हैं, लेकिन जाइका वानिकी परियोजना ने अब इनके आधुनिकता के साथ करवाने का कार्य शुरू किया है।**

**जाइका वानिकी परियोजना हैंडलूम सेक्टर में बेहतरीन कार्य कर रही है। जाइका से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार हो रहे हथकरघा एवं बुनकर उत्पादों को नई पहचान मिल रही है। कुल्लू जिले में 106 स्वयं सहायता समूह हैंडलूम सेक्टर से जुड़े हैं। जंगल में सूखी बेकार मानी जाने वाली चीड़ की पत्तियां अब लोगों की आय का साधन बन गई हैं। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूह इनसे विभिन्न तरह के घरेलू उत्पाद तैयार कर रहे हैं।**



लेखक
नागेश कुमार गुलेरिया
भा.व.से) अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं मुख्य परियोजना निदेशक (जाइका)।

**जाइका** वानिकी परियोजना हिमाचल में वन तंत्र प्रबंधन, सामुदायिक विकास एवं आजीविका सुधार के लिए काम कर रही है। इस परियोजना की कुल लागत 800 करोड़ रुपए है और अवधि 10 वर्ष यानी 2018-19 से 2027-28 है। जाइका वानिकी परियोजना का मुख्य लक्ष्य हिमाचल प्रदेश में सतत् सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए वन क्षेत्रों की ओर से पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं में सुधार किया जाना है। वर्ष 2022 में कांगड़ा जिला को भी इस परियोजना में शामिल किया गया। अब यह परियोजना हिमाचल प्रदेश के सात जिलों किन्नौर, शिमला, बिलासपुर, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और कांगड़ा के नौ वन वृत्तों, 22 वन मंडलों, 72 वन परिक्षेत्रों में कार्यान्वित की जा रही है। हिमाचल प्रदेश जाइका वानिकी परियोजना में 460 माइक्रोप्लान व 920 स्वयं सहायता समूहों की आजीविका बढ़ाने के लिए प्लान तैयार किए जा रहे हैं। वनों में हरित आवरण बढ़ाने के लिए परियोजना की ओर से पौधरोपण किया जा रहा है।

जाइका वित पोषित हिमाचल प्रदेश वन पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन एवं आजीविका सुधार परियोजना के तहत राज्य में लोगों के माध्यम से परियोजना का कार्यान्वयन हो रहा है। मशरूम की खेती, पत्तल का कारोबार, हथकरघा एवं बुनकर, सिलाई-कटाई और मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण, ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देना, ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण करने सहित कई गतिविधियां चल रही हैं। इसके साथ-साथ जाइका वानिकी परियोजना की अपनी ही नर्सरी में तैयार हुए पौधों को सामुदायिक तौर पर पौधरोपण भी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परियोजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिकी में निरंतर सुधार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आजीविका सुधार क्षेत्र में 24 मॉडल पर कार्य चल रहे हैं। इस क्षेत्र में आजीविका कमाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। कैपिटल कॉस्ट के तौर पर 75 प्रतिशत का बजट जाइका की ओर से दिए जाते हैं, जबकि 25 प्रतिशत स्वयं सहायता समूहों को स्वयं व्यय करना पड़ता है। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों को भी अच्छी कीमत मिल रही है। अब तक एक करोड़ 25 लाख की बिक्री हो चुकी है, जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। आने वाले समय में इसे विनियमित किए जाएंगे।

जाइका वानिकी परियोजना की नर्सरी से हिमाचल में हरियाली की पौधशाला चल रही है। परियोजना की ओर से प्रदेश में वन विभाग की नर्सरियों का आधुनिकीकरण हो रहा है, ताकि प्रदेश में गुणवत्तायुक्त पौधे तैयार कर उसे बेहतर तरीके से रोपा जा सके। जाइका के अंतर्गत प्रदेश में 66 रेंज और छह सर्कल स्तर पर विकसित नर्सरियों में 55 से अधिक पेड़ों की प्रजातियों के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। चिलगोजा, छरमा, देवदार, बान, तोष समेत 55 पेड़ों की प्रजातियों वाले पौधे उक्त नर्सरियों में उपलब्ध हैं। जाइका प्रोजेक्ट के माध्यम से इन नर्सरियों की क्षमता में लगभग 80 लाख पौधे की बढ़ोतरी की गई है। इस साल लगभग 44 लाख पौधे तैयार किए गए हैं।



प्रदेश के हर जलवायु में रोपने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा उक्त सभी नर्सरियों में पानी की बेहतर सुविधाएं, केचुआ खाद, ग्रीन हाउस, इंटरलिंक चेन, फेंसिंग इत्यादी की सुविधा भी परियोजना से प्रदान की गई है, ताकि गुणवत्तापूर्ण पौधे नर्सरियों में तैयार हो सकें। हिमाचल प्रदेश में पहली बार छरमा की नर्सरी तैयार करने में जाइका परियोजना का सबसे बड़ी भूमिका रही। जिला लाहौल-स्पीति में तैयार होने वाले छरमा एक औषधीय गुण वाला पौधा है, जिसकी नर्सरी वाइल्ड लाइफ स्पीति व लाहौल के सिस्सू में तैयार की गई है। इसके अलावा सिस्सू और शैगो नर्सरी में भी छरमा के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ चिलगोजा के पौधे जिला किन्नौर की छोल्टू नर्सरी में तैयार किए जा रहे हैं। जाइका परियोजना हिमाचल को हरित राज्य बनाने की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। तोष, खैर, खनूर, टौर, कचनार, देवदार, शीशम, अमलूक, आंवला, लोकाट, बिहुल, अखरोट, डरेक, मौरस, रई, चिलगोजा, चील, चुल्ली, पाज्जा, बेहमी, कनकचंपा, दरू, कैंथ, मोहरू, बान, रोबीनिया, रीठा, जामुन, रखाल, बेहरा, हरड और मरीनू इत्यादी के अलावा जड़ी-बूटियों को भी नर्सरी में उगाया जाता है। जाइका वाणिकी परियोजना के तहत विशेष रूप से औषधीय पौधों के निरंतर विकास को विनियमित किया जा रहा है। परियोजना के तहत विभिन्न सेल्फ हेल्प ग्रुप में क्लस्टर स्तर पर हिम जड़ी-बूटियां जिनका चिकित्सकीय क्षेत्र में महत्व है, से संबंधित करीब 643 प्रजातियां हैं। इनमें से व्यावसायिक महत्व की कुछ प्राथमिकता वाली प्रजातियों का चयन करके वन एवं निजी भूमि पर उनकी खेती की जा रही है, जिनमें मुख्यतः सतावरी, एलोवेरा, तेज पत्ता, कड़ू, चिरायता इत्यादी हैं। जड़ी-बूटी सैल द्वारा पिक्रोराइजा कुरुआ यानी कुटकी, स्वर्शिया कॉडेटज यानी चिरायता, हरड़, आंवला, रिठा, मोरिंगा व टौर के पत्तों की प्लेट बनाना, चीड़ के पत्तियों का संग्रहण, पेरिस पॉलीपिप पॉलीफिया यानी सतुआ के प्रसार के लिए प्रकंद और एसपेरेगस रेसमोसस यानी शतावरी की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**पीएफएम व विभागीय स्तर पर पौधरोपण** : हिमाचल प्रदेश में वन विभाग और पीएफएम सहभागी वन प्रबंधन के अंतर्गत हर साल पौधरोपण किया जाता है। अब तक प्रदेश में लगभग 67 सौ हेक्टेयर वन भूमि पर पौधरोपण किया जा चुका है। वर्ष 2023 में 2000 हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया था, जो रिकॉर्ड 2300 हेक्टेयर भूमि पर पौधे रोपे गए। हिमाचल में हरित आवरण को वर्ष 2030 तक 30 प्रतिशत बढ़ाने के लिए जाइका वानिकी परियोजना का अहम भूमिका निभा रही है। सहभागी वन प्रबंधन के तहत अब तक 3589 हेक्टेयर और विभागीय स्तर पर 3208 हेक्टेयर भूमि पर पौधरोपण किया जा चुका है।

**स्वयं सहायता समूहों के बढ़ते कदम :** जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत 400 ग्राम विकास समितियां और 60 जैव विविधता समितियां हैं। इनके अंतर्गत 920 स्वयं सहायता समूहों की ओर से आजीविका कमाने के लिए उनके कदम बढ़ते जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़े लोग मशरूम की खेती, आचार-चटनी तैयार करना, पत्तल व्यवसाय, वर्मिकंपोस्ट और हैंडलूम सेक्टर में काम कर रहे हैं।

वहीं, जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की ओर से मशरूम की खेती की जा रही है। महिलाओं के इस समूह की ओर से मशरूम उगाने का परीक्षण सफल रहा है। जाइका वानिकी परियोजना न सिर्फ ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिकी का एक साधन बन रही हैं, बल्कि उनके पारंपरिक कार्यों को आधुनिक तरीकों से करवाकर आय को बढ़ाने का काम भी करती हुई नजर आ रही है। विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के तहत बहुत सी महिलाएं पीढ़ी दर पीढ़ी टौर के पत्तों की पत्तलें बनाने का पारंपरिक कार्य करती आ रही हैं, लेकिन जाइका वानिकी परियोजना ने अब इनके आधुनिकता के साथ करवाने का कार्य शुरू किया है। जाइका वानिकी परियोजना हैंडलूम सेक्टर में बेहतरीन कार्य कर रही है। जाइका से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार हो रहे हथकरघा एवं बुनकर उत्पादों को नई पहचान मिल रही है। कुल्लू जिले में 106 स्वयं सहायता समूह हैंडलूम सेक्टर से जुड़े हैं। जंगल में सूखी बेकार मानी जाने वाली चीड़ की पत्तियां अब लोगों की आय का साधन बन गई हैं। जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूह इनसे विभिन्न तरह के घरेलू उत्पाद तैयार कर रहे हैं। चीड़ की पत्तियों के उत्पाद तैयार कर बेचना भी शुरू कर दिया है। जाइका वानिकी परियोजना के माध्यम से प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बेचने के लिए हरेक वन मंडल स्तर पर मार्केटिंग आउटलैट खोला जा रहा है। इससे परियोजना के अंतर्गत तैयार उत्पादों की मार्केटिंग भी होगी और लोग तरह-तरह के उत्पाद इन आउटलैट्स से खरीद सके।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

# प्यार राम दा पाणा औक्खा

*राम दा नाम गलाणा औक्खा*
*प्यार राम दा पाणा औक्खा।*
*अंदर हर जीए दे बसदा*
*सुतया राम जगाणा औक्खा।*
*मोह माया दा जंगल डाहडा*
*दिल बिच राम बसाणा औक्खा।*
*रमजां समझां निकियां निकियां*
*मितरा राम मनाणा औक्खा।*
*निंदा चुगली गैह्ले म्हारे*
*कन्नै राम हंडाणा औक्खा।*
*पैसा-पैसा, मेरी-मेरी*
*घर-घर राम पुजाणा औक्खा।*
*म्हारियां रुहुआं दा ऐ मालक*
*राम दा नाम भुलाणा औक्खा।*
*विषय वासना चित्त भरोया*
*अंदर राम बसाणा औक्खा।*
*रावण फलदा फुलदा जित्थू*
*मरदा राम बचाणा औक्खा।*
*भगतां दा दिल तर तर रैंह्दा*
*तरदा राम डुबाणा औक्खा।*

*म्हारा राम काम दा होया*
*राम दा राम बणाणा औक्खा।*
*म्हारा राम जगत बिच फसेया*
*मिलया राम पचाणा औक्खा।*
*मायाजाल चबक्खें म्हारे*
*राम दा फुल्ल खलाणा औक्खा।*
*राम नाम सत राम नाम ऐ*
*दुनिया जो समझाणा औक्खा।*
*गिद्दड़सिंग्गी, जुल्लूं, गुग्गल*
*राम दा धूणा पाणा औक्खा ।*
*जे जलया एह् धूणा मितरा*
*जलया फिरी बुझाणा औक्खा।*
*मन म्हारे जे तौरबतौरे*
*मन बिच राम बठाणा औक्खा।*
*इक्क बरी जे बैट्ठै जीह्भा*
*बैठया फिरी उठाणा औक्खा।*
*रोज पाठ जे होऐ तां फी*
*डंगैं पत्थर ढाह्णा औक्खा।*
*पर जे छैल चलित्तर नी तां*
*माला मणका पाणा औक्खा।*

*गिद्दड़ निकियां निकियां गल्लां*
*शेरे जो जरकाणा औक्खा।*
*लोड़ नी मितरा कुत्ते बह्निए*
*हाथियां बंह्णण पाणा औक्खा।*
*रोज गुआर बसाए हिक्कड़ुएं*
*पैह्ला प्यार भुलाणा औक्खा।*
*चाह्या जे तू राम सुनक्खा*
*फिरी कसूत्ता चाह्णा औक्खा।*
*आप्पी भुक्खड़ माह्णू होऐ*
*भूखे जो रजाणा औक्खा।*
*ढिड्ड भरोया सोत्तड़ सुत्ता*
*रज्जेयो जो खुआणा औक्खा।*
*जिह्यां जीभ रटा दी मैं मैं*
*तिह्यां राम गलाणा औक्खा।*
*धन दौलत लै मैह्ल अटारी*
*राम दा नाम ऐ पाणा औक्खा।*

कवि
विशाल ठाकुर
हिमाचल प्रदेश पुलिस
धर्मशाला, जिला कांगड़ा




# कर्म सच्चा मित्र

एक व्यक्ति के तीन मित्र थे। वे जीवनभर उसके साथ रहे। जब उसका अंतिम समय आया, तो अपने तीनों मित्रों को पास बुलाया और कहा, 'अब मेरा अंतिम समय आ गया है। आप मित्रों ने जीवनभर मेरा साथ दिया है, पर क्या आप मेरे मरने के बाद मेरा साथ दोगे ?' पहले मित्र ने कहा, 'मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ दिया। मैंने इस जीवन में आपके सुख चैन के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी पर आपके मृत्यु के बाद आपकी कोई सहायता नहीं कर सकता, इसलिए मुझे क्षमा करना।' दूसरा मित्र बोला, 'मैं मृत्यु को चाह कर भी नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर एक परिस्थिति में साथ रहा। मैं यह निश्चित करूंगा कि मृत्यु के बाद तुम्हारा अंतिम संस्कार सही तरह से हो उसकी जवाबदारी मैं लेता हूं। पर मैं भी आपके मृत्यु के बाद आपकी कोई सहायता नहीं कर सकता।' तीसरा मित्र बोला, ' मित्र! तुम बिल्कुल भी चिंता मत करो। मैं वादा करता हूं कि मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूंगा।' इन तीन मित्रों के नाम हैं- धन ,परिवार और कर्म। मनुष्य के कर्म ही सिर्फ मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं।

# बीते दिनों की हो गई बात, आटा पीसते थे घराट

**घराट** शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के घरट्ट से हुई मानी जाती है, जिसका अर्थ है घर्घर की आवाज करते हुए अन्न पीसना। पहाड़ी क्षेत्रों में नदियां और खड्ड-नाले अपने पूरे वेग से बहते हुए अपना अस्तित्व स्थापित करते हैं और यहां-वहां ऊंचाइयों से गिरकर अक्षय ऊर्जा के स्रोत बन जाते हैं। ऊर्जा के इन्हीं स्रोतों का लाभ वैज्ञानिक व तार्किक सोच रखने वाले हमारे पुरखे सदियों से अन्न पीसने में पनचक्की ( घराट ) के रूप में करते आ रहे हैं। घराट एक ग्रामीण चक्की है, जो भौतिक विज्ञान के सिद्धांत के अनुसार झरने या नदी के पानी की स्थितिज ऊर्जा को सैकड़ों मीटर की ऊंचाई से गिराकर गतिज ऊर्जा में परिवर्तित करने के अन्न पीसने में काम आती है। घराट के लिए ऊपर-नीचे दो मंजिला कमरे तैयार किए जाते हैं। फर्श के नीचे का भाग जलमग्न होता है और फर्श पर चक्की स्थिर होती है।

चक्की के दोनों पाटों के बीच गोल सुराख में शाफ्ट से लकड़ी का एक पंखा लगाया जाता है, जो पानी के ढलानदार तेज बहाव के कारण तेजी से घूमता है। इसी के परिणामस्वरूप चक्की का ऊपर वाला पाट ( वाट्ट ) घूमता है और चक्की के ऊपर लकड़ी की शंकुवाकार (कीपदार ) ओडली (कंटेनर) से अनाज का दाना-दाना सतत् क्रम से पाटों के बीच बारीक-बारीक (महीन ) पिसा जा सकता है। घराट लगाने व चलाने का कार्य तकनीकी जानकारी वाला उद्यमी ही कर सकता है। घराट लगाने के लिए सर्वप्रथम सदाबहार नदी या नाले का चुनाव किया जाता है फिर नदी या नाले के पानी को घराट की क्षमता के अनुसार एक कूहल से पानी की आवाजाही को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है, ताकि पाटों से लगे साफ्टों वाले पंखे पूरे वेग से घूम जाएं। वैसे तो पनचक्की ( घराट ) बारहमासा लघुउद्योग है, लेकिन बरसात के मौसम में इसे अक्सर बाढ़ या मिट्टी की गाद जमा होने के भय से बंद कर दिया जाता है। एक ही जलधारा से प्रत्येक पनचक्की (घराट) की उचित ढलान बनाने पर अनेक घराट चलाए जा सकते हैं। आज पूरा विश्व पर्यावरण प्रदूषण की विकट समस्या से प्रभावित हो रहा है।



लेखक : रवि कुमार
गांव मैहरी, नालटी वाया कुठेड़ा, घुमारवीं, जिला: बिलासपुर।

**'मक्की की रोटी व सरसों का साग' पंजाब की रसोई का प्रसिद्ध उदाहरण है, लेकिन हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में मक्की का सुपाच्य आटा बारहमासा उपलब्ध होने का कारण ये पनचक्की ( घराट ) ही हैं । इनकी घर्घर की आवाज सुनकर ऐसा प्रतीत होता है कि लोकसंगीत के सप्तसुरों पर कोई आशुतोष नटराज नृत्यलीला में मग्न घराट की सजीवटता का पर्याय पर्यावरण संरक्षण की पहल का घोतक है । सरकार व पुरातत्व विभाग को पुरातन संस्कृति संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पनचक्की ( घराट ) के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए समुचित प्रयास करने चाहिए।**

अनवीकरणीय स्रोतों के अंधाधुंध प्रयोग से मानव का भविष्य अक्षय ऊर्जा के अधिकाधिक प्रयोग की पहल में ही सुरक्षित जान पड़ता है। पनचक्की (घराट) चलाने में न बिजली की मोटर की जरूरत है और न अधिक खर्च की। पहाड़ों में तो घराट को गरीब का कारखाना भी कहा जाता है। घराट का पिसा आटा मीठा, स्वादिष्ट व पौष्टिक होता है। इस आटे से बनाई गई रोटियां, बिजली की मोटर चलित आटा चक्की से पिसे आटे की बनी रोटियों की अपेक्षा अधिक समय तक मुलायम तो रहती ही हैं। साथ ही साथ अधिक पौष्टिक व सुपाच्य भी होती है। घराट के आटा पिसाई दर भी आटा चक्कियों की पिसाई दर से आधे से भी कम है। अच्छी गुणवत्ता वाला घराट मक्की का आटा पंद्रह किलो घंटा की गति से बारीक (महीन) पीसता है। घराट को लगातार चार-पांच दिन चलाने के बाद इसे करीब तीन-चार घंटे का विश्राम दिया जाता है। लगातार एक सप्ताह तक अन्न पीसने के बाद घराट के पाट व तोई के कुछ घिस जाने पर थोड़ू ( हथौड़े ) व छैनी के साथ इसे खुरदरा (राहणा ) किया जाता है। इस राहणे की प्रक्रिया के बाद के प्रथम एक घंटे तक के अन्न को पीसने के बाद इसे फेंक दिया जाता है, ताकि उसमें घराट के पाटों के पत्थर के बारीक कण शेष न रह जाए। उसके बाद घराट आटा पीसने के कार्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो जाता है। घराट के आटे की पिसाई दर भी बहुत कम है, जो इस कमरतोड़ महंगाई के जमाने में ग्रामीणों को घर द्वार सुकून देने के लिए आशा की किरण है और घराट की कूहलों में मछली पालन का कार्य भी किया जा सकता है। पुराने समय से ही पनचक्की चलाने वाले व्यक्ति जहां बरसात के मौसम में नदी -नालों से आर-पार आने जाने वाले पथिकों को सुरक्षित नदी-नालों से पार कराना अपना पुण्य समझते थे, वहीं पानी की कूहलों की मुरम्मत आदि करके भूमिगत जल स्तर को नीचे जाने से भी रोकते में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे।



बिलासपुर जनपद के सीर, शुक्र, सरयाली, गंभर, गंभरोला, अली खड्डों आदि के घराट काफी प्रसिद्ध रहे थे। 'मक्की की रोटी व सरसों का साग' पंजाब की रसोई का प्रसिद्ध उदाहरण है, लेकिन हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में मक्की का सुपाच्य आटा बारहमासा उपलब्ध होने का कारण ये पनचक्की ( घराट ) ही हैं । इनकी घर्घर की आवाज सुनकर ऐसा प्रतीत होता है कि लोकसंगीत के सप्तसुरों पर कोई आशुतोष नटराज नृत्यलीला में मग्न घराट की सजीवटता का पर्याय पर्यावरण संरक्षण की पहल का घोतक है । सरकार व पुरातत्व विभाग को पुरातन संस्कृति संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पनचक्की ( घराट ) के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए समुचित प्रयास करने चाहिए। घराटों के संरक्षण के काम में लगे व्यक्तियों को वित्तीय प्रोत्साहन के लिए भी योजनाएं बनाकर व उन्हें अमलीजामा पहनाकर पर्यावरण व पुरातन समृद्ध संस्कृति के संरक्षण में प्रयास समय की पुरजोर मांग है।

# अयोध्या से हो रहा है सनातन का भव्य सूर्योदय

**अयोध्या** से सनातन का भव्य सूर्योदय पांच सौ वर्ष के सतत् संघर्ष और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विकृत व दूषित मनोवृत्ति की राजनीति के कारण सर्दी, गर्मी व बरसात में भी फटे टेंट में सब प्रकार के कष्ट झेलने वाले रामलला अब अपने दिव्य एवं भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होने जा रहे हैं। जैसे-जैसे प्राण प्रतिष्ठा की तिथि (22 जनवरी 2024) निकट आ रही है भारत के पूर्वी से पश्चिमी और उत्तर से दक्षिणी छोर तक समस्त सनातनी रामभक्तों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है।

सभी प्रभु श्रीरामलला के आगमन के आनंदोत्सव में डूबना चाह रहे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी विगत अयोध्या यात्रा में रामभक्तों के मन में भी धैर्य का भाव जगाना पड़ा।

ब्लॉगर



लेखक : मृत्युंजय दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार।

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

उन्होंने 30 दिसंबर को अयोध्या की भूमि से संपूर्ण भारत को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर के लिए 500 वर्षों से भी अधिक समय से प्रतीक्षा की है और संघर्ष किया है और अब बस कुछ दिन ही और धैर्य रखना है। प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में राम ज्योति जलाने व दीपावली मनाने का आह्वान भी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर किसी की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने की इच्छा है, लेकिन ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने देश के सभी रामभक्तों से प्रार्थना की है कि वे 22 जनवरी को विधि-विधान से कार्यक्रम संपन्न हो जाने के बाद 23 जनवरी के बाद अपनी सुविधानुसार अयोध्या आएं। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने भव्य रोड शो निकाला। अत्याधुनिक महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट और अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, उत्सव के वातावरण में वंदे भारत व अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के विकास पथ का भव्य श्रीगणेश किया।

2014 के पूर्व भारत की धर्मप्राण जनता ने सपने में भी नहीं सोचा था कि अयोध्या में इतना दिव्य एवं भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा या फिर कोई प्रधानमंत्री अयोध्या को विश्व की सर्वश्रेष्ठ नगरी बनाने का कार्य करेगा, क्योंकि एक समय था जब देश का कोई भी नेता अयोध्या का नाम तक लेने से हिचकता था। अब समय बदल चुका है और अयोध्या, काशी और मथुरा सहित सनातन के सभी आस्था केंद्रों का व्यापक दृष्टिकोण से विकास हो रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी में महारानी अहिल्याबाई होल्कर व महाराज विक्रमादित्य की छवि स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है, क्योंकि इन दोनों ही महान विभूतियों ने हिंदू मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया था और प्रधानमंत्री मोदी भी उन्हीं का कार्य आगे बढ़ा रहे हैं। लगभग दो हजार वर्ष पूर्व महाराज विक्रमादित्य ने रामनगरी को संवारा था। उसके बाद महारानी अहिल्याबाई होलकर ने और अब 1528 में बाबर के सेनापति के अयोध्या विध्वंस के बाद आधुनिक विक्रमादित्य रूपी प्रधानमंत्री मोदी के हाथों अयोध्या का कायाकल्प हो रहा है।

## आपका पत्र

**किसी** हिमाचली को जालंधर या अमृतसर वाया जालंधर जाना हो तो उसे बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण यह है कि हिमाचल की सीमा समाप्त होते ही जब पंजाब की सीमा शुरू होती है तो कुछ किलोमीटर के बाद होशियारपुर से पहले और होशियारपुर के बाद सड़क इतनी खराब है कि सड़क पर काफी बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं। गौर हो कि हिमाचल से कई लोग जालंधर के अस्पताल में अपना इलाज करवाने जाते हैं तो उन्हें बहुत ही तकलीफ होती है और गड्ढों में हिचकोले खाने से पीड़ा सहन करनी पड़ती है। यह नहीं है कि उक्त सड़क कुछ ही दिनों से खराब है, बल्कि यह कई सालों से खराब है। आदमपुर में फ्लाईओवर का काम कई सालों से चल रहा है, जिस कारण उक्त सड़क का बुरा हाल हुआ है। पिछली बार सत्ता में रही कांग्रेस पार्टी भी इस मार्ग को ठीक नहीं करवा पाई और अब आम आदमी पार्टी भी लोगों की मुश्किलों को अनदेखा कर रही है। इसलिए मेरी पंजाब सरकार से गुजारिश है कि इस समस्या का हल किया जाए ताकि लोग जोकि कई सालों से परेशानियां झेल रहे हैं, उन्हें कुछ राहत मिल सके। **- सुमन कुमारी, जिला कांगड़ा।**

## आपकी डायरी

झूठ क्या है
खुदा से डरते हैं
वक्त की हम
सजा से डरते हैं।
गर है कोई
गुनाह तो सजा दो
आपकी हम
क्षमा से डरते हैं।



शायर
कुलदीप तरुण
अर्की, सोलन।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### चीन को हराकर पोलैंड युनाइटेड कप के सेमीफाइनल में, फ्रांस क्वार्टर फाइनल में

**पर्थ।** पोलैंड ने चीन को 3-0 से हराकर युनाइटेड कप टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि फ्रांस ने इटली को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन को महिला एकल में 6-2, 6-3 से हराया। वहीं हुबर्ट हुरकाज ने झांग झिंजेन को पुरुष एकल में 6-3, 6-4 से मात दी। मिश्रित युगल में कैटरीना पीटर और जान जीलिंस्की ने याउ शियाओदी और सुन फाजिंग को 6-3, 5-7, 10-7 से हराया। पोलैंड की टीम अब सिडनी में सेमीफाइनल खेलेगी, जहां उसका सामना फ्रांस और नॉर्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यूनान को कनाडा से खेलना है और अगले दौर में पहुंचने के लिए उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा। वहीं सर्बिया की टक्कर ऑस्ट्रेलिया से होगी।

### अमेरिका की पूर्व युवा स्टार अमांडा ने आकलैंड टेनिस क्लासिक में मारी बूजकोवा को हराया

**आकलैंड।** अमेरिका की पूर्व युवा स्टार अमांडा अनिसिमोवा ने आठ महीने के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए आकलैंड टेनिस क्लासिक के दूसरे दौर में मारी बूजकोवा को 6-0, 6-1 से हराया। मानसिक स्वास्थ्य कारणों और थकान की वजह से टेनिस से ब्रेक लेने के बाद अमांडा ने वापसी की है। अमेरिकी ओपन जूनियर चैंपियन रह चुकी अमांडा फ्रेंच ओपन 2019 सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। इससे पहले अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने एलिना अवानेसियान को 6-1, 6-2 से हराया।

### ब्रिसबेन इंटरनेशनल में दूसरे दौर में कैरोलिना प्लिसकोवा से हारी नाओमी ओसाका

**ब्रिसबेन।** मां बनने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही नाओमी ओसाका ब्रिसबेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिसकोवा से 3-6, 7-6, 6-4 से हार गई। दो बार अमेरिकी ओपन और ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली ओसाका ने पहले मैच में तमारा कोर्पेश को सीधे सेटों में हराया था। यह मई 2022 के बाद एलीट स्तर पर उसका पहला मैच था। जुलाई में ओसाका ने बेटी शाइ को जन्म दिया था। अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-3, 6-0 से मात दी। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना का सामना ओलिविया गाडेकी से होगा।

### न्यूजीलैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम चयन का क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने किया बचाव

**जोहांसबर्ग।** न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिए कमजोर टीम चुनने पर मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों से आलोचना झेल रहे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू टी-20 लीग दोनों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिए सात नए चेहरों को चुना है, जिसमें कप्तान भी नया है। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रिकेटर उस समय दक्षिण अफ्रीका टी-20 लीग खेलेंगे, जो पिछले साल सीएसए और आईपीएल निवेशकों ने शुरू की है। सीएसए ने एक बयान में कहा कि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम को लेकर चिंताओं से वाकिफ है। हम प्रशंसकों को आश्वासन देते हैं कि हम टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम एसए 20 लीग को भी मजबूत करना चाहते हैं। इसने कहा कि न्यूजीलैंड दौरे का कार्यक्रम 2022 में तय हुआ। उस समय एसए 20 के लिए विंडो तय नहीं थी। एक बार यह साफ हो गया कि दोनों की तारीखों में टकराव होगा तो हमने न्यूजीलैंड क्रिकेट से मशविरा करके इस श्रृंखला के लिए समय तय किया। वैश्विक क्रिकेट कैलेंडर इतना व्यस्त है कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होने के कारण अप्रैल, 2025 से पहले यह श्रृंखला होनी हैं।



भारतीय पहलवान बोलीं– संजय सिंह के बिना डब्ल्यूएफआई हमें स्वीकार्य

# मैं इतना चाहती हूं, जूनियर को न हो नुकसान : साक्षी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नए भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है, अगर बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह को इससे अलग रखा जाता है।

मलिक ने पत्रकारों से कहा कि हमें नए महासंघ से कोई परेशानी नहीं है। सिर्फ एक व्यक्ति संजय सिंह के रहने से परेशानी है। संजय सिंह के बिना नए महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार हमारे लिए अभिभावक की तरह है और मैं उनसे अनुरोध करूंगी कि आने वाले पहलवानों के लिए कुश्ती को सुरक्षित बनाए। आपने देखा है कि संजय सिंह का बर्ताव कैसा है। मैं नहीं चाहती कि महासंघ में उसका दखल हो।

उन्होंने कहा कि मैं अनुरोध ही कर सकती हूं। अगर मंत्रालय कहता है कि वह वापस नहीं आएगा तो अच्छा है। सभी ने देखा कि डब्ल्यूएफआई चुनाव के बाद बृजभूषण सिंह ने कैसे सत्ता का दुरुपयोग किया। बिना किसी से पूछे अपने शहर में जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने का ऐलान कर दिया।

साक्षी ने तदर्थ समिति से तुरंत जूनियर वर्ग के टूर्नामेंट कराने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा कि मैं नहीं चाहती कि हमारी वजह से जूनियर पहलवानों का नुकसान हो। तदर्थ समिति सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की घोषणा कर चुकी है और अब मैं अनुरोध करूंगी कि अंडर-15, अंडर-17 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप का भी ऐलान किया जाए। इस बीच सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने करियर में एक महत्वपूर्ण साल बर्बाद होने के खिलाफ बुधवार को जंतर-मंतर पर जमा हुए हैं और उन्होंने इसके लिए बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट को दोषी ठहराया।

### दो-तीन दिन से बृजभूषण के गुंडे मां को धमकीभरे फोन कर रहे हैं

**साक्षी** ने कहा कि पिछले दो तीन दिन से बृजभूषण के गुंडे सक्रिय हो गए हैं। मेरी मां को धमकीभरे फोन किए जा रहे हैं। लोग फोन करके कह रहे हैं कि मेरे घर में किसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। सोशल मीडिया पर लोग हमें गालियां दे रहे हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके घर में भी बहन बेटियां हैं। यह पूछने पर कि क्या वह खेल प्रशासक बनना चाहती हैं, उन्होंने न में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैं परेशान हूं। मैं बस इतना चाहती हूं कि जूनियर पहलवानों को नुकसान नहीं हो। इसके अलावा अभी मेरे दिमाग में कुछ नहीं है। हमें जूनियर पहलवानों के नुकसान के लिए दोषी ठहराया जा रहा है, जो गलत है। अगर महिलाएं खेल प्रशासन में होंगी तो अच्छा होगा। जूनियर पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के बारे में बताने पर उन्होंने कहा कि मैंने कुश्ती को 18-20 साल दिए हैं। मुझे ही पता है कि पिछले कुछ महीनों में मैंने क्या कुछ सहा है। साक्षी ने 21 दिसंबर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था।

# सिराज के आगे साउथ अफ्रीका ने टेके घुटने

- 55 रन पर ऑलआउट, भारत के खिलाफ टेस्ट की पहली पारी में सबसे कम स्कोर
- जसप्रीत बुमराह और मुकेश कुमार ने भी झटके दो-दो विकेट



**मोहम्मद सिराज**

| | |
|---|---|
| ओवर | 09 |
| मेडन | 03 |
| रन | 15 |
| विकेट | 06 |
| इकॉनमी | 1.66 |

भारतीय बॉलर ने बरपाया कहर

**एजेंसी, केपटाउन**

**साउथ** अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए. इसी के दम पर भारतीय टीम ने मेजाबन टीम को महज 55 रनों पर ऑलआउट कर दिया। भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट पहली पारी में साउथ अफ्रीका का यह न्यूनतम स्कोर है। भारतीय गेंदबाजों के आगे प्रोटियाज बल्लेबाजों की एक भी न चली, लगातार एक-एक कर विकेट उपहार के तौर पर भारतीय गेंदबाजों के दे रहे थे। एक वक्त तो ऐसा लग रहा था शायद साउथ अफ्रीका की टीम 50 रन भी नहीं बना पाएगी, लेकिन विकेटकीपर काइल वेरिना और बेडिंगहम ने कुछ देर पारी को चलाया।

साउथ अफ्रीका की शुरुआत काफी खराब रही। दोनों ऑपनर बल्लेबाज दहाई के भी आंकड़े को पार नहीं कर पाए। कप्तान डीन एल्गर ने 4 रन, तो एडेन मार्करम ने महज 2 रन बनाए। दोनों बल्लेबजों को पवेलियन की राह मोहम्मद सिराज ने दिखाई, जबकि इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने लगातार दो झटके टॉनी डी जॉर्जी और डेब्यूटंट स्टब्स के रूप में दिए। सिराज ने 15 देकर 6 विकेट झटके, जबकि बुमराह और मुकेश कुमार ने दो-दो विकेट लिए।

### भारत की पहली पारी 153 रन पर सिमट

**भारत** की पहली पारी 153 रन पर सिमट गई है। भारत ने आखिरी छह विकेट बिना कोई रन बनाए खो दिए हैं। एक समय भारत का स्कोर 153/4 था। भारत के सिर्फ तीन बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छू पाए। कप्तान रोहित ने 39 रन की पारी खेली। शुभमन गिल ने 36 रन का योगदान दिया और विराट कोहली ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। इन तीनों के अलावा सिर्फ लोकेश राहुल ही अपना खाता खोल सके। उन्होंने आठ रन बनाए। जायसवाल, अय्यर, जडेजा, बुमराह, सिराज, कृष्णा और मुकेश अपना खाता नहीं खोल पाए।




# नए साल में भी जारी है कमिंस का जादू लगातार तीसरी बार झटके 5 विकेट

- पाकिस्तान ने पहले दिन बनाए 313 रन, निचले क्रम के बल्लेबाजों के जुझारू प्रदर्शन ने संभाला

**एजेंसी, सिडनी**

**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान पैट कमिंस ने लगातार तीसरी बार पारी के पांच विकेट लेकर पाकिस्तान के शीर्षक्रम को झकझोर दिया, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के जुझारू प्रदर्शन के दम पर मेहमान टीम ने तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 313 रन बनाए।

लंच के बाद पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 96 रन था और लग रहा था कि टीम सस्ते में सिमट जाएगी। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था।

विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के 88 रन, आगा सलमान और आमिर जमाल के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने वापसी की।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बिना किसी नुकसान के छह रन बनाए थे। अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा को स्पिनर साजिद खान ने काफी परेशान किया। वॉर्नर ने पहली गेंद पर चौका लगाया, लेकिन अगली गेंद पर बाल-बाल बचे। इस टेस्ट में पूरा फोकस भले ही वॉर्नर पर हो, लेकिन तेज गेंदबाजों ने पहले दिन सुर्खियां बटोरीं।

मिचेल स्टार्क ओर जोश हेजलवुड ने पहले दोनों ओवर में विकेट लिए। इसके बाद कमिंस ने मोर्चा संभाला, जो मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में दस विकेट ले चुके हैं। उन्होंने बाबर आजम समेत दो कीमती विकेट चटकाए।

स्टार्क ने शफीक को दूसरी स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों लपकवाया। वहीं अगले ओवर में हेजलवुड ने पहला टेस्ट खेल रहे सैम अयूब को एलेक्स कारी के हाथों कैच आउट कराया। दो विकेट चार रन पर गिरने के बाद बाबर और शान मसूद ने मोर्चा संभाला। कमिंस ने बाबर (26) को आउट करके पाकिस्तान को करारा झटका दिया। मैदानी अंपायर ने पहले बल्लेबाज के पक्ष में फैसला दिया था, लेकिन टीवी अंपायर ने उसे बदल दिया।

सउद शकील को कमिंस ने दूसरा शिकार बनाया। कप्तान मसूद और रिजवान ने 49 रन की साझेदारी की, जिसे तोड़ते हुए मिचेल मार्श ने मसूद को पवेलियन भेजा। रिजवान ने इस बीच अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन शतक बनाने से चूक गए और कमिंस की गेंद पर हेजलवुड को कैच दे बैठे। साजिद को मिडविकेट पर लियोन के हाथों लपकवाकर कमिंस ने अपना चौथा विकेट लिया। वहीं हसन अली (0) उनका पांचवां शिकार बने, जिन्हें डीप में स्टार्क ने लपका ।




कप्तान हो तो ऐसा

# सैंडपेपर कांड के बाद मुश्किल ही वॉर्नर को जनता से पूरा सम्मान मिलेगा : कैटिच

**एजेंसी, सिडनी**

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच का मानना है कि 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण के मद्देनजर डेविड वॉर्नर को जनता का पूरा सम्मान नहीं मिलेगा, क्योंकि देश में कई लोगों को अब तक यकीन नहीं होता कि उस समय उनकी टीम ने क्या किया।

तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ, उपकप्तान वॉर्नर और कैमरन बेनक्रॉफ्ट को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में 'सैंडपेपर गेट' कांड के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। वॉर्नर पर आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था और उनकी छवि भी खराब हुई। कैटिच का मानना है कि पांच साल बाद भी उन्हें पूरी तरह से माफी नहीं मिली है।

उन्होंने 'सेन रेडियो' से कहा कि यह कहना मुश्किल है कि उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा, क्योंकि लोगों को वह घटना पसंद नहीं आई थी और आनी भी नहीं चाहिए थी। कइयों को यकीन ही नहीं हुआ कि ऑस्ट्रेलियाई टीम ऐसा भी कर सकती है।



### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली की शीर्ष 10 में वापसी, गेंदबाजों में अश्विन टॉप पर

**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में चार पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गए। कोहली 2022 में शीर्ष 10 से बाहर हो गए थे, लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 38 और 76 रन की पारी खेलने से वह फिर इसमें वापसी करने में सफल रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार वह शीर्ष पर चल रहे केन विलियमसन से 103 रेटिंग अंक नीचे हैं, जबकि जो रूट और स्टीव स्मिथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 14वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने सेंचुरियन में पांच रन बनाए थे और एक पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके थे। केएल राहुल भी 11 पायदान की उछाल से 51वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला के शुरुआती मैच में 101 और चार रन बनाए थे। गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं, जबकि वह सेंचुरियन में 41 रन देकर एक विकेट ही झटक सके थे। रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। जडेजा आल राउंडर सूची में शीर्ष पर कायम हैं, उनके बाद अश्विन दूसरे स्थान पर हैं, जबकि शार्दुल ठाकुर 34वें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम रैंकिंग में भारत 118 अंक लेकर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ऊपर शीर्ष पर काबिज है।

राय | इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन भारतीय बल्लेबाज पर बोले– वनडे में कुछ नहीं सूझता

# टी-20 में सूर्यकुमार यादव बेहतरीन

**एजेंसी, दुबई**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि 50 ओवरों के क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव को कुछ नहीं सूझता, लेकिन टी-20 में वह जबर्दस्त खेलते हैं और इस साल होने वाले टी-20 विश्व कप में उन पर नजरें होंगी। भारत के लिए 2021 में टी-20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सूर्यकुमार अब तक 60 टी-20 मैचों में चार शतक और 17 अर्धशतक जड़ चुके हैं।

उन्होंने 2022 में आईसीसी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था। वह वनडे में समान प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। हुसैन के हवाले से आईसीसी ने कहा कि इस समय दुनिया की नजरें टी-20 क्रिकेट में सूर्यकुमार पर लगी है। वह जबर्दस्त खेलता है। मिस्टर 360 है, क्योंकि चारों तरफ स्ट्रोक लगाता है। पचास ओवरों के क्रिकेट में वह हालांकि इसे दोहरा नहीं पाता।

उन्होंने कहा कि टी-20 क्रिकेट में हर बार उसे पता होता है कि क्या करना है। टी-20 मजेदार क्रिकेट है और सूर्यकुमार की बल्लेबाजी देखना और भी मजेदार।

टी-20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होगा और हुसैन ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका खिताब जीत सकता है।

उन्होंने कहा कि मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा, लेकिन दक्षिण अफ्रीका जीत सकता है। इंग्लैंड मौजूदा चैंपियन है, लेकिन इस समय फॉर्म में नहीं है। वेस्टइंडीज की टीम अच्छी है और पाकिस्तान भी। मुझे लगता है कि फाइनल दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच होगा।



## तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ने की आशंका, भारत से 4,000 किमी दूर हो रहे संघर्ष ने चुनावी साल में मोदी सरकार की चिंता बढ़ा दी है

# लाल सागर में हूतियों के उपद्रव से पीएम मोदी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईरान के सपोर्ट वाले यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर आतंक मचा रखा है। भारत से करीब 4,000 किमी दूर हो रहे एक संघर्ष ने चुनावी साल में मोदी सरकार की चिंता बढ़ा दी है। नवंबर से ही वे ही कमर्शियल जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इससे दुनिया की बड़ी शिपिंग कंपनियों ने लाल सागर के रास्ते अपने ऑपरेशन रोक दिए हैं। वे स्वेज नहर के बजाय के कैप ऑफ गुड होप रूट का इस्तेमाल कर रहे हैं।



यह बहुत लंबा रास्ता और खर्चीला रास्ता है। इससे भारत की चिंता बढ़ गई है। रूस से आने वाला भारत का कच्चा तेल लाल सागर के रास्ते आता है। साथ ही भारत से यूरोप को पेट्रोलियम प्रॉडक्ट्स का निर्यात भी इसी रास्ते होता है। अगर लंबे समय तक लाल सागर में तनाव की स्थिति रहती है तो इससे भारत में महंगाई बढ़ना तय है। इस साल देश में आम चुनाव होने हैं और इससे पहले महंगाई बढ़ने से सरकार की



मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भारत के लिए बड़ी चिंता की बात यह है कि उसका सबसे ज्यादा कच्चा तेल रूस से आ रहा है। इसका अधिकांश हिस्सा स्वेज नहर के रास्ते आ रहा है।

नवंबर में भारत ने रूस से रोजाना 17.3 लाख बैरल कच्चे तेल का आयात किया था। अगर यह संकट गहराता है तो खासकर रूस से होने वाले कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ सकता है।

### स्वेज नहर से ट्रेड

**शुरुआत** में ग्लोबल ऑयल मार्केट ने हूती विद्रोहियों की इस करतूत को हल्के में लिया था लेकिन इस कारण कच्चे तेल की कीमत में काफी तेजी आई है। लाल सागर यूरोप और एशिया के बीच व्यापार का मुख्य समुद्री रास्ता है। इससे स्वेज नहर के रास्ते होने वाले कारोबार पर भी खतरा पैदा हो गया है। 193 किमी लंबी इस नहर का ग्लोबल ट्रेड में 12 प्रतिशत योगदान है। दुनिया का 30 प्रतिशत कंटेनर मूवमेंट इसी रास्ते से होता है। हूती विद्रोही अब तक कई जहाजों पर ड्रोन और एंटी-शिप मिसाइलों से हमला कर चुके हैं। इन जहाजों को बाब अल-मंदेब में निशाना बनाया गया है। इसे लाल सागर का गेटवे कहा जाता है और यह हॉर्न ऑफ अफ्रीका और अदन की खाड़ी के बीच स्थित है।

### 15 दिन लंबा चक्कर

**जहाजों** को अब ब्लैक सी के लंबे रास्ते को इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इससे जहाजों को यूरोप से भारत पहुंचने में 15 दिन का ज्यादा समय लगता है। इससे फ्रेट कॉस्ट बढ़ने से भारत के ट्रेड पर भी भारी असर पड़ने की आशंका है। लागत बढ़ने का साथ-साथ कंटेनर सप्लाई की समस्या भी हो सकती है। शिपिंग इंडस्ट्री के सूत्रों का कहना है कि जहाजों की कॉस्ट बढ़ जाएगी। इनकी एक दिन की लागत 60,000 डॉलर बैठती है। इंडिया-यूरोप रूट पर कंटेनर की कॉस्ट 1.5 से दोगुना बढ़ जाएगी। अब तक फ्रेट रेट्स में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है लेकिन आने वाले दिनों में इसका असर दिखने की आशंका है।

## सेंसेक्स 535 अंक की गिरावट के साथ 71,356 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 535 अंक की गिरावट के साथ 71,356 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 148 अंक की गिरावट देखने को मिली। ये 21,517 के स्तर पर बंद हुआ। आईटी और मेटल के शेयर्स में आज ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और दस में तेजी देखने को मिली।

## ज्ञानवापी सर्वेक्षण: एएसआई का कोर्ट से आग्रह, रिपोर्ट को अभी सार्वजनिक न हो

**नई दिल्ली ।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने वाराणसी अदालत से ज्ञानवापी सर्वेक्षण रिपोर्ट को चार और सप्ताह तक सार्वजनिक न करने का बुधवार को आग्रह किया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव के मुताबिक, वाराणसी जिला अदालत के न्यायाधीश एके विश्वेश ने मामले को वीरवार तक के लिए स्थगित कर दिया है।

## वर्ल्ड न्यूज

### बस और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर, 12 लोगों की मौत

**गोलाघाट।** असम के गोलाघाट जिले के डेरगांव इलाके के पास बुधवार को सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक बस और



ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी राजेन सिंह ने बताया कि हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ है। हादसा इतना भयानक था कि काफी दूर तक टक्कर की आवाज सुनाई दी।

### भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर आज से नेपाल के दौरे पर

**काठमांड।** भारतीय विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के उद्देश्य से चार एवं पांच जनवरी



को नेपाल के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच तीन नए ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन किया जाएगा। नेपाल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक में सहभागी होने के लिए भारतीय विदेश मंत्री चार जनवरी को काठमांडू पहुंचेंगे। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता किया जाएगा।

### बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के मद्देनजर सशस्त्र बल तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश में सात जनवरी को होने जा रहे संसदीय चुनाव के मद्देनजर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गई है। देशभर में सशस्त्र बलों को तैनात कर दिया गया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस निदेशालय के हवाले से कहा है कि सशस्त्र बल बुधवार से दस जनवरी तक तैनात रहेंगे। बुधवार सुबह सेना की एक टुकड़ी ने ढाका के बनानी इलाके में गश्त किया।



### हमास का डिप्टी लीडर में ढेर, हमास ने बदला लेने की कसम खाई

**गाजा।** इसराइल और हमास की जंग में इसराइली डिफेंस फोर्सेस को अहम कामयाबी मिली है। टाइम्स ऑफ इसराइल के मुताबिक इसराइली डिफेंस फोर्स ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर ड्रोन हमले में के दौरान हमास के डिप्टी लीडर सालेह अल अरूरी को मार गिराया। हमास ने भी इसकी पुष्टि की है। हमास लीडर इस्माइल हानिए ने अरूरी की मौत का बदला लेने की कसम खाई है। उसने कहा है कि यह हमला लेबनान की संप्रभुता का उल्लंघन है।

### कूनो नेशनल पार्क में चीता ने दिया तीन शावकों को जन्म

**श्योपुर ।** मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी के प्रोजेक्ट चीता की सफलता का जिक्र करते हुए 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें चीते के सभी शावक नजर आ रहे हैं। कूनो नेशनल पार्क ने तीन नए सदस्यों का स्वागत किया है। इन शावकों का जन्म नामीबियाई चीता आशा से हुआ है। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट चीता में शामिल सभी विशेषज्ञों, कुनो वन्यजीव के अधिकारियों को बधाई दी। इससे पहले मार्च 2023 में ज्वाला नाम की मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया था, लेकिन उनमें से केवल एक ही जीवित बचा था।

# अब जूनियर पहलवानों का प्रदर्शन संघ को बहाल करने की उठाई मांग

## साक्षी, बजरंग और विनेश पर करियर बर्बाद करने का लगाया आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय कुश्ती संघ में पिछले एक साल से चल रहे विवाद के बीच बुधवार को 100 से ज्यादा जूनियर पहलवानों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इन पहलवानों का आरोप है कि साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट की वजह से उनके करियर का एक साल बर्बाद हो गया। ये जूनियर पहलवान बसों में सवार होकर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से आए हैं।

इस बारे में दिल्ली पुलिस को भी जानकारी नहीं थी। प्रदर्शन कर रहे इन जूनियर पहलवानों की मांग है कि भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के फैसले को केंद्र सरकार वापस ले। इन जूनियर पहलवानों और उनके कोचों ने कहा कि अगर कुश्ती संघ को बहाल नहीं किया गया तो वे अपने अवॉर्ड वापस करेंगे। पहलवानों ने इसके लिए बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन करने वालों में मुख्य चेहरा रहे दिग्गज पहलवान साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को जिम्मेदार ठहराया।




### यह है मामला

**दरअसल,** हाल ही में डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष पद पर बृजभूषण सिंह के करीबी संजय सिंह को चुना गया था। इसे लेकर पहलवान साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने मोर्चा खोल दिया था। फिर संजय सिंह के चुने जान के तुरंत बाद राष्ट्रीय अंडर-15 और अंडर-20 चैंपियनशिप कराने का फैसला किया गया। इसके बाद खेल मंत्रालय ने महासंघ को निलंबित कर दिया और यह टूर्नामेंट भी रद्द हो गया।

### डब्ल्यूएफआई में शीर्ष पद पाना चाहते

**कोच** प्रदीप कुमार ने कहा कि एक तरफ सिर्फ तीन पहलवान है और दूसरी तरफ लाखों हैं। उन्होंने देश के लाखों पहलवानों का करियर खराब कर दिया। वे कहते आ रहे हैं कि उनकी लड़ाई महिला और जूनियर पहलवानों के लिए हैं, लेकिन उन्होंने लाखों के करियर बर्बाद कर दिया। उनका प्रदर्शन डब्ल्यूएफआई में शीर्ष पद पाने के लिए हैं।

### दिग्गज पहलवानों ने लौटाए थे अवॉर्ड

**भारतीय** कुश्ती महासंघ का चीफ संजय सिंह के चुने जाने के बाद पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने का ऐलान किया था। वहीं विनेश फोगाट ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड वापस करने की घोषणा की है। इसके अलावा बजरंग पूनिया ने पीएम मोदी को लेटर लिखते हुए पद्मश्री वापस करने को कहा था। पूनिया ने फुटपाथ पर पद्मश्री छोड़ दिया था।

## जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा जवाब

# केंद्र व 11 राज्यों को जेलों में जातीय भेदभाव के आरोपों पर नोटिस जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित 11 राज्यों से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा, जिनमें आरोप लगाए गए हैं कि इन राज्यों की जेल की नियमावली कारागार में जाति के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देती है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड, न्यामूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता एस मुरलीधर के उस प्रतिवेदन पर गौर किया कि इन 11 राज्यों की जेल नियमावली अपनी जेलों के भीतर कार्य के बंटवारे में भेदभाव करती है और जाति के अधार पर कैदियों को रखा जाना तय होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि कुछ गैर अधिसूचित आदिवासियों और आदतन



अपराधियों से अलग तरीके से बर्ताव किया जाता है और उनके साथ भेदभाव होता है। अदालत ने मुरलीधर से राज्यों से जेल नियमावलियों को एकत्र करने को कहा और याचिका को चार सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। पीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और अन्य को नोटिस जारी किया। साथ ही सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह महाराष्ट्र के कल्याण की मूल निवासी सुकन्या शांता द्वारा दायर जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दों से निपटने में अदालत की सहायता करें।

### याचिककर्ता ने रखे तर्क

**अदालत** ने अपने आदेश में कहा कि याचिककर्ता का कहना है कि जेल की बैरकों में मानव श्रम के आवंटन के संबंध में जाति आधारित भेदभाव है और इस प्रकार का भेदभाव गैर अधिसूचित आदिवासियों और आदतन अपराधियों के साथ है। केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी करें। सॉलीसिटर जनरल ने कहा कि मैंने जाति के आधार पर भेदभाव के संबंध में नहीं सुना। विचाराधीन कैदियों और दोषियों को ही अलग किया जाता है। इस मामले में उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के अलावा मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, ओडिशा, झारखंड, केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्य शामिल हैं।

# जापान में भूकंप से अब तक 57 लोगों की मौत

**एजेंसी, टोक्यो**

जापान में सोमवार को आए भूकंप में मरने वाले की संख्या पल-पल बढ़ रही है। मृतकों की संख्या बढ़कर 57 हो गई है। सबसे ज्यादा तबाही इशिकावा प्रांत में हुई है। सोमवार को इशिकावा प्रांत और आसपास आए भूकंप के करीब 100 झटकों में सर्वाधिक 7.6 तीव्रता का भूकंप भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने 48 मौतों की पुष्टि की है, लेकिन मरने वालों का आंकड़ा कहीं इससे अधिक है।

तटवर्ती शहर कीचड़ में घिर गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों से आई सूचना के अनुसार भूकंप से अब तक कम से कम 57 लोगों की जान गई है। सरकारी प्रवक्ता योशिमासा हयाशी ने कहा कि कुछ क्षेत्रों में पानी, बिजली और मोबाइल फोन सेवा अभी भी बंद है। प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बताया कि जापान की सेना ने बचाव प्रयासों में शामिल होने के लिए 1,000 सैनिकों को आपदा क्षेत्रों में भेजा है। सरकार नुकसान का आकलन कर रही है। मलबे में दबे लोगों को तलाश की जा रही है।

# ब्रिटेन में पहली बार 16 साल की लड़की के साथ वर्चुअल गैंगरेप

## गेम खेल रही थी लड़की, मिलकर किया 'ऑनलाइन गैंगरेप'

**एजेंसी, लंदन**

ब्रिटेन में एक बेहद अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां मेटावर्स गेम खेल रही 16 साल की एक लड़की के वर्चुअल अवतार को ऑनलाइन गैंगरेप का शिकार बनाया गया। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इस घटना के बाद से वह लड़की गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, '16 साल की यह लड़की ने वर्चुअल रियलिटी हेडसेट लगाकर ऑनलाइन गेम खेल रही थी, तभी उसके वर्चुअल अवतार को कई लड़कों के वर्चुअल झुंड ने घेर लिया। वे सब उस लड़की पर टूट पड़े और बारी-बारी से 'गैंगरेप' किया।'



### 'लड़की को लगा गहरा सदमा'

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित लड़की को शारीरिक रूप से तो कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन उसे वैसी ही मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक चोट पहुंची, जैसा सदमा वास्तविक दुनिया में किसी गैंगरेप पीड़िता को लगता है। ऐसे में पुलिस इस मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही है।'

### मेटा का ऑनलाइन गेम खेल रही थी लड़की

रिपोर्ट में बताया गया है कि वह लड़की 'होराइजन वर्ल्डस' नामक गेम खेल रही थी। यह मेटा का एक प्रोडक्ट है, जिसे पहले फेसबुक के नाम से जाना जाता था। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि इस प्लैटफॉर्म पर आभासी यौन दर्व्यवहार की कई शिकायतें सामने आई हैं, लेकिन यूके में आज तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

## महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई 11 मार्च के बाद

**नई दिल्ली।** कैश-फॉर-क्वेरी मामले में पूर्व टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के केस में सुप्रीम कोर्ट 11 मार्च के बाद सुनवाई करेगा। महुआ ने निष्कासन को चुनौती देते हुए लोकसभा की कार्यवाही में शामिल होने की परमिशन के लिए याचिका लगाई थी। जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने लोकसभा के महासचिव को नोटिस जारी किया है और उनसे दो हफ्ते में जवाब मांगा है।



**लोकसभा कार्यवाही में शामिल होने की मांगी थी परमिशन**

इससे पहले 15 दिसंबर को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच में मामले की सुनवाई हुई थी। महुआ के वकील अभिषेक मनु सिंघवी केस पर जल्द सुनवाई की मांग की थी। इस पर जस्टिस कौल ने कहा था- इस याचिका पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ फैसला लेंगे। संसद में सवाल पूछने के बदले पैसे लेने (कैश फॉर क्वेरी) के केस में टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को लोकसभा से आठ दिसंबर को निष्कासित कर दिया गया था।

## शिमरी आउटफिट में किए डांस पर उर्वशी हो रही ट्रोल

**एजेंसी, मुंबई**

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी कभी अपनी खूबसूरत, कभी स्टनिंग, ग्लैमरस फोटो तो कभी अपने डांस को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी मां की बर्थडे पार्टी में जबरदस्त डांस किया। इस डांस के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए गए थे, जो वायरल हो गए हैं। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने इंस्टाग्राम पर अपनी मां की बर्थडे पार्टी के तीन वीडियो शेयर किए हैं। इन वीडियो में वह शिमरी आउटफिट में नजर आ रही हैं और बेहतरीन डांस करती नजर आ रही हैं। उर्वशी के इस जबरदस्त डांस को देखकर कई लोग हैरान हो गए हैं। साथ ही इस डांस की वजह से उन्हें कई लोगों ने ट्रोल भी किया है।

उर्वशी के डांस वीडियो पर नेटिजेंस ने खूब रिएक्शन दिए हैं। एक नेटिजन ने लिखा, 'क्या आप एक छोटी लड़की हैं।' एक अन्य ने लिखा, 'अरे क्या हुआ? क्या कोई करंट लगा है' एक तीसरे ने भी लिखा, 'तुम्हें कौन सी बीमारी है भाई।' ऐसे कई रिएक्शन एक्ट्रेस के वीडियो पर नेटिजेंस ने दिए हैं। इस बीच, उर्वशी के काम के बारे में बात करें तो कुछ महीने पहले उन्होंने 'बिग बॉस ओटीटी-2' के विजेता एल्विश यादव के साथ एक म्यूजिक वीडियो शूट था। उस गाने का नाम 'हम तो दीवाने हैं' और इस गाने में हमें दोनों के बीच अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली थी। यह गाना खूब वायरल हुआ। इस गाने के बाद उर्वशी पर विवाद शुरू हो गया। एक्ट्रेस का नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर के साथ जुड़ने लगा। उन्हें कई बार ट्रोल किया गया।

**उर्वशी रौतेला ने मां के बर्थडे पर किया जबरदस्त डांस, वीडियो वायरल**



## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(4 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **शुभ मुहूर्तः** अभीजित 12:05 -12:46 दोपहर तक, **तिथि :** अष्टमी 10:07 रात्रि तक, **नक्षत्र :** हस्त 05:34 दोपहर बाद, **पक्ष :** कृष्ण, **राहुकाल :** 01:43-03:01 दोपहर तक।

### व्रत त्योहार

04 जनवरी 2024 : कालाष्टमी आज।

सूर्योदय : 07:14
सूर्यास्त : 05:37

**मेष :** आज आप कुछ अधिक ही संवेदनशील बनेंगे। खान-पान की बुरी आदतों पर कंट्रोल करें। आज के दिन शारीरिक सुख अच्छा रहेगा। अपनी कोशिशों को सही दिशा दें।

**वृषभ :** आज किस्मत के भरोसे बिलकुल न रहें। दिन सेहत के मामले में उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। प्रेम-प्रसंग के मोर्चे पर संतोषजनक बना रहेगा। कोई नजदीकी कहीं घूमने जाने के लिए कह सकता है।

**मिथुन :** आज परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। ज्यादा आत्मविश्वास घातक हो सकता है। प्यार का इजहार करना है तो सफलता मिलने की संभावना है।

**कर्क :** आज आप अपने विचार और ऊर्जा को उन कामों में लगाएं, जिनसे आपके सपने हकीकत का रूप ले सकते हैं। क्रोध में किसी के साथ उग्र चर्चा न हो जाए इसका ध्यान रखें। किसी के साथ जरूरत से जल्दी दोस्ती करने से बचें।

**सिंहः** आज के दिन आप कोई नया काम शुरू कर सकते हैं, सफलता प्राप्त होगी। एक ही दिशा में की गई मेहनत से बेहतर परिणाम मिल सकेंगे। आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने की संभावना हैं।

**कन्या :** आज घरेलू परेशानियां तनाव दे सकती हैं। तंग आर्थिक हालात के चलते कोई अहम काम बीच में अटक सकता है। सामाजिक समारोह में शामिल होने में आपको मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला :** आज आपका वर्चस्ववादी स्वभाव आलोचना की वजह बन सकता है। भाई-बंधुओं के साथ प्रेम-बढ़ेगा। कार्य सफलता से आपका उत्साह बढ़ेगा। मित्र आपके पक्ष में खड़े रहकर आपकी मदद करते नजर आएंगे।

**वृष्चिकः** आज सुबह के समय आपका मन क्रोधित रहेगा। व्यर्थ धन का व्यय होगा। यदि कोई गुमराह हो रहा है, तो आप उस पर नजर रख सकते हैं, लेकिन ऐसा आपको छुपकर करना होगा।

**धनुः** बाहरी लोगों के हस्तक्षेप के बावजूद आपको जीवनसाथी के द्वारा हर संभव तरीके से सामर्थ मिलेगा। व्यापार अच्छा लाभ देगा। नौकरी में अधिकारी खुश रहेंगे। कृषि ठीक-ठीक रहेगी व लाभ मिलेगा।

**मकर :** आज शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। कोई रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा। आज का दिन आपके लिए बहुत खास है। बौद्धिक चर्चा से दूर रहें। आज पैसों से संबंधित कोई बड़ा फैसला न लें।

**कुंभ :** आज आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें। घर में शांति बनी रहेगी। भावनात्मक तनाव से गुजरना पड़ सकता है। संपत्ति को लेकर विवाद खड़े हो सकते हैं।

**मीन :** आज आपके काम करने की कला और चरित्र से लोग प्रभावित होंगे। आज नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें।

## राहत | भारतीय मूल के एमआईटी इंजीनियर ने विकसित किया है यह कैप्सूल

# मोटापा घटाने के लिए तैयार किया 'वाइब्रेटिंग कैप्सूल'

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

मोटापे से राहत के लिए मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के एक भारतीय मूल के इंजीनियर ने एक नया 'वाइब्रेटिंग कैप्सूल' विकसित किया है। यह कैप्सूल मस्तिष्क को यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि अब खाना बंद करने का समय आ गया है और यह इस तरह मोटापे से राहत दिला सकता है।

निगलने योग्य कैप्सूल पेट के भीतर कंपन पैदा करता है, जो उन्हीं स्ट्रेच रिसेप्टर्स को सक्रिय करता है जो पेट के फूलने पर पेट भरे होने का एक भ्रामक एहसास पैदा करते हैं। जिन जानवरों को खाने से 20 मिनट पहले यह कैप्सूल दिया गया, उनमें शोधकर्ताओं ने पाया कि इस उपचार



**मस्तिष्क को यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि अब खाना बंद करने का समय आ गया है**

से न केवल तृप्ति का संकेत देने वाले हार्मोन का स्राव उत्तेजित हुआ, बल्कि जानवरों के भोजन का सेवन भी लगभग 40 प्रतिशत कम हो गया। एमआईटी की पूर्व स्नातक छात्रा और पोस्टडॉक छात्रा, मुख्य लेखिका श्रिया श्रीनिवासन ने कहा, 'जो लोग अपना वजन कम करना चाहते हैं या अपनी भूख को नियंत्रित करना चाहते हैं, वो इसे हर बार खाने से पहले ले सकते हैं।' हार्वर्ड विश्वविद्यालय में बायोइंजीनियरिंग की सहायक प्रोफेसर श्रीनिवासन ने कहा कि यह वास्तव में दिलचस्प हो सकता है, क्योंकि यह एक विकल्प प्रदान करेगा जो उन दुष्प्रभावों को कम कर सकता है जो हम अन्य औषधीय उपचारों के साथ देखते हैं।' साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित पेपर में, श्रीनिवासन ने बताया कि जब पेट फूल जाता है, तो मैकेनोरिसेप्टर नामक विशेष कोशिकाएं खिंचाव को महसूस करती हैं और वेगस तंत्रिका के माध्यम से मस्तिष्क को संकेत भेजती हैं। परिणामस्वरूप, मस्तिष्क इंसुलिन के साथ-साथ सी-पेप्टाइड, पाय और जीएलपी-1 जैसे हार्मोन के उत्पादन को उत्तेजित करता है।

ये सभी हार्मोन लोगों को अपना भोजन पचाने, पेट भरा हुआ इस कैप्सूल ने न केवल जानवरों की भूख को 40 प्रतिशत तक कम कर दिया, बल्कि इससे जानवरों को धीरे-धीरे वजन बढ़ाने में भी मदद मिली, जब उन्हें वाइब्रेटिंग कैप्सूल से इलाज किया गया था।

अध्ययन में यह भी पाया गया कि जब गोली उनके पाचन तंत्र में थी तब जानवरों में रुकावट, वेध या अन्य नकारात्मक प्रभाव का कोई लक्षण नहीं दिखा।

## पाकिस्तान में आतंकियों के निशाने पर मौलाना असद महमूद, पुलिस ने चेताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पुलिस ने आशंका जताई है कि जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान के बेटे और पूर्व संघीय मंत्री मौलाना असद महमूद को आतंकवादी कभी भी निशाना बना सकते हैं। पुलिस ने उन्हें एहतियात बरतने की सलाह दी है।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, डेरा इस्माइल खान सदर सर्कल के उप विभागीय पुलिस अधिकारी डीआई खान और सलीम खान के मुताबिक यात्रा के दौरान या उनके आवास पर आतंकवादी उन्हें निशाना बना सकते हैं। उन्हें अनावश्यक यात्रा और सभा में शामिल होने से बचने के साथ अपनी गतिविधियों को गुप्त रखने की सलाह दी गई है। इन अधिकारियों ने कहा है कि मौलाना असद को अपनी सुरक्षा और कड़ी करनी चाहिए।